

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 34 | रांची, सोमवार, 13 जनवरी 2025 (पौष शुक्ल पूर्णिमा, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## महाकुंभ का पहला स्नान आज, श्रद्धालु लगाएंगे संगम में डुबकी

एजेंसियां

**प्रयागराज।** सोमवार से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत हो रही है। यह हिंदू धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। महाकुंभ का आयोजन हर 12 वर्षों बाद किया जाता है। इस महापर्व में देश-विदेश से लाखों-करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होने के लिए आते हैं। इसके साथ ही प्रयागराज के महाकुंभ में साधु-संतों का भी जमावड़ा लगता है। इस मेले में साधु-संतों का स्वागत बेहद भव्य तरीके से किया जाता है। इस दौरान संगम में स्नान-दान का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संगम में डुबकी लगाने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि त्रिवेणी संगम में स्नान करने से सारे पाप खत्म हो जाते हैं और आत्मा शुद्ध हो जाती है। वहीं, महाकुंभ में विशेष पूजा-अर्चना, यज्ञ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं महाकुंभ के पहले दिन स्नान के लिए सबसे शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा।



**स्नान-दान का शुभ मुहूर्त :** पौष पूर्णिमा यानी 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ का आगाज होने जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाकुंभ पर शुभ मुहूर्त में स्नान-दान करने से आपको महापुण्य की प्राप्ति हो सकती है। इस दिन आप अभिजीत मुहूर्त में भी स्नान कर सकते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस दिन स्नान के लिए 13 जनवरी को सुबह 5 बजकर 27 मिनट से लेकर सुबह 6 बजकर 21 मिनट तक का समय सबसे शुभ माना गया है। ज्योतिष की मानें तो पूर्णिमा तिथि पर दान आप किसी भी समय कर सकते हैं। इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 9 मिनट से 12 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 27 मिनट से लेकर 6 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 15 मिनट से लेकर 2 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त- शाम 5 बजकर 42 से लेकर 6 बजकर 09 तक रहेगा और निशिता मुहूर्त रात 12 बजकर 03 से लेकर 12 बजकर 57 तक रहेगा।

**स्नान के नियम :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करना बहुत पुण्य का काम माना जाता है। लेकिन इस दौरान कुछ खास नियमों का पालन करना चाहिए। मान्यता है कि इन नियमों का पालन करने से सारी मनोकामना पूरी होती है। संगम में स्नान के दौरान भक्त साबुन या शैंपू का इस्तेमाल न करें, क्योंकि माना जाता है कि ऐसा करने से पवित्र जल अशुद्ध होता है। इसके साथ ही श्रद्धा और मन की शुद्धता के साथ स्नान करें और नकारात्मक विचारों को दूर रखना चाहिए। स्नान करने से पहले सूर्यदेव को हाथ जोड़कर प्रणाम करें और डुबकी लगाने के दौरान भी भगवान का ध्यान करें।

**यहां जरूर करें दर्शन :** महाकुंभ के दौरान स्नान-दान के बाद बड़े हनुमान मंदिर और नागवासुकि मंदिर के दर्शन करना जरूरी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इन मंदिरों के दर्शन के बिना महाकुंभ की यात्रा अधूरी रहती है।

### 144 साल बाद बन रहा ये शुभ संयोग

इस बार का महाकुंभ बहुत खास है क्योंकि ज्योतिष की मानें तो 144 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है। समुद्र मंथन के समय सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति की जो स्थिति थी, वही इस बार भी बन रही है। इसके साथ ही इस बार रवि योग और भद्रावास योग भी बन रहे हैं। इन योगों में पूजा-पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है।



### दुमका: जज का मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**दुमका।** जरमुंडी थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन्होंने 1 जनवरी 2025 को राजस्थान के न्यायाधीश का पूजा करने के दौरान मोबाइल चोरी की थी। जिसकी शिकायत पर दुमका पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। जरमुंडी थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने बताया कि 1 जनवरी 2025 को बासुकीनाथ धाम मंदिर में भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के सहित अन्य कई श्रद्धालुओं का मोबाइल चोरी की थी। शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त खबरें

#### बीजेपी की तीसरी लिस्ट जारी, मोहन सिंह बिष्ट मुस्तफाबाद से प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने तीसरी लिस्ट जारी कर दिया है। पार्टी ने मोहन सिंह बिष्ट को बनाया मुस्तफाबाद से प्रत्याशी बनाया है। रविवार की रात बीजेपी ने अपनी तीसरी लिस्ट जारी की है। इससे पहले पार्टी ने अपनी पहली और दूसरी लिस्ट में 29-29 प्रत्याशियों के नामों का एलान किया था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। मतदान 5 फरवरी को होगा, वहीं वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी।

#### ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री जयशंकर होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है। निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका जाएंगे। 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठक करेंगे।



#### खनौरी बॉर्डर पर 10 महीने से प्रदर्शन कर रहे किसान की मौत

**पंजाब।** पंजाब के किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले साल फरवरी से पंजाब और हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। किसानों के इस प्रदर्शन में शामिल दस महीने से डटे एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई है। उनकी उम्र 80 वर्ष बताई जा रही है। शेष पेज 08 पर

भारत मंडपम में विवेकानंद की जयंती पर आज का विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग-2025 का आयोजन

## आज के युवा भारत को बनाएंगे विकसित राष्ट्र : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर युवाओं के लिए खास संदेश दिया है। भारत मंडपम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज का विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरा देश स्वामी विवेकानन्द जी को याद कर रहा है, उन्हें नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद को देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था। स्वामी जी कहा करते थे कि उन्हें युवा पीढ़ी पर विश्वास था, नई पीढ़ी पर विश्वास था। स्वामी जी कहते थे कि उनके कार्यकर्ता युवा पीढ़ी से आएंगेजैसे विवेकानन्द जी को आप पर विश्वास था, मुझे विवेकानन्द जी पर विश्वास है। उन्होंने जो कुछ भी सोचा और कहा है भारत के युवाओं पर मेरा अंधविश्वास है। शेष पेज 08 पर



### राज्यपाल गंगवार व सीएम हेमंत ने भी स्वामी जी को किया नमन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि सभी देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही कहा है कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श हमें सिखाते हैं कि हर युवा के भीतर बदलाव लाने की शक्ति है। आइए, इस दिन पर हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और एक समृद्ध, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### पीएम जम्मू-कश्मीर में आज करेंगे जेड मोड़ टनल का उद्घाटन

**जम्मू-कश्मीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार (13 जनवरी 2025) को गांदरबल से लेह तक सुगम यात्रा की सौगात देंगे। सुबह 10 बजे सोनमर्ग से पहले शुटकड़ी नामक स्थान पर प्रधानमंत्री जेड मोड़ टनल का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर वहां पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इसके बनने से जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने में मदद मिलेगी। टनल 6.5 किलोमीटर लंबी है।



□ देशवासियों को मिलेगी गांदरबल से लेह तक सुगम यात्रा की सौगात

सुरंग के उद्घाटन से पहले गांदरबल जिले समेत पूरी घाटी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। टनल को स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स (एसपीजी) के साथ पीएम की सुरक्षा टीम ने सुरक्षा घेरे में ले लिया है। कार्यक्रम स्थल को आम लोगों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। जगह-जगह शार्प शूटर तैनात किए गए हैं। शेष पेज 08 पर

### धनबाद : कार्मेल स्कूल की छात्राओं की शर्ट उतरवाने के मामले में झालसा ने लिया संज्ञान, प्रिंसिपल का ऑफिस सील



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह में पेन डे मनाने पर दसवीं की छात्राओं से कथित रूप से शर्ट उतरवाने का मामला गहरा गया है। झारखंड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच का निर्देश दिया है। स्कूल की प्राचार्य का कमरा सील कर दिया है। वहीं सीडब्ल्यूसी ने भी मामले का संज्ञान लिया है। चेयरमैन उत्तम मुखर्जी के नेतृत्व में टीम सोमवार को स्कूल जाकर जांच करेगी। डीएसई से भी सीडब्ल्यूसी ने जांच रिपोर्ट तलब की है। झालसा के निर्देश के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी ने मामले की जांच के लिए डालसा (डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी) की आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है। शेष पेज 08 पर

**घटना से भड़का आक्रोश**

घटना पर सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, अभिभावक तथा सामाजिक संस्थाओं ने स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग शुरू कर दी है। धनबाद सांसद ढुलू महतो ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिख कर कार्रवाई का अनुरोध किया है। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सीएम हेमंत सोरेन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को मामले की जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की है। झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज से मुख्यमंत्री को ट्वीट कर मामले में संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। एक अधिवक्ता ने प्राचार्य को प्लीडर नोटिस भेजा है।

## बीजापुर में दो महिला समेत पांच नक्सली ढेर

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों ने दो महिलाओं समेत पांच नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि रविवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए। वहीं जांगला थाना क्षेत्र के जैगुर में आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए।

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि मद्देड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड गांवों के जंगल में सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिलने के बाद जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला बल के जवानों ने शनिवार को अभियान शुरू किया।



**दोपहर 3-4 बजे तक रुक-रुक कर होती रही गोलीबारी :** आईजी ने कहा, दोपहर 3-4 बजे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। घटनास्थल से 'वर्दी' पहने दो महिलाओं समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए। हमने एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), एक 12 बोर राइफल, दो सिंगल शॉट राइफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल), एक मज़ल लोडिंग गन और विस्फोटकों का जखीरा जब्त किया। शेष पेज 08 पर

### खूंखार नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे गिरफ्तार

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। खूंखार नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजे कांगे पर 8 लाख रुपये का इनाम था और वह डीवीसीएम रैंक की नक्सली थी। पुलिस ने राजे कांगे को कौड़ोसाल्हेभाट गांव से गिरफ्तार किया, जहां वह एक ग्रामीण के घर में छुपी हुई थी।



### रांची: हथियार संग टीएसपीसी का एरिया कमांडर समेत दो गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बुढ़मू।** राजधानी रांची में स्प्लिंटर ग्रुप के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। इस कड़ी में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर सुनील मुंडा समेत दो को गिरफ्तार किया गया है। सुनील मुंडा उर्फ भरतजी हाल के दिनों में रांची के ग्रामीण इलाके में आतंक का पर्याय बना हुआ था। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से कई हथियार भी बरामद किए गए हैं।



**बुढ़मू से हुई गिरफ्तारी :** रांची के बुढ़मू, खलारी, ठाकुरगांव और मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्रों में काम करने वाले कारोबारियों के लिए दहशत का पर्याय बने टीएसपीसी के एरिया कमांडर भरतजी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेष पेज 08 पर

### चाईबासा के जंगल से सुरक्षाबलों ने तीर से लैस छह आईईडी किया बरामद

**चाईबासा।** चाईबासा के टोन्टो थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान तीर से लैस छह आईईडी बरामद किया है। सभी आईईडी को बम निरोधक दस्ता की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच में जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने छह तीर में आईईडी लगा रखे थे। शेष पेज 08 पर

## रांची में महिला हॉकी लीग का हुआ रंगारंग आगाज

### शानदार आतिशबाजी ने लोगों का जीता दिल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित हॉकी स्टेडियम में रविवार को महिला हॉकी लीग का रंगारंग आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में जबरदस्त आतिशबाजी की गई। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने देश विदेश से आए खिलाड़ियों का स्वागत किया।

**शानदार आगाज :** राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान स्थित हॉकी स्टेडियम में हॉकी इंडिया लीग का आगाज हो चुका है। उद्घाटन समारोह के दौरान स्टेडियम में की गई आतिशबाजी ने लोगों का दिल जीत लिया। आतिशबाजी देखकर लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन थीं। कल्पना सोरेन के मैदान में आते ही हर तरफ उनके नाम का ही शोर होने लगा। कल्पना सोरेन ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में यह पहली बार हो रहा है, जब देश और विदेश के खिलाड़ियों की महिला हॉकी टीम हॉकी लीग में भाग ले रही हैं। यह मौका झारखंड को मिला है और झारखंड की बेटियां हॉकी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि, झारखंड के खेल जगत में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

**झारखंड की संस्कृति की दिखी झलक :** उद्घाटन समारोह को लेकर पूरा हॉकी स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। उद्घाटन समारोह में लोगों को बेहतरीन आतिशबाजी का मुजायरा देखने को तो मिला ही, साथ ही साथ झारखंड की सांस्कृतिक विरासत की झलक भी उद्घाटन समारोह में लोगों को देखने को मिला। झारखंड के पारंपरिक नृत्यों का कलाकारों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। शेष पेज 08 पर

### विधायक कल्पना सोरेन ने किया उद्घाटन, कहा- झारखंड के खेल जगत में जुड़ेगा अब नया अध्याय



### दिल्ली और ओडिशा के बीच पहला मुकाबला

हॉकी इंडिया लीग का पहला मैच खेला जा रहा है। जिसमें पहले मुकाबले में दिल्ली और ओडिशा की टीम में आपस में भिड़ी, जिसमें ओडिशा ने 4-0 से जीत हासिल की। चूंकि मुकाबला देखने के लिए कोई टिकट नहीं है ऐसे में झारखंड के हॉकी प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी है।



### आईपीएल 2025 सीजन की तारीख का एलान: 21 मार्च को होगा आगाज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। टूर्नामेंट किस तारीख से शुरू होने वाला है, इसका पता चल गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार (12 जनवरी) को इस बात का खुलासा किया है। शेष पेज 08 पर

### झारखंड सीजीएल परीक्षा का सच अब जल्द आएगा सामने

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के पास जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के अनियमितता से जुड़े एविडेंस मिलने लगे हैं। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से आम लोगों से एविडेंस देने के लिए एडवर्टाइजमेंट दिया गया था। जिसके बाद लगातार लोगों की इससे जुड़ी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

**डीजीपी खुद जांच की कर रहे मॉनिटरिंग :** डीजीपी अनुराग गुप्ता इस जांच की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पिछले पांच दिनों में सीसीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कई शिकायतें भी सीआईडी को मिली। ये सभी शिकायतें वॉट्सऐप चैट, फोटोग्राम और वीडियो रिकॉर्डिंग समेत अन्य रूप में है। इन सारे सबूतों की गहनता से जांच चल रही है।

पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग!




**सीआईडी की ओर से दो मामलों की जांच :** डीजीपी ने बताया कि पुलिस से संपर्क करने के ईमेल, फोन नंबर और फिजिकली आकर अनियमितता से जुड़ी जानकारियां दी जा रही हैं। शेष पेज 08 पर

# राहुल का शव लेने नहीं पहुंचा परिवार, मामा ने भी किया इंकार

▸ मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीन डॉक्टरों की टीम ने शव का किया पोस्टमार्टम

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** तीन जिलों का मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक जब पुलिस के साथ मुठभेड़ कर रहा था, तो झाड़ियों में छुप गया था।
लगभग 48 से अधिक गोलियां दोनों तरफ से चली। राहुल तुरी की मौत तब हुई जब पुलिस की गोली उसके गले में लगी और सिर से पार हो गई। उसे एक और गोली पैर में भी लगी थी। इन सब का खुलासा रविवार को तब हुआ जब मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में तीन डॉक्टरों की टीम ने उसके शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने भी पूरी निगाह रखी थी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि राहुल तुरी की मौत हो गई, लेकिन उसका साथी आकाश करमाली गिरफ्तार कर लिया गया था।
शनिवार की देर रात तक कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा बस्ती में सुनसान इलाके में भी छापेमारी चल रही थी। लेकिन अंधेरा होने की वजह से पुलिस को सर्च अभियान रोकना पड़ा। रविवार की सुबह से ही आकाश करमाली की निशानदेही पर एक बार फिर सर्च अभियान शुरू हुआ। हजारीबाग और रामगढ़ जिले के जिन स्थानों पर वह रुका था और जिन-जिन स्थानों पर हथियार छुपा कर रखा था उसकी जानकारी उसने दी है। फिलहाल मुठभेड़ के स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर 7.62 एमएम का पिस्टल और मैगजीन से जिंदा गोली बरामद की गई है। साथ ही राहुल तुरी के हथियार से चली गोली के खोखे बरामद किए गए हैं। हजारीबाग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में भी सर्च अभियान चल रहा है, लेकिन अभी तक वहां कोई सफलता हासिल नहीं हुई है।

## पोस्टमार्टम कराने नहीं पहुंचा भाई



**रामगढ़।** मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक के एनकाउंटर में मौत के बाद परिवार वालों ने उससे अपनी दूरी बना ली। राहुल के मामा गणेश तुरी भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के कुर्से गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने सबसे पहले अपना पल्ला झाड़ा है। उन्होंने कहा कि भांजे राहुल से उसका कोई लेना देना नहीं है। ना ही उनकी बहन संगीता देवी और उनके बच्चों से उनका कोई लेना देना है। पुलिस जब उन्हें पोस्टमार्टम हाउस के पास बुलाई तो वे वहां पहुंचे और राहुल के परिवार वालों से अपना नाता तोड़ने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि वह ना तो राहुल तुरी का शव स्वीकार करेंगे और ना ही वह उसके अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।
कहते हैं बेटा कितना बड़ा भी अपराधी हो, मां की ममता कम नहीं होती। बेटे की मौत की सूचना पाकर राहुल की मां संगीता देवी अपनी बहन के साथ रामगढ़ पहुंची। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमीन पर बैठकर बिलखना शुरू किया। लेकिन उनका साथ देने वाला कोई नहीं था। मूल रूप से बालूमाथ की रहने वाली संगीता देवी वर्तमान में रांची जिले के खलारी क्षेत्र में रहती हैं। दूसरे के घरों में झाड़ू, पोछा और बर्तन धोकर वह अपना पेट पाल रही हैं। लेकिन जब बेटे की मौत की खबर उनके कानों में पहुंची, वह सब छोड़कर यहां आ गई। लेकिन उनके सामने एक बड़ी विडंबना यह थी कि उनके बेटे के अंतिम संस्कार में कोई भी शामिल होने को तैयार नहीं था। यहां तक की उनके गांव समाज के लोगों ने पहले ही उनका बहिष्कार कर रखा था। बिलखती हुई मां ने कहा कि बाप बेटे ने मिलकर पूरा परिवार बर्बाद कर दिया है। उनके तीन बच्चों की जिंदगी नर्क बन गई थी। राहुल तो चला गया, शेष दो बच्चों की जिंदगी अब पहाड़ की तरह ही कटेगी।

## संक्षिप्त

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप का हुआ उद्घाटन



**रामगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में रामगढ़ में मनाया गया। इस मौके पर इनडोर स्टेडियम में झारखंड युवा के बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन एसपी अजय कुमार ने रविवार की शाम किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। पूरी दुनिया उनकी सैद्धांतिक ताकतों की मुरीद है। रामगढ़ में युवाओं ने किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा दिखाई है। आज की युवा पीढ़ी हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ खेल और स्पोर्ट्स की दुनिया में एक बड़ा नाम स्थापित किया है। इस तरह के आयोजन से युवाओं को मार्गदर्शन मिलता है और वह अपना लक्ष्य हासिल करते हैं। इंटरनेशनल बॉक्सर प्रवीण कुमार के जरिये आयोजित कार्यक्रम काफी अच्छा रहा। विजय रहने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का सफल समापन

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के गोरियारीबाग स्थित 'द टेम्पल ऑफ वॉरियर्स' में रविवार को कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का समापन हुआ। यह कार्यक्रम शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया और रामगढ़ ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में संचालन आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके शारीरिक एवं मानसिक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम में 150 कराटेकारों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों की मुख्य प्रशिक्षक मानस सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 8वीं डैन) ने ली, जिन्हें तकनीकी सहयोग शिहान नरेंद्र सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 7वीं डैन) ने प्रदान किया। आयोजन का समग्र संचालन और मार्गदर्शन शिहान शशि पांडेय (ब्लैक बेल्ट 6वीं डैन) के जरिये किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## वाहन ने महिला के पैर को कुचला घायल महिला की स्थिति नाजुक



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** थाना क्षेत्र के सियार टोली गांव के निकट इटकी - लोयो सड़क पर करीब शाम के सात बजे सड़क दुर्घटना में 52 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। अज्ञात वाहन ने महिला के बायां पैर को बुरी तरह कुचल कर भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और ग्रामीणों के मदद से घायल महिला को इलाज के लिए रिम्स पहुंचाया गया। ग्रामीणों के अनुसार स्टेडिय के निकट उक्त महिला सड़क के बिचोबीच घायल अवस्था में पड़ी कराह रही थी। इसी दौरान राहगिरों का नजर घायल महिला पर पड़ी। सूचना पर सियार टोली के लोग जुटे और पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना स्थल पर एंबुलेंस भी पहुंचा किन्तु ऐंबुलेंस चालक ने बिना परिजन के घायल को अस्पताल ले जाने पर मना कर दिया। महिला की बिगड़ती हालत को देख समाज सेवी अनुपम कुमार सहित अन्य युवकों ने महिला को लेकर रिम्स पहुंचाया । जहां अधिक खुन बहने के कारण महिला की स्थिति नाजूक बनी हुई है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया घायल महिला मांडर थाना क्षेत्र के सकरपदा गांव की निवासी है। महिला का अचेत अवस्था के कारण समाचार लिखे जाने तक नाम पता नही चल सका।

## श्री श्याम मंदिर पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे। यहां उन्होंने श्री बाबा के दरबार में मत्थाटेक कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। मंदिर के निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने मंदिर का निरीक्षण कर ट्रस्ट के पदाधिकारी को भरोसा दिलाया कि मंदिर के लिए जो भी सहयोग यथासंभव जो भी होगा पूरा कराया जाएगा। इस दौरान श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया।

# कमड़े से अवैध नकली शराब के साथ एक गिरफ्तार

▸ चार वाहन भी किये गये जब्त

▸ रैपर, खाली बोतलें, कैप मिले

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रातू (रांची)।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के कमड़े सूर्या नगर में रविवार की सुबह 3 बजे गुप्त सूचना के आधार पर ईश्वर साहू के घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध नकली अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है।
खेप में प्रयुक्त 4 वाहन के साथ 26 वर्षीय हेमराज साहू उर्फ डब्लू भी गिरफ्तार किया गया है। इसे बिहार समेत दूसरे राज्यों में भेजने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी बरगड़ा, कटकमसांडी, हजारीबाग निवासी रवि साहू का पुत्र है। वह फिलहाल झिरी स्थित रवि स्टील चौक के एक मकान में किरायेदार है। यह जानकारी ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्त्ता में दी। मामले को लेकर रातू थाने में कांड संख्या 17/25 दर्ज की गयी है। इसमें संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।



### छापेमारी दल में थे शामिल

पुलिस निरीक्षक सह थानेदार आरएन सिंह, अवर निरीक्षक नवीन शर्मा, छोटु कुमार, संतोष कुमार यादव, अनुरंजन कुमार, अनुप कुमार, सहायक अवर निरीक्षक उज्जवल कुमार सिंह, शशिकांत दुबे व सशस्त्र बल के जवान आदि।

### बरामद सामान व शराब पेटी

उन्होंने बताया कि ब्लैक डायमंड विस्की 935,एमसी डोवेल्स विस्की 718, रॉयल विस्की 375 एमएल 155, 8 पीएम विस्की 375 व 180 एमएल 225, स्टर्लिंग विस्की 375 एमएल 140, विल्ड मैन विस्की 750 एमएल 130, रॉयल स्टेज विस्की 375 व 180 एमएल 353 बोतलें, 13 बंडल रैपर, बारकोड, स्टिकर, आल्टो कार जेएच 02 एपी 0486, पियागो ऑटो जेएच 01 बीपी 2983 व जेएच 01 ईयू 5591, एक्टिवा कंपनी की स्कुटी जेएच 01 सीजी 2716, खाली बोतल 15 बोतल और 8 बैग में रखे बोतल कैप आदि।

# स्वास्थ्य शिविर में 98 लोगों ने अपनी आंखों की कराई जांच

## स्वामी विवेकानन्द जी को समर्पित रहा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरः प्रदीप रवि

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** स्वामी विवेकानन्द जन्मजयंती पर रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर समाजसेवी संस्था ट्राइब्स रिइंफोर्समेंट एंड सोशल अंबर ट्रस्ट की ओर से वार्ड संख्या-38 जगन्नाथपुर धुर्वा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।
ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप रवि ने कहा कि संस्था का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर हर जरूरतमंद को शिविर का लाभ दिलाते हुए सभी को स्वस्थ रखना है। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। आज का निशुल्क जांच शिविर को स्वामी विवेकानन्द जी को समर्पित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 98 लोगों ने अपनी आंखों की जांच के अलावा शिविर की अन्य सुविधाओं का लाभ लिया। समाजसेवी संस्था ट्राइब्स रिइंफोर्समेंट एंड सोशल अंबर ट्रस्ट (ट्रस्ट) के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य सहयोग सेम्फोर्ड अस्पताल कोकर से आए दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, तैयब, ओम जी सहित नर्स बहनों का रहा।निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ट्रस्ट संस्था के सचिव राकेश कुमार रवि, सुमन टोप्पो, अंजली सिंह, शीला तिर्की, दीपिका श्रीवास्त, विनय दास, बिन्दु कच्छप,इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।





## सिल्ली क्षेत्र में हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत



**सिल्ली।** सिल्ली में तीस हाथियों का दल रविवार को सबेरे ही चातम बाड़ी व सारजमडीह के बीच बोरनाटांड़ गांव के निकट आ धमका। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शनिवार को ही गोडाडीह की एक महिला को हाथियों ने घायल कर दिया था। उसके बाद से ही लोग डरे हुए है। हाथियों के आने की सूचना के बाद वन विभाग के हाथी भगाओ दल हाथियों को खदेड़ने में जुट गए। वन विभाग के गौतम बोस ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद सभी हाथियों को जंगलों के रास्ते होकर कोरम्बे होते हुए गोला क्षेत्र के जंगलों में प्रवेश करा दिया गया है।इसके बाद से लोगों ने राहत की सांस ली है। इधर, लोटा क्षेत्र के ग्रामीणों ने रविवार की शाम बताया है कि कुछ हाथी लोटा बुरू के जंगलों में शरण लिए हुए है। इसलिए इस इलाके के समीपवर्ती गांव में अब भी डर का माहौल है। लोटा क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों से सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

## झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन आज



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उदघाटन 13 जनवरी 2025 को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और स्थानीय विधायक ममता देवी के कर कमलों से संपन्न होगा। यह विद्यालय क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।उदघाटन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रामगढ़ जिला उपायुक्त चंदन कुमार ने विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उदघाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया और समारोह को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

## राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में पूजा का आयोजन



**रामगढ़।** रविवार को राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के मंदिर परिसर में विद्यालय का 25 वां स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के शुभ अवसर पर पूजा एवं हवन का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी तथा स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह ने 25 वें स्थापना दिवस पूरे होने पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक के. एन. सिंह ,समस्त शिक्षकवृंद एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान योजना के 12,398 लाभुकों को मिला लाभ

**इटकी।** प्रखंड में मईया सम्मान योजना के लगभग 12,398 महिला लाभुकों के खाते में दिसम्बर माह की किस्त का राशि को ऑन लाईन ट्रांसफर किया गया है। सरकार प्रत्येक महिलाओं के खाते में 2,500 के दर से 3,099,5000 करोड़ राशि ऑन लाईन भुगतान किया है।प्रखण्ड क्षेत्र के कुल 13,622 लाभुकों ने मईया योजना के लिए ऑन लाईन आवेदन समिट किया था। जिसमें 12,398 लाभुकों का आवेदन स्वीकृत किया गया। जबकि 1224आवेदन पेडिंग पड़ा है। वैसे लाभुकों का आवेदन को पेडिंग में रखा गया है जो आधार कार्ड ,बैंक खाता, राशन कार्ड ,पहचान पत्र जैसे प्रमाण पत्रों का हार्ड कॉपी जमा नही कर सके है। इधर लाभुकों के आवेदन का ऑन लाईन इन्ट्री ( पार्टल ) फिलहाल बंद है। अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार प्रोजेक्ट मेंटेंनेश कार्य के कारण नये लाभुकों का आवेदन ऑन लाईन इंट्री बंद है। जिसके कारण मईया योजना लाभुकों का ऑन लाईन आवेदन का इंट्री नही की जा रही है। अबतक जो लाभुक मईया सम्मान योजना के लाभ से वंचित रह गये है वैसे दर्जणों महिलाओं की भीड़ आय दिन प्रखण्ड मुख्यालय, प्रज्ञा केन्द्रों में आवेदन समिट करने के लिए लग रही है। ऑन लाईन आवेदन का इंट्री नही होने से महिलाऐं परेशान है।

# पुलिस ने 10 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** अफीम की खेती अब तमाड़ क्षेत्र से धीरे धीरे सिल्ली में भी पैर पसारने लगी है। सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव के नेतृत्व में सिल्ली पुलिस ने रविवार को दोपहर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव के निकट राढ़ु नदी के किनारे करीब दस एकड़ जमीन पर लगी अफीम की खेत को नष्ट कर दिया।
पुलिस की टीम पूरे दिन अफीम की खेती को नष्ट करने में जुटी रही। खेती को जुताई कर नष्ट करने के लिए 6 ट्रेक्टर भी लगाए गये थे। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।
जंगल झाड़ी क्षेत्र के अलावे रैयतों के जमीन पर भी अफीम की खेती पाई गई है। जांच के बाद जरूरी करवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि इस नशे के कारोबार को बढ़ावा नहीं दें। पुलिस को इस अभियान में सहयोग करें। इस अभियान में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, एस आई रामदेव कुमार यादव, मुकेश कुशवाहा, विकास कुमार पासवान, उदय कुमार सिंह, एएसआइ बिनोद चौधरी, पुरमल हेमरोम थाना के पुलिस बल एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

## सोनाहातू : दो एकड़ में लगे पोस्ते की खेती नष्ट



**सोनाहातू ।** रांची के एसएसपी और ग्रामीण एसपी के निदेर्शानुसार बुंडू डीएसपी द्वारा गठित टीम में सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में रविवार को थाना क्षेत्र के हेसाडीह पंचायत अंतर्गत बांधडीह गांव के जंगल के बीच दो एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि अवैध खेती और मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिसने पोस्ते की खेती किया है पहचान किया गया है। जल्द करवाई होगी।

## रामगढ़ : प्रकाश महतो ने रेलवे में चयनित होकर अपने क्षेत्र का किया नाम रोशन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सक्रिय सदस्य प्रकाश कुमार महतो, पिता -द्वारिका महतो,गांव चिलगो ने दक्षिण पूर्वी रेलवे में सिग्नल एंड टेलीकॉम पद पर चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रौशन किया है।
पार्टी के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो ,केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने प्रकाश महतो की सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने कहा की यह ईमानदार तथा स्वच्छ छवि का लड़का है ।कहा कि उन्होंने नौकरी के लिए कड़ी मेहनत किया। कहा कि उनकी सफलता तैयारी कर रहे युवाओं को प्रेरित करेगी। बताया कि वह बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं। उन्होने अपनी प्रारंभिक शिक्षा तिस्कोपी हाई स्कूल से और स्नातक तक संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से पूरी की। उनके परिवार में कोई भी शिक्षित पृष्ठभूमि से नहीं है। लेकिन अपने दृढ़ विश्वास और कड़ी मेहनत से उन्होंने सफलता हासिल की ।प्रकाश महतो की सफलता पर रवि कुमार महतो, चंद्रदेव महतो, रमेश कुमार महतो, गणेश महतो, राहुल महतो, भोलानाथ महतो, धनेश्वर महतो ,सुधीर महतो, मनोरंजन पटेल, प्रेमचंद महतो ,प्रयाग करमाली, राजेश महतो, सुखदेव महतो, छोटन टुडू, प्रेम डीजे, महेश महतो, दीपक महतो आदि ने बधाई दी है।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रन फॉर यूथ आयोजित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रामगढ़ में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रविवार को रन फॉर यूथ कार्यक्रम का आयोजन किया।
राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सुभाष चौक से रामगढ़ कॉलेज गेट तक यह दौड़ हुई। इसका उद्देश्य युवाओं को एकजुट करना और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा, प्रेरणा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के पश्चात रामगढ़ कॉलेज गेट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारंभ भारत माता, देवी सरस्वती और युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। रामगढ़ कॉलेज के छात्र अंकित कुमार ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर बना कर भेंट की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि यह आयोजन युवाओं में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करता है। दौड़ के माध्यम से युवाओं में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और युवा शक्ति को नशे से बचाकर सकारात्मक ऊर्जा में बदलना, हमारे राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने युवाओं को विवेकानंद के आदर्श को आत्मसात करने के लिए सभी को प्रेरित किया।
नगर मंत्री नितेश कुमार मोदी ने विवेकानंद की वृतांत यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और सामाजिक जिम्मेदारी को समझाने के लिए अपने सपनों को हासिल कर, समाज में सक्रिय भागीदारी का आधार बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं।
नगर सह मंत्री राहुल रजक ने प्रयागराज में हो रहे पूर्ण महाकुंभ में विद्यार्थी परिषद के जरिये की जा रही सेवा कार्य की जानकारी लोगों के बीच साझा की। संगोष्ठी के पश्चात रामगढ़ कॉलेज गेट का नाम स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर लगाकर स्वामी विवेकानंद द्वार करने की मांग परिषद के कार्यकताओं के जरिये किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर सह मंत्री राहुल रजक, नगर कोश प्रमुख खुशी कुमारी ,नगर संयोजक यशपाल कुमार ,सहसंयोजक निधि कुमारी, रामगढ़ कॉलेज अध्यक्ष प्रीतम प्रजापति ,कॉलेज सह मंत्री अनुष्का भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### भूतपूर्व मुखिया जनार्दन राम तिवारी पंचतत्व में हुए विलीन

**रांची** : कांके क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी ग्राम बुकरू के भूतपूर्व मुखिया रहे जनार्दन राम तिवारी जी का निधन उम्र 93 वर्ष तड़के 11 जनवरी की रात्रि 11 बजे हो गयी। विदित हो इन्होंने अपने जीवनकाल में कई लोगों का मदद किया, कई लोगों को जमीन देकर उन्हें बसाया। अपने मुखिया कार्यकाल में लोगों के लिए निस्वार्थ न्याय किया जिससे आज भी लोग उनका नाम लेते नहीं थकते है। स्व तिवारी अपने पीछे पत्नी, 2 बेटे, 6 बेटियां, तीन दामाद सहित नाती पोता से भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उक्त जानकारी स्व तिवारी जी के दामाद जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी ने दिया।

### रघुवर दास से मिला वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल, झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा शान-ए-वैश्य से सम्मानित रघुवर दास से रांची के धुर्वा स्थित आवास में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मिला और पुनः सक्रिय राजनीति में आने पर उन्हें बधाई दी और नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर वैश्य मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु एवं केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, वहीं रांची महानगर अध्यक्ष कपिल प्रसाद साहु एवं केंद्रीय सदस्य संजय साहु ने बुके देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी एवं महिला मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज शामिल थी।

### मिथिला पंचांग सह कैलेण्डर विमोचन 2025 का हुआ आयोजन

**रांची** : विद्यापति स्मारक समिति, आर.आई.टी. बिल्डिंग, कचहरी चौक द्वारा मिथिला पंचांग सह कैलेण्डर विमोचन 2025 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय श्रीमान प्रमोद पाण्डेयजी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित श्री निर्भय कांत झा शास्त्री द्वारा स्वस्तिवाचन मंत्र और स्वागत गान से हुआ। अमरेन्द्र मोहन झा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें दिलिप झा, सुरेन्द्र मिश्र, पंडित निर्भय कांत झा, संतोष झा, शिवराम मिश्र, रंजीत लाल दास, सतीश झा, रविकांत झा, कृतेश झा आदि उपस्थित थे।

### श्रीवैकुंठोत्सव में सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का हुआ समापन

**रांची** : दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में वैकुंठोत्सव के उपलक्ष्य पर चार दिवसीय श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का सामुहिक अर्चना आज 12 जनवरी रविवार को संपन्न हुआ । यह मुक्तिप्रद वैकुण्ठोत्सव में मंगलकारकों में श्रेष्ठतम तथा अणिमा आदि अष्टसिद्धियों को देनेवाले श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान में लोगों ने श्रद्धा - भक्ति और नेम-निष्ठा से सहभागि हुये । श्रीहरि-विष्णु के नामों जो करोड़ों पातको को नष्ट करनेवाले, सभी तीर्थो का फल देने वाले, पाप नाशक और समस्त जपों तथा यज्ञों का फल देने वाले हैं , इसी प्रभाव के जानकार भक्तों ने अपने-अपने नाम और गोत्र से संकल्प कराया।

# हमारे पूर्व सैनिक आज भी समाज के प्रेरणास्त्रोत : राज्यपाल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उनका योगदान समाज एवं राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। हमारे देश के पूर्व सैनिक सीमाओं की रक्षा के प्रहरी रहे हैं। आज भी वे समाज के प्रेरणास्त्रोत और गौरव हैं। वे रविवार को गुरुनानक स्कूल सभागार में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में आयोजित 'पूर्व सैनिक महासम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि उनका अनुशासन, साहस और समर्पण हमारे लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को बधाई दी कि इसने इन वीर योद्धाओं को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए संगठित किया है। उन्होंने कहा कि सैनिकों का योगदान केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है। 1965, 1971 और कारगिल युद्ध जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और दूरदराज क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान में उनकी भूमिका अद्वितीय है। उनकी सेवाएं हर क्षेत्र में प्रेरणा और शक्ति का प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऱवन रैंक, वन पेंशनऱ जैसी एतिहासिक योजनाओं के कार्यान्वयन न केवल पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को भी दशार्ती है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुशासन और नेतृत्व कौशल शिक्षा, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कार्य समाज को समृद्ध कर सकते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों के बच्चों की शिक्षा, परिवार की सुरक्षा और रोजगार के सम्मानजनक अवसर सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता की बात कही।

राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिक केवल अतीत के रक्षक नहीं हैं, वे हमारे वर्तमान और भविष्य के

**अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का दो दिवसीय 'पूर्व सैनिक महासम्मेलन' आयोजित**



निमार्ता भी हैं। उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है, जो राष्ट्र के प्रति सच्ची सेवा का प्रमाण है। उन्होंने झारखंड में संगठन की प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर से शुरू हुई यह यात्रा राज्य के 11 जिलों में विस्तारित हो चुकी है। यह संगठन न केवल पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा कर रहा है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दे रहा है। सैनिकों की वीरता के पीछे उनके परिवारों के अद्वितीय समर्थन की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके त्याग और धैर्य से पूरा समाज प्रेरणा लेता है। सैनिक परिवार कल्याण न्यास, जिसने शहीदों के परिवारों और आश्रितों की देखभाल का दायित्व उठाया है, सराहनीय है। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों से कहा कि उनका संघर्ष और समर्पण व्यर्थ नहीं जाएगा। पूरा देश उनके साथ खड़ा है और उनके उत्थान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पूर्व सैनिकों में राष्ट्र प्रथम होता है। देश पर जब भी कोई संकट आता है तो पूर्व सैनिक भी सेवा देने को तैयार रहते हैं। यह भावना उनमें कूट-कूट कर भरी रहती है कि राष्ट्र प्रथम है। केंद्र सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं उनके उत्थान के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सैनिकों को मान सम्मान देने के काम किया है। वीर सैनिकों को आदर भाव से सम्मानित किया है। श्री सेठ ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर केंद्र सरकार गंभीर है और जल्दी उन समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा संगठन देश भर में फैला है। इसके माध्यम से पूर्व सैनिकों और वीर मातृ शक्तियों को मदद और सहायता पहुंचा रहे है। देशभर के कॉलेज और विश्वविद्यालय में नए जनरेशन से संपर्क कर उनको भारत की विरासत, धरोहर, संघर्ष की क्षमता और राष्ट्र निर्माण के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिंह ने संगठन की कार्य प्रणालियों पर प्रकाश डाला और झारखंड में संगठन का विस्तार करने की बात कहीं। उन्होंने पूर्व सैनिकों और मात्र शक्तियों की परेशानियां के बारे में भी जानकारी देते हुए उसका समाधान करने की बात कहीं। इस अवसर पर जीओसी 23 माउंटेन डिविजन मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, संगठन के वरीय उपाध्यक्ष 2022 मार्शल एचपी सिंह, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मातृशक्ति संयोजक माया कौल, करनाल पीतांबर झा राजेश पांडे समेत झारखंड राज्य के 10 जिलों से पूर्व सैनिक और मातृशक्ति उपस्थित थी।

## राधा-कृष्ण मंदिर में उमड़ी भीड़, 25000 श्रद्धालुओं ने किया दर्शन



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, पुंदाग संपन्न हुई। बैठक में झारखंड के सबसे बड़ा श्री राधा- कृष्ण मंदिर की की गई भव्य शुभारंभ की विस्तृत समीक्षा की गई। तथा भावी कार्यो एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया।

बैठक मे निर्णय लिया गया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में दर्शन करने हेतु प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे। सड़क एवं नालियां नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ है। प्रशासनिक अधिकारियों, सांसद एवं विधायक से सड़क, नालियां, अति शीघ्र बनवाने एवं स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सेवा धाम मे प्रत्येक रविवार को अन्नपूर्णा सेवा निरंतर जारी रहेगा। तथा मंदिर को सुचारू रूप से चलाने हेतु समुचित व्यवस्था के संबंध में भी पूरी विस्तृत चर्चा की गयी। आज श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे भारी भीड़ उमड़ी 25000 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने आज मंदिर मे भगवान श्री राधा- कृष्ण का दर्शन करने पहुंचे हैं।

उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में- ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, चिरंजी लाल खंडेलवाल, निर्मला छावनिका, संजय सर्राफ, सुनील पोद्दार, पप्पू जालान, सुरेश चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश भगत, प्रभास गोयल, अमित पोद्दार, विष्णु सोनी, सुरेश जिंदल, मनीष सोनी, विद्या देवी अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, संतोष देवी, सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** किसी भी प्रकार की सेवा करने के बाद मिलने वाली खुशी अनमोल होती है। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कही। वे क्लब द्वारा दशम फाल के नजदीक तूंजू गांव में आयोजित सेवा शिविर कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में गांव के लगभग 300 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जोंस की जन्मतिथि 13 जनवरी है। संस्था के दिशा निर्देश पर इस सप्ताह में सेवा का विशेष अभियान चलाया जाता है। इस क्रम में अल्बर्ट एक्का चौक पर जरूरतमंद लोगों को भोजन एवं निरामया अस्पताल कोकर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में मोतियाबिंद के 25 मरीजों का ऑपरेशन भी हुआ।

कार्यक्रम में सचिव सुनिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, पूर्व जिलापाल राजेश गुप्ता पवन, सदस्य लक्ष्मी नारायण गुप्ता, रामकृष्ण जी, बिनोद कुमार सिंह, अजित गुप्ता, संतोष अग्रवाल आदि उपस्थित थे। यह जानकारी क्लब की पीआरओ अनिता झा ने दी।

## हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने का साहित्योदय संकल्प



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय के बैनर तले ऑनलाइन राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने हिन्दी के विकास हेतु साहित्योदय के कार्यों दशार्ते हुए कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु एक व्यापक अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन बिन्दु प्रसाद रिद्धिमा ने किया, जबकि अध्यक्षता सुनीता श्रीवास्तव साबू ने किया। करीब डेढ़ घण्टे तक चले कार्यक्रम में रांची से रश्मि सिंह, पुष्पा पाण्डेय, ऋतुराज वर्षा, नंदिनी प्रणय, सीमा सिन्हा मैत्री, डॉ. आकांक्षा चौधरी, डॉ. विनय कुमार वर्मा जादूगर, धनबाद से डॉ. सुदेश चुघ, छतीसगढ़ से अनिता मंदिलवार, चंडीगढ़ से गणेश दत्त बजाज और जयपुर से डॉ. कंचना सक्सेना ने हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर अपनी कविताओं के माध्यम से गहन चिंतन करते हुए राष्ट्रभाषा बनाने का संकल्प लिया।

## कुशवाहा राजनीतिक मंच ने की बैठक




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : कुशवाहा राजनीतिक मंच की बैठक मंच के संस्थापक अध्यक्ष एंव पूर्व विधायक माननीय प्रो जय प्रकाश वर्मा जी की अध्यक्षता में होटल जेड स्क्वायर मेन रोड, हिनू , रांची के सभागार में हुई। बैठक का संचालन मंच के महामंत्री विजय महतो जी ने किया। बैठक में कुशवाहा समाज को सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से जागरूक करने के साथ-साथ आने वाले दिनों में नगर निकायों के चुनाव में कुशवाहा समाज की मजबूती के साथ भागीदारी हो, नगर निकाय में ज्यादा से ज्यादा कुशवाहा समाज के लोग चुनकर आए इसके लिए मंच भरपूर प्रयास करेगा।

आज से ही कुशवाहा समाज चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, रांची और गोड्डा लोकसभा में अपना प्रत्याशी खड़ा करने की तैयारी शुरू किया ताकि समाज का राजनीतिक और सामाजिक पहचान को उभर कर सामने आ सके। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रो जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि अब झारखंड के कुशवाहाओं को एक होने का समय आ गया है। सामाजिक एकता के बल पर ही कुशवाहा समाज को अपना सांसद और विधायक बनने में कामयाबी मिल सकती है। लक्ष्य तय कर एवं एक होकर सकारात्मक प्रयास हमारी सफलता तय करेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष राजेश महतो ने कहा हम संपूर्ण झारखंड में सशक्त संगठन का निर्माण करेंगे, तब जाकर सांसद और विधायक बन सकेंगे। बैठक को कुमुद कुशवाहा ने संबंधित करते हुए कहा कि कुशवाहा समाज सामाजिक राजनीतिक आर्थिक शैक्षणि क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है इसके लिए आने वाले दिनों में हम कुशवाहा समाज को सशक्त बनाएंगे और अपना हक अधिकार लेकर रहेंगे। महामंत्री विजय महतो ने कहा हम रांची जिला से शुरूआत करेंगे ताकि हम राजधानी में मजबूत हो।

## जेसीआई रांची ने लोगों के चेहरे पर खुशी लाने का किया 'प्रयास'

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई रांची ने पिठोरिया चौक के पास स्थित एक गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर अपना पहला कम्युनिटी प्रोजेक्ट ह्यप्रयासह्ण पूरा किया। कार्यक्रम के दौरान कंबल के साथ-साथ बच्चों के लिए खिलौने, मिठाइयां, चॉकलेट और सभी के लिए खिचड़ी का वितरण किया गया।

जेसीआई रांची के नव-निर्वाचित अध्यक्ष प्रतीक जैन और उनकी टीम ने सामग्रियों का वितरण किया। इस अवसर पर विक्रम चौधरी, अमित अग्रवाल, केशव बजाज, ऋषभ छापरिया, अनीश जैन, समर्थ बजाज, अक्षत अग्रवाल, सृजन हेतमसरिया, अभिषेक जैन, कौशल अग्रवाल, मयंक चौधरी, अभिनव गर्ग, केतुल भाई पटेल, और अभ्युदय मोदी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सौरभ जालान, यश गुप्ता, और रीतेश जैन ने किया।



# तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो...

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्या में आयोजित दो दिवसीय समागम की आज समाप्ति हुई। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा 12 जनवरी को सजाए गए तीसरे और अंतिम दीवान की शुरूआत सुबह 11 बजे हुई। स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा 'खालसा मेरो रूप है...' और 'तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो...' शबद गायन से हुई।

हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने 'राजन के राजा महाराजन के महाराजा...' और 'वाहो वाहो गोबिंद सिंह जी कलगीयां वाले गोबिंद सिंह जी...' शबद गायन कर साथ संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी ने कथा वाचन द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की महिमा पर प्रकाश डाला। साध संगत को उनके परिवार के बलिदान की कथा विस्तार से सुनाई। कहा कि इसी बलिदान के कारण उन्हें सरवंश दानी कहा जाता है।

समागम में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह जी दिल्ली वाले ने 'इन्हीं की कृपा से सजे हम हैं, नहीं मो सो गरीब करोर पड़े हैं...' और 'ओहना के मुख सदा उजले ओहना नु सब जगत करे नमस्कार....' एवं 'मितर प्यारे नु हाल मुरीदां दा कहना....' जैसे कई शबद गायन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल और सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई गुरमन प्रीत सिंह जी

**प्रकाश पर्व पर आयोजित दो दिवसीय समागम का समापन**




एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति दोपहर तीन बजे हुई। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने प्रकाश पर्व के सफल समापन के लिए स्त्री सत्संग सभा द्वारा की जाने वाली सेवा की विशेषकर प्रशंसा की। कहा कि स्त्री सत्संग सभा की सभी सदस्य दिन हो या रात गुरुघर की हर सेवा में तन मन और पूरे सेवा भाव से जुड़ी रहती है। उन्होंने लंगर सेवा, जोड़े की सेवा और लंगर वरताने की सेवा में जुड़े सभी सेवादारों का भी आभार जताया।

मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। आज के कार्यक्रम का गुरु घर के सेवक पवनजीत सिंह खत्री द्वारा यूट्यूब चैनल मेरे साहेब पर सीधा प्रसारण किया गया।

इस मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा साहिब के




बेसमेंट में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 9 महिलाओं समेत 29 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में सदर अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर के आयोजन में सूरज झंडई, करण अरोड़ा, पीयूष मिढ़ा, जयंत मुंजाल, वंश डावरा, इनिश काठपाल, अमन सचदेवा, संदीप पपनेजा, ऋषभ शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

दो दिवसीय समागम की लंगर सेवा में अशोक गेरा, सुरेश मिढ़ा, ललित गखड़, हरीश मिढ़ा, विनोद सुखीजा, मोहन काठपाल, नानक चंद अरोड़ा, राजकुमार सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा और जोड़े की सेवा में बसंत काठपाल, प्रेम मिढ़ा, पुरुषोत्तम सरदाना, गरिमा पपनेजा की विशेष भागीदारी रही।

## संक्षिप्त

### अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**लोहरदगा।** अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया है। निर्देश के बाद कई जिलों में कार्रवाई की जा रही है। इसकी कड़ी में रविवार की रात लोहरदगा पुलिस की बड़ी कारवाई की। जानकारी के मुताबिक रात में बालू ढुलाई के बीच कुटमू मनहों जुरिया रघुटोली समेत जगहो से पुलिस ने पांच टैक्टर को जब?त किया। अवैध बालू खाली कर लौट रहे एक टैक्टर अजय उद्यान पार्क के समीप जब्त किया गया।
जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पूर्व भी तीन ट्रैक्टर को जब्त पुलिस ने जब?त किया था। हालांकि बिना कार्रवाई किए कुछ ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया था। इसका वीडियो भी सामने आया था।

### अनियंत्रित ट्रक पलटा, थाना प्रभारी ने स्वयं मेहनत कर फंसे ड्राइवर को निकाला

**चौपारण** : दनुआ घाटी में रविवार को अनियंत्रित ट्रक पलट गया। जससे उसके चालक ट्रक में ही फंस गया। स्थानीय लोगों के द्वारा चौपारण थाना को सूचना दिया गया, जिसके बाद थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सदलबल घटनास्थल पर पहुंच गये।

### बिहार पुलिस के वारंटी को मुफस्सिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हजारीबाग** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम मेरू से मुफफसिल पुलिस की गश्ती दल के सहयोग से बिहार पुलिस के एक वारंटी को गिरफ्तार कर सुपुर्द किया है। बताया गया है कि बिहार पुलिस द्वारा बुद्धा कॉलोनी थाना कांड संख्या 588/23 के अप्राथमिकी अभियुक्त उत्तरी मंदिरी थाना बुद्ध कॉलोनी निवासी अजय राय उर्फ अजय यादव पिता द्वारिका राय को न्यायालय पटना द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**चरही** : चरही थाना क्षेत्र के चरही –घाटों मार्ग के पिपरा के समीप बीते 11 जनवरी के देर रात्रि लगभग 10बजे को ट्रैक्टर पलटने से कजरी निवासी राजकुमार गंझू (26वर्ष )पिता मधु गंझू की मौत मौके पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार बीते 11 जनवरी के रात्रि को ट्रैक्टर चालक राजकुमार गंझू खाली ट्रैक्टर चला कर पिपरा तरफ जा रहा था उसी दौरान ट्रैक्टर का टायर खेत में उतर जाने से पलट गया, जिससे डाला के नीचे चालक राजकुमार गंझू दब जाने से उसकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर शव को पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दी।

### लातेहार के बाजारों में तिलकुट की महक

**लातेहार** : मकर संक्रांति के नजदीक आते ही लातेहार जिले के बाजार तिल और गुड़ की सौंधी महक से भर गए हैं। तिलकुट और उससे बनी सामग्री की खरीदारी में लोग जोर-शोर से जुट गए हैं। उत्तर भारत में दही-चिउड़ा, गुड़ और तिल का सेवन इस पर्व की एक प्राचीन परंपरा है। इस साल 14 जनवरी को मनाए जाने वाले इस त्यौहार के लिए लातेहार के बाजारों में तिलकुट की दुकानें खूब सज-धज कर तैयार हैं। गया के कारीगरों की खासियत
तिलकुट बनाने के लिए विशेष रूप से बिहार के गया और नवादा से कारीगर बुलवाए गए हैं। गया में बने तिलकुट का स्वाद बेहद खास माना जाता है, जो इस त्यौहार की तैयारी को और भी खास बना देता है।

### बैठक में लातेहार की टीम ने की सहभागिता

**लातेहार**: झारोटेफ की दो दिवसीय प्रांतीय कमेटी की बैठक कोल नगरी धनबाद के द रीट रिसोर्ट में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो विधायक सह सचेतक मथुरा महतो ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में लातेहार जिला से जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव सचिव प्रदीप कुमार सिंह कोषाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह संयुक्त सचिव संजीव कुमार चंद्र प्रखंड सचिव दिलीप कुमार सिंह ने भाग लिया।

# सतबहिनी झरना तीर्थ में मकर संक्रांति पर मेला कल से

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**गढ़वा।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मकर संक्रांति के विराट मेले की तैयारी शुरू हो गई है। इस मेला में स्थानीय 100 गांवों के साथ कई शहरों व राज्य के कई जिलों एवं देश के कई राज्यों के लोग भाग लेते हैं। देश के उत्कृष पर्यटन स्थलों में शुमार सतबहिनी झरना तीर्थ में लगने वाले पांच मेलों में से वर्ष का चौथा मेला सूर्य के उत्तरायण होने की खुशी में 14 जनवरी से शुरू होकर 16 जनवरी 2025 तक चलेगा।
मेले को लेकर हजारों की संख्या में सजने वाली दुकानों के लिए स्थानीय एवं बाहरी दुकानदारों द्वारा स्थान सुरक्षित कराया जा रहा है। सतबहिनी झरना तीर्थ के इस मेले की काफी दूर-दूर तक ख्याति है। इस कारण इस मेले में लाखों की संख्या में पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। सतबहिनी झरना को शून्य से शिखर तक पहुंचाकर इसे सतबहिनी झरना तीर्थ बनाने वाली संस्था मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति मेले की सफल व्यवस्था के लिए हफ्तों से जुटी हुई है।
मालूम हो कि यह मेला झरना घाटी से पश्चिम की ओर सुविस्तृत मेला मैदान में लगा करता है। भारी भीड़ होने पर इस मेला से बाहर के मैदान तक दुकानें सजती हैं। जिसमें लाखों की संख्या में लोगों को खरीदारी करते देखा जाता है। इधर सूर्य के उत्तरायण होने को हिंदू धर्म में बहुत बड़े त्यौहार की मान्यता दी गई है।
इस कारण लोग 14 एवं 15 जनवरी को अहले सुबह सतबहिनी पहुंचकर मनोरम झरना में स्नान करते हुए यहां के नौ मंदिरों की श्रृंखला में पूजा करते एवं दान दक्षिणा करते देखे जाते हैं। इन मंदिरों में सतबहिनी भगवती माता महादुर्गा, महाकाली, महालक्ष्मी, 7 बहनों के भइया भैरवनाथ, भगवान भास्कर, बजरंग बली, साक्षी गणेश, भगवान शिव एवं नंदी



महाराज के मंदिरों का नाम शामिल है।
इसके साथ ही रहस्यमयी सात मंजिली साधना सह समाधि गुफा में भी सभी लोग दर्शन एवं पूजन करते हैं। सतबहिनी भगवती मंदिर के समक्ष झरना घाटी में बड़ी संख्या में लोग सत्यनारायण भगवान की कथा सुनते हैं। यद्यपि मकर संक्रांति का पुण्य काल 15 जनवरी की सुबह में है, क्योंकि 14 जनवरी के दोपहर 3 बजे के बाद सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं।
मकर संक्रांति मनाई जाने की परंपरा को निभाते हुए दर्शन पूजन के साथ मेला बाजार की शुरूआत 14 जनवरी को ही सब जगह हो जाती है। इसी दिन मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मानस महायज्ञ के इस वर्ष रजत जयंती आयोजन को लेकर विशेष बैठक की जाएगी।
इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह करेंगे। इसी दिन महायज्ञ का बैनर एवं पोस्टर भी जारी किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि इस बैठक में समिति के सभी कोटि के सदस्य यथा विशिष्ट स्थायी सदस्य, स्थायी सदस्य एवं सामान्य सदस्यों के साथ तमाम श्रद्धालु आम जनों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है।
कहा कि समिति के मानस महायज्ञ की रजत जयंती होने के कारण इस वर्ष भव्य आयोजन किए जाने की योजना है। जिसे सफल बनाने के लिए सबों को विशेष प्रयास एवं मेहनत करने की जरूरत है।

# विश्व सनातन वैदिक संघ ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**देवघर।** कालिका विहार में विश्व सनातन वैदिक संघ ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर संघ के नए कार्यालय का उद्घाटन वैदिक विधि से पूजा-पाठ के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष रौशन मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की।
राष्ट्रीय अध्यक्ष रौशन मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार और जीवन चरित्र आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। केवल उनकी जयंती मनाना पर्याप्त नहीं, हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।
कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की गई। यह आयोजन युवाओं को प्रेरित करने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रयास था।
इस कार्यक्रम में संघ के राष्ट्रीय सचिव लक्ष्मीकांत मालवीय, महामंत्री रूद्र शंकर शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव चन्दनानन्द महाराज, राष्ट्रीय संगठन मंत्री धीरज झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पियूष मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय, मिडिया प्रभारी विकास राउत पतंजलि के जिलाध्यक्ष अनुज बर्णवाल, छात्र संघ सचिव विश्वराज सिंह सहित मुकेश कुमार यादव, अजीत कुमार बरनवाल, बिपुल कुमार सिंह, अनुराग आनंद, रंजय राय, अरविंद कुमार, संजीव कुमार, राज कुमार, हिमांशु कुमार, रीता राज, अमरनाथ पांडेय, हरिशंकर पांडेय, दिलखुश कुमार, कृष्णा कुमार, भावेश चंद, दीपक कुमार, विकास कुमार आदि लोग उपस्थित हुए।




### मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरफ्तार

**सरायकेला।** कांड्रा थाना पुलिस ने शनिवार देर शाम चलाए गए एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बाईक के साथ हिरासत में लिए गए घोड़ानेगी निवासी बृहस्पति महतो को पूछताछ के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान शनिवार देर शाम एक युवक चांडिल की ओर से आ रहा था। जहां चेकिंग को देख युवक ने भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस बल द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया। वहीं बाइक में नम्बर प्लेट भी नहीं लगा हुआ था। पूछताछ के क्रम में युवक ने अपना नाम बृहस्पति महतो निवासी घोड़ानेगी बताया एवं उसने स्वीकार किया कि दशहरा मेले में खूंटी से यह बाइक चोरी किया था एवं इससे पहले भी बाइक चोरी के केस में बुंडू थाना द्वारा जेल भेजा जा चुका है। कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया कि पूछताछ और सत्यापन करते हुए युवक को आज जेल भेजा जा रहा है।

# तीसरी बार कसौधन समाज के अध्यक्ष बने उमेश कश्यप




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**गढ़वा।** कसौधन समाज की आमसभा में उमेश कश्यप को अध्यक्ष चुना गया। आम सभा डॉ भोला कश्यप के आवास पर रविवार को हुई। इसमें समाज का कार्यकाल पूर्ण होने पर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सर्वसम्मति से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। गोपाल कश्यप, संतोष कश्यप और सुरेंद्र कश्यप को चुनाव पदाधिकारी बनाया गया। इनकी देख रेख में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई। उमेश कश्यप को पुनः अध्यक्ष सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। तीसरी बार उमेश कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कश्यप और संतोष कश्यप, सचिव दिनेश कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, मंत्री मनीष कश्यप और ईश्वर प्रसाद कश्यप, संगठन मंत्री रवींद्र कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए।
उमेश कश्यप ने कहा कि समाज ने जिस उम्मीद से मुझे तीसरी बार अध्यक्ष चुना है, मैं उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। समाज के कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। आने वाले 26 जनवरी को डॉ भोला कश्यप द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। आगामी 16 मार्च को समाज का सम्मेलन होगा।
बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश कश्यप, संगठन मंत्री अमित कश्यप, संगक्षक पृथ्वी नाथ कश्यप, लखन कश्यप, रघुवीर कश्यप, बबलू कश्यप, हरिओम कश्यप, विजय कश्यप, गोपाल कश्यप, कन्हैया कश्यप, रामप्रवेश कश्यप, रविंद्र कश्यप, राजकुमार कश्यप, अच्छेबर कश्यप, युवा टीम से मोनू कश्यप, अविषेक कश्यप, सूरज कश्यप, सत्यम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# पेड़ से टकराया पिकअप वैन, ढाई घंटे की मशक्कत के बाद चालक को निकाला



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**सरायकेला।** शनिवार की रात करीब 2:30 बजे के आसपास सरायकेला- कांड्रा मार्ग पर साहेबगंज के समीप एक पिकअप वैन खराब हेडलाइट की रौशनी के कारण अंधेरे में पेड़ से टकरा गया। वैन पर तिरपाल लदा हुआ था। पेड़ से टकराने के कारण वैन के आगे का हिस्सा पूरी तरह चपटा हो गया जिससे चालक शान शर्मा अपनी केबिन में फंस गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची सरायकेला थाना की पुलिस ने रोड एंबुलेंस के कर्मियो के साथ मिलाकर ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला और सदर अस्पताल सरायकेला लाया जहां उसका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार चालक शान शर्मा पश्चिम बंगाल के आसनसोल का रहने वाला है। शनिवार को वह अपने WB37ए- 1346 संख्या की पिकअप वैन से रेलवे की तिरपाल लाद कर आसनसोल से बड़बिल जा रहा था। आने के क्रम में उसके वैन की हैडलाइट खराब हो गई जिसके कारण वैन पेड़ से टकरा गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क एंबुलेंस कर्मी की मदद से वैन के आगे के हिस्से को गैस कटर से काटकर चालक को बाहर निकाला और सदर अस्पताल लाया। फिलहाल चालक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

# उपायुक्त ने जानी बुज़ुर्ग व मूकबधिर बच्चों की तकलीफ

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**देवघर।** उपायुक्त विशाल सागर ने देवघर प्रखंड के चांदडीह गांव में स्थित वृद्धा आश्रम का रविवार को निरीक्षण कर वहां रहने वाले बुजुर्गों व मूकबधिर बच्चों से मुलाकात की। उन्हें मिलने वाली सुविधाओं से अवगत हुए। वृद्धा आश्रम में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा, रसोईघर, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई की वस्तुस्थिति से अवगत हुए।
उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों व आश्रम के संचालक को निर्देशित किया कि वृद्धा आश्रम में रहे बुजुर्गों की देखभाल के साथ-साथ उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहें। यह कोशिश है कि यहां रहने वाले सभी बुजुर्गों व बच्चों को सभी आवश्यक



मुलभूत सुविधाएं ससमय उपलब्ध हों। उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।
उपायुक्त ने ठंड को देखते हुए आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच गर्म कपड़े, शॉल, ठंड से बचाव के लिए दवाई, चप्पल व फल का वितरण कर भोजन कराया गया। आश्रम के संचालक से कहा कि जिन सामग्रियों की आवश्यकता हो उसकी सूची उपलब्ध कराया जाय, ताकि आश्रम को हर संभव मदद की जा सके।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में महाआरती का आयोजन

**गढ़वा।** श्री रामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में 11 जनवरी को महाआरती का आयोजन किया गया। श्री श्री अष्टभुजी माता मंदिर कमता सहित अन्य स्थानों धार्मिक स?थलों पर महाआरती धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में विशुनपुरा प्रखंड धमार्चार्य पंडित रविन्द्र कुमार मिश्र के स्वर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशुनपुरा विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव, दामोदर सिंह, कामख्या नारायण सिंह, समाजिक कार्यकर्ता नवलकिशोर गुप्ता, टुनू सिंह, मनी सिंह, हरिदेव ठाकुर, मनोज पाण्डेय (मंदिर पुजारी), गुलाब साह भी शामिल हुए। मौके पर श्री यादव ने कहा कि आज सम्पूर्ण भारत में यह कार्य क्रम निर्धारित है। विशुनपुरा प्रखंड के संध्या ग्राम में शिक्षक शिवकुमार पाठक द्वारा संचालित मिशन में स्वयंसेवक संघ प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में महाआरती की गई।

# सेवा भारती ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**लोहरदगा।** सेवा भारती ने चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सह सचिव संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए।
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि की निःशुल्क जांच की गई। अन्य प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च




में कराई गई।
जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जीव सेवा ही नारायण सेवा है। लगातार यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अब तक 6500 से भी ज्यादा लोग लाभान्वित हो चुके हैं। अपने स्वास्थ का चेकअप कराते रहने से समय पर कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। चेकअप कराने में संकोच नहीं करें।
डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बहुत से लोगों को अपनी बीमारियों की जानकारी नहीं रहती है। लोग बिना चेकअप कराएं अपने मन से या मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खा लेते हैं, जो कि आगे जाकर काफी नुकसान दे सकता है। बीमारी होने पर डॉक्टर से परामर्श एवं चेकअप कराकर ही दवा लें।
उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल और सह सचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने कहा कि? प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना और परिजनों के स्वास्थ्य चेकअप करा कर बीमारी की जानकारी प्राप्त कर इलाज करा रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाया जाता है। पैथोलॉजी के राजीव यादव भी सेवा में समय दे रहे हैं।
शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अनामिका भारती, राजीव यादव, सत्यम सर्राफ, उषा देवी, अंजलि सर्राफ, भुनेश्वर सिंह, शकुंतला देवी, पध्दमलोचन लाल अग्रवाल, लक्ष्मीकांत प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, तपेश्वर अग्रवाल, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, मीना देवी, रमेश सिंघल, वीरेंद्र साहू, सुबोध महतो, रमेश महतो, शशि प्रकाश तिवारी, डोमन चंद्र कर्मकार, रुपेश चौधरी, सचित सिंह, अजय कुमार, गुंजन देवी, रमेश शर्मा, पीयूष कुमार, सोनी देवी, प्रदीप खत्री, अनीता देवी, बीना देवी, रमेश प्रसाद, शांति देवी, प्रभु दयाल साहू, अशोक साहू, विकास कुमार, सुरेंद्र साहू, महेश कास्यंकार, किशोर अग्रवाल, उदय कसेरा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### तनावग्रस्त ऑटो चालक ने की खुदकुशी

**बोकारो।** फुसरो नया रोड दामोदर नगर निवासी ऑटो चालक 54 वर्षीय चुन्नू साव ने रविवार सुबह अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आनन फानन में चुन्नू को अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बेरमो पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बोकारो भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। बताया जाता है कि मृतक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि आर्थिक तंगी की वजह से पिछले कुछ दिनों से मानसिक परेशानी में था।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल थाने में दर्ज एक दुष्कर्म मामले के आरोपी तथा निमियाघाट थाना अंतर्गत रांगामाटी टोला बरमसिया निवासी फरीद अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र वारिस अंसारी उर्फ रेहान उर्फ मो. नदीम कुरैसी को थाना के अनि दीपक कुमार पासवान ने रविवार को गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच के बाद तेनुघाट स्थित अनुमंडलीय उपकारा भेज दिया गया। वारिस अंसारी पर थाना क्षेत्र अंतर्गत असनापानी के बेलदार टोला निवासी एक 31 वर्षीय महिला ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने को लेकर थाना में मामला दर्ज करवाया था।

### संघ की बैठक में प्रदर्शन को लेकर चर्चा

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में सेक्टर 3सी में हुई। बैठक का संचालन करते हुए संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन को पूर्व में दिए गए मांग पत्र के आलोक में प्रबंधन अब तक उदासीन है, अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जनवरी को पास सेक्शन एडीएम के पास प्रदर्शन सह आमसभा आयोजित की जाएगी। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने कहा कि प्रबंधन को 32 सूत्री मांग पत्र सौंपा जा चुका है। मुख्य रूप से उपस्थित सदस्यों में उपाध्यक्ष नवीन सिंह, मिथिलेश पाल सिंह, मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक, मीरा देवी, देवेंद्र कुमार, सुमित सिंह, सुरेश कुमार, आशिष कुमार, प्रतिमा शर्मा, रामचरण हजाम, मदन पाठक, भोला प्रसाद, लक्ष्मण सिंह, गुलाम जिलानी आदि अन्य थे।

### सड़क दुर्घटना में बच्चा समेत पांच लोग घायल

**बोकारो।** जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जैना-फुसरो मार्ग पर कामाख्या पेट्रोल पंप के समीप दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक बच्चा तथा चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें बच्चा कैलाश मरांडी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बोकारो रेफर कर दिया गया। यह घटना शाम 6:20 बजे की। दुर्घटना के बाद थाना के एएसआई संजीव कुमार पहुंचकर घायलों को जैनामोड़ रेफरल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराए।

# सीएसआर के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बना रहा डीवीसी : सुशील

## प्रशिक्षण की समाप्ति पर परियोजना प्रधान ने किया प्रमाण पत्र वितरित

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो थर्मल।** डीवीसी प्रबंधन की ओर से सीएसआर के तहत सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र में विगत 6 जनवरी से आयोजित महिलाओं एवं युवतियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण और संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को किया गया।




समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, विशिष्ट अतिथि बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरजा देवी मौजूद थीं। एक सप्ताह तक चलने वाले प्रशिक्षण समाप्ति पर सभी प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं एवं युवतियों को एचओपी एवं प्रखंड प्रमुख ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करने का काम किया। मौके पर एचओपी ने कहा कि डीवीसी सीएसआर द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण से महिलाओं को रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सफल प्रयास है। कहा कि महिलाएं अपने प्रोडक्ट को बेहतर बनाने का कार्य करें तो उसे डीवीसी के कर्मचारी, अधिकारी एवं इंजीनियर ही लेने का कार्य करेंगे। प्रखंड प्रमुख ने भी डीवीसी सीएसआर के इस प्रकार के प्रयास की सराहना की। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य जीपी सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर डीवीसी एचआर के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार, इप्टा नारायणपुर की सुभद्रा कुमारी, गोविंदपुर की पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी और बांकुड़ा से आये प्रशिक्षक सुजीत कुमार सेनगुप्ता, भैरो महतो, कृष्णा कुमार, सुष्मिता बर्णवाल सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। सीएसआर द्वारा महिलाओं को आचार, जैम, जेली, टमाटर व चिल्ली सॉस आदि बनाने का प्रशिक्षण सीएसआर के डीजीएम बीजी होलकर के नेतृत्व में दिया गया था।

## बेटे की मौत से सदमे में जी रहे अधेड़ का शव तालाब से बरामद

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** एक माह पहले 21 वर्षीय पुत्र की मौत के बाद सदमे में अपनी याददाश्त खोने वाले सुरेश सिंह (55) का शव तालाब में मिला। वे पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी हथिया पत्थर गांव से 6 जनवरी से लापता थे। उनका शव रविवार की सुबह बालीडीह थाना क्षेत्र के बिशुनपुर पंचायत के कानागाढ़ा तालाब से बालीडीह पुलिस ने बरामद किया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

उनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी तट पर किया गया। बिशुनपुर पंचायत के ग्रामीणों के अनुसार रविवार की अहले सुबह शौच के लिए कुछ लोग तालाब के पास गए थे, तो देखा कि तालाब के पानी में एक शव है। ग्रामीणों ने तालाब में शव की सूचना बालीडीह पुलिस को दी। उसी दौरान पिछरी का एक व्यक्ति साइकिल से कोयला बेचने बिशुनपुर गया था। उसने शव की पहचान पेटरवार थाना क्षेत्र पिछरी दक्षिणी पंचायत के हथिया पत्थर निवासी सुरेश सिंह के रूप में किया।

इधर, सूचना पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि 6 जनवरी को घर से बाहर निकले थे। जब दूसरे दिन भी घर नहीं लौटे, तो आसपास सहित रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि एक माह पूर्व उनके छोटे पुत्र 21 वर्षीय सोनू सिंह की अचानक मौत हो गई थी। उसी दिन से वह गुमसुम रह रहे थे। वे मानसिक रूप से बीमार हो गए थे। घर से निकलने के बाद घर आने का रास्ता भी भूल जाते थे। अपने पीछे पत्नी सहित चार पुत्री एक पुत्र छोड़ गए।

## होहो-हाहा क्लब ने किया कंबल व शॉल का वितरण

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित वरीय नागरिकों की संस्था होहो-हाहा क्लब द्वारा रविवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत नवदंडा गांव स्थित उप्रावि में आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों के बीच




कड़ाके की ठंढ को देखते हुए 100 कंबल एवं युवतियों के बीच 30 शॉल और बच्चों के बीच चॉकलेट एवं बिस्किट का वितरण किया गया। क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष बुजुर्गों, महिलाओं और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण ठंढ में किया जाता है। मौके पर डीवीसी के अवकाश प्राप्त कार्यकारी निदेशक पी कुमार, केपी सिंह, भोला प्रसाद, डॉ. एस नंदी, सीसीएल कर्मी आर मंडल, संजीत, शिक्षक मनोज आर्यन, सीएसआर कोनार के सुनील कुमार, गोमिया की जिला परिषद सदस्य बिमला देवी और समाजसेवी नारायण महतो आदि उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत गीता पाठ के विजेताओं को किया पुरस्कृत

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा चिन्मय विद्यालय के तेजोमयानंद सभागार में आयोजित नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, मिशन सचिव हरिहर राउत, विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मलिक एवं उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। चास-बोकारो के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने बहुत ही उत्साह से गीता गायन प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से



आयोजन में चिन्मय मिशन बोकारो के सदस्य, विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रमुख रूप से चिन्मय मिशन के सचिव हरिहर राउत, कैलाश, आशीष ठाकुर, अनिल कुमार, वकीलकांत मिश्रा, पंकज कुमार मिश्रा, निखिल चंद्र मिश्रा, रजनीश चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजीव मिश्रा ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के भूमिका में सोमा तिवारी, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, रोली प्रियदर्शी, सविता प्रमाणिक, गीतांजलि, नरेंद्र कुमार राय एवं उदित पांडे ने अहम भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में कुल 6 ग्रुप बनाए गए थे एवं प्रत्येक ग्रुप में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कारों के साथ साथ सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। मौके पर अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मलिक, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार, मिशन सचिव हरिहर राउत एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति ने सभी को विजेताओं को ढेरों शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चिन्मय मिशन बोकारो ने सभी प्रतिभागी विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्यों एवं शिक्षको का आभार प्रकट किया। चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद एवं विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने दूरभाष द्वारा सभी विजेताओं को बधाई दी।

## भारती साहित्य परिषद की पुस्तक का विमोचन, काव्य गोष्ठी का आयोजन

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** साहित्यिक संस्था भारती साहित्य परिषद्, बोकारो द्वारा शनिवार की शाम सेक्टर 5 स्थित सद्गुरु सदाफलदेव आश्रम में पुस्तक विमोचन सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि विनीत पांडेय, संस्था के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार सुख नंदन सिंह सदय, बुद्धिनाथ झा, ललन तिवारी, भारती साहित्य परिषद् के अध्यक्ष डॉ. परमेश्वर भारती, महामंत्री डॉ. मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, कुंतिका तिवारी, जीजीपीएस के प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती, कवयित्री डॉ. आशा पुष्प, कवि डॉ. राम नारायण सिंह, अरुण पाठक आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर की।

इसके बाद सभी साहित्यकारों ने भारती साहित्य परिषद् के महामंत्री रहे वरिष्ठ दिवंगत साहित्यकार डॉ. नर नारायण तिवारी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रथम सत्र में डॉ. नर नारायण तिवारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला और कहा कि जीवंत व्यक्तित्व के धनी स्व. तिवारी की कमी सदा साहित्य जगत को खलेगी। सुखनंदन सिंह सदय ने कहा कि स्व. तिवारी 14 वर्षों तक भारती साहित्य के महामंत्री रहे। उनकी लेखनी व साहित्य के प्रति समर्पण सदैव साहित्यकारों को प्रेरित करते रहेंगे। बुद्धिनाथ झा, डॉ. परमेश्वर भारती ने भी स्व. तिवारी से जुड़े संस्मरण साझा किए। स्व. तिवारी की पुत्री वंदना पांडेय, मनीषा पांडेय ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर स्व. डॉ. नर नारायण तिवारी की काव्य पुस्तक क्रांतिरथ के सद्यः प्रकाशित दूसरे संस्करण का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि विनीत पांडेय ने अपने संबोधन में बोकारो के साहित्यिक परिदृश्य की प्रशंसा की और साहित्य लेखन में राष्ट्रीय स्तर पर लिखे जा रहे उत्कृष्ट साहित्य लेखन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साहित्य लेखन भी आय का अच्छा जरिया है बशर्ते लेखनी में दम हो। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। काव्य गोष्ठी की शुरूआत कवयित्री गीता कुमारी ने सरस्वती वंदना सुनाकर की। तत्पश्चात ब्रह्मानंद गोस्वामी ने अटल संस्करण, गीता कुमारी ने ओ देश मेरे तुझे लाखों सलाम, दिनेश सिंह ने अहिंसा परमोधर्मः, डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इंसान, कनक लता राय ने जीवन के मंत्र, शैलजा झा ने विद्रोह, प्राण की आहुति, अरुण पाठक ने हिंदी है हम सबकी भाषा, डॉ. राम नारायण सिंह ने परिभाषा, ज्योति वर्मा ने पगडंडी, कल्पना केसर ने कठपुतली नहीं हूँ मैं, अमृता शर्मा ने धर्म का मर्म, दयानन्द सिंह ने धर्म, शिक्षा और कट्टरता, सत्यदेव तिवारी ने स्वदेशी ऊर्जा, डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद ने साहित्य की गिरती परिस्थिति, अजय यतीश ने मेरे दर्द का मर्म, नीलम झा ने हिंदी की पहचान, विमल कुमार पांडेय ने हे कन्हैया सुन मेरी पुकार, गंगेश कुमार पाठक ने रिश्ते, मनोज कुमार निशांत ने खामोश शहर, विनीत पांडेय ने रामलला फिर से अयोध्या को आ रहे शीर्षक कविता सुनाकर सबकी वाहवाही ली।

## रांची चलो अभियान को सफल बनाने को लेकर शिक्षकों की बैठक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**सरायकेला।** रविवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 332वीं बैठक पतित पवन दास की अध्यक्षता में रेनबो स्कूल रघुनाथपुर सरायकेला में संपन्न हुई।




मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 23 जनवरी 2025 सुभाष चंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर रांची चलो अभियान को सफल एवं मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई। रघुनाथपुर से सैकड़ों की संख्या में भाग लेने रांची चलेंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पतित पवन दास, शिशुपाल, संजीत पाल, सुखदेव जी ने संगठन के अधिकार को संविधान तक मजबूती से पहुंचाने की बात कही। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि, देश के सभी निजी शिक्षकों के लिए संविधान में एक एक्ट बने, जिसके लिए राज्य स्तरीय रांची में समारोह होना तय हुआ है। इसमें झारखंड प्रदेश के 24 जिलों से हजारों की संख्या में रांची पहुंचने का आह्वान किया गया। मौके पर डॉक्टर परमानंद मोदी, रंजीत श्रीवास्तव, पतित पवन दास, संजीत कुमार पाल, शिशुपाल, सुखदेव डांगर, सुदर्शन मुखर्जी, सोमनाथ कर्मकार, सोमनाथ मोदक, विमल गोराई, लाल दास, प्रवीण सिंह सरदार, अंजू महतो, तपस कुमार, संजय गोराई, उमा सिंह सरदार, अमीषा दास, अनीशा दास, नेहा सिंह मुंडा, दिनेश कुमार महतो आदि मौजूद रहे।

## डीवीसी के सदस्य सचिव ने किया चंद्रपुरा कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के सदस्य सचिव डॉ. जॉन मथाई ने चंद्रपुरा के प्रशिक्षण संस्थान में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ



महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. डीसी पांडेय, प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद राय सहित डीवीसी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सदस्य सचिव डॉ. मथाई ने डीवीसी द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण पाकर हजारों छात्र-छात्राएं रोजगार से जुड़ चुके हैं। सदस्य सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण संस्थान में पौधारोपण किया और डीवीसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने यहां के कई यूनियन के नेताओं के साथ भी वातार्लाप की।

### अधिवक्ता परिषद ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**बोकारो।** वनभोज स्थल, सिटी पार्क में अधिवक्ता परिषद ने स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई। नए आपराधिक कानून व अंतिम व्यक्ति को



न्याय, विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण एवं मुख्य वक्ता डॉ. बागिस उपाध्याय प्राध्यापक नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची, स्वामी विवेकानंद स्मारक केंद्र बोकारो के संचालक (प्रचारक) श्रीराम भरोसे गिरि व विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार, क्षेत्र मंत्री, अधिवक्ता परिषद, प्रांत महामंत्री विजय नाथ कुंवर आदि थे। चेयरमैन राजेंद्र कृष्ण ने स्वामी जी के बारे में विस्तार से बताया व गिरि ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्मेंर में डॉ. बागिस व प्राध्यापक ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के नए कानून के विषय में बताया। सुनील कुमार क्षेत्र मंत्री, प्रांत महामंत्री कुंवर ने भी संबंधित विषय पर अपना व्याख्यान दिया गया। राजेंद्र विश्वकर्मा, ब्रजेश कुमार, सुबोध कुमार एवं अन्य युवा अधिवक्ताओं ने भी प्रश्नोत्तरी व ज्ञानबर्धन जानकारी दी।

# आज भी मौजूद हैं भगवान श्रीराम के पदचिह्न

## सरकार की मदद से विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक धरोहर बन सकता है रामलखन टुंगरी स्थान : प्रकाश कुमार

▸ पर्यटन-स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बोकारो जिला प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ विभिन्न आध्यात्मिक व धार्मिक धरोहरों से भी परिपूर्ण है। इन्हीं में से एक धरोहर स्थल है रामलखन टुंगरी स्थान और इससे थोड़ी दूरी पर स्थित मृगीखोह। रामलखन टुंगरी में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पदचिह्न आज भी मौजूद हैं। श्रीरामचरितमानस के के प्रसंगों में भी इसकी चर्चा है। ऐसी मान्यता है कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम माता सीता और भैया लक्ष्मण के साथ यहां पधारे थे। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि यह ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल आज भी सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहा है।





क्षेत्र के ग्रामीणों ने मृगीखोह का विकास किए जाने की मांग की है। झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के मंजूरा ग्राम समिति अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार से रामलखन टुंगरी और मृगीखोह क्षेत्र के विकास की पूर्ण अपेक्षा है। उन्होंने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के मंत्री योगेन्द्र महतो से भी इस दिशा में सकारात्मक आशा व्यक्त की है। विकास की मांग करते हुए कहा कि सरकार अगर मदद करे तो यह पौराणिक धर्म-स्थली विश्वप्रसिद्ध धरोहर के रूप में स्थापित हो सकता है। मृगीखोह में हर साल मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मृगी खोह, उसके बाद सेवाती घाटी तथा राम लखन टुंगरी में विशाल मेला लगता है। यहां कसमार के साथ-साथ जरीडीह, पेटरवार सहित पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा व अन्य राज्यों से भी लोग भारी तादाद में पहुंचते हैं। क्षेत्र की युवतियां व महिलाएं ढोल-नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ टुसू प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद टुसू का विसर्जन करती हैं। प्रकाश ने कहा कि मृगी खोह तथा राम-लखन टुंगरी और सेवाती घाटी को पर्यटन स्थल की श्रृंखला के रूप में विकसित किया जा सकता है।

### श्री राम का तीर लगने से बन गया था खोह

हिसीम, केदला पहाड़ी श्रृंखला की खूबसूरत वादियों से घिरे रामलखन टुंगरी और मृगीखोह के बारे में कहा जाता है कि त्रेतायुग में भगवान श्रीराम अपनी पत्नी माता सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ वनवास के दौरान जब पंचवटी में ठहरे थे, तो यहां आए थे। उस समय मां सीता की इच्छा पूरी करने के लिए श्रीराम स्वर्ण मृग का पीछा करते हुए डुमरकुदर स्थित हिसीम-केदला पहाड़ तक पहुंचे थे। कहा जाता है कि उन्होंने स्वर्ण मृग पर निशाना साधकर जब तीर चलाया, तो वह तीर मृग को लगने की बजाय पहाड़ के एक बड़े हिस्से से जा टकराया। तीर के टकराने से वहां पहाड़ के एक बड़े हिस्से पर बड़ा खोह बन गया, जहां से दूध की धारा बहने लगी। कालांतर में किसी चरवाहे की शरारत के कारण दूध के बदले जलधार बहने लगी। यह सिलसिला आज भी जारी है। पहाड़ पर दो अलग-अलग स्थानों पर भगवान श्रीराम के पैरों के निशान हैं। एक मंदिर में और दूसरा रामलखन टुंगरी में है। यहां श्रद्धालु नियमित पूजा-अर्चना करते हैं। इन पद चिह्नों तक पहुंचने के लिए पहाड़ की पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ता है। यहां मंदिर और खोह के बीच से झरना के रूप में एक छोटी सी नदी बहती है।

### अधिवक्ताओं के मिलन समारोह में सुरक्षा को लेकर बनी रणनीति



**बोकारो।** रविवार को बालीडीह स्थित डैम पर अधिवक्ताओं का मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। वनभोज सह मिलन समारोह में वरीय अधिवक्ता हरि प्रकाश सिंह ने कहा कि हम सब एक परिवार की तरह हैं और सभी के सुख दुख में साथ है। वहीं, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हम सभी लोग अधिवक्ता हित के लड़ाई में एक साथ है। उन्होंने राज्य सरकार से झारखंड में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करने की मांग की। इसके लिए झारखंड के सभी अधिवक्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वरीय अधिवक्ता लालटू चरण महतो ने सभी आए हुए अधिवक्ताओं का गर्म जोशी से स्वागत किया और कहा कि सभी काले कोर्ट वाले एक है, यदि कोई हमे बांटने का प्रयास करेगा तो उसे जवाब दिया जाएगा। अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा ने सभी अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि हमलोग मिलजुल कर एक साथ रहें और अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रहे हमला पर रोक लगे। मौके पर अधिवक्ता संघ के सदस्य सोमनाथ शेखर, बासुदेव गोस्वामी, फटीक चंद्र सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, विजय झा, राजीव कुमार सिंह, नरेश महतो, संजीत महतो, बिनोद गुड़िया, महीतोश मंडल, हरिवंश नारायण पोद्दार, संपूर्ण चंद्र लायक, सृष्टिधर सिंह, बिनोद कुमार सिंह, प्रेम तिवारी, दिनेश प्रसाद घोषाल, धनजी चौधरी, अरूप चक्रवर्ती, पंकज बंसल आदि मौजूद थे।

# खुशियों का संदेशवाहक पर्व है लोहड़ी

लोहड़ी पर विशेष



योगेश कुमार गोयल

**लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है।**

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे ह्यपंजाबी रॉबिनहुडह्न का दर्जा प्राप्त है।

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके।



हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया।

गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा।

लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं।

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

# पद पर हावी राजनीति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बड़े. बदलाव किए हैं, जिसमें अब बिजनेसमैन, आईएएस व आईपीएस सरीखे अधिकारी भी विश्वविद्यालय के कुलपति बन सेकेंगे। इस चयन का अधिकार केवल चांसलर का होगा, जिसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अभी तक शिक्षाविद के तौर पर दस का कार्यकाल आवश्यक था, परंतु अब वे इसके पात्र होंगे, जो संबंधित फील्ड़ के विशेषज्ञ, शोध, उद्योग व लोकप्रशासक का अनुभव हो, जिसमें दस साल काम किया हो तथा उनका ट्रैक रिकॉर्ड. अच्छा हो। कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर पहले भी सरकार पर उंगलियां उठती रही हैं। अब जब उद्योगपतियों व ब्यूरोक्रेट्स की नियुक्ति के मार्ग प्रशस्त किए जा रहे हैं तो चयन को लेकर और भी संदेह उपज सकते हैं। सत्तापक्ष के इशारे पर उसके वफादारों पर पद बंटवारे की आशंकाओं से मुक्त नहीं रहा जा सकता। निःसंदेह उद्योगपतियों को कुलपति जैसे सम्मानित पद पर सुशोभित करने से आर्थिक लाभ मिलने की गुंजाइश बढ़ सकती है। जैसे कि ब्यूरोक्रेट अपने अनुभवों का बेहतरीन इस्तेमाल कर नये मार्ग इजात कर सकते हैं। मगर चयन समितियों के गठन पर उठने वाले सवालों को रोकना भी सरकार और यूजीसी की बड़ी जिम्मेदारी होगी। राज्यपालउन्हीं सिफारिशों पर मुहर लगाता है, जो राज्य सरकारों द्वारा प्रेषित होती हैं। उपने उम्मीदवार को कुलपति चुनने पर राज्यपालों की भी राज्य सरकारों से सीधा टकराव की स्थितियां देखने में आती रही हैं। चूंकि राज्यपाल केंद्र द्वारा नियुक्त होते हैं, इसलिए वे विश्वविद्यालयों के प्रशासन में सीधी दखलंदाजी को आजाद हैं। नये नियमों की अवहेलना करने वाले विश्वविद्यालयों के प्रति यूजीसी का रवैया क्या हो सकता है, यह आने वाला वक्त तय करेगा। क्योंकि जिन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं, वहां विवाद की स्थितियों को रोकना नामुमकिन होगा। वे स्पष्ट रूप से इसे संघ का एजेंड़ा मानते हैं। जैसे कि केरल के मुख्यमंत्री ने शुरूआत ही इस मसौदे की आलोचना से की है। सरकार तथा आयोग को ऐसे सम्मानित पदों का शुद्ध राजनीतिकरण करने की बजाए दरम्याना रवैया इख्तियार करने का प्रयास करना होगा।




## चिंतन-मनन

# श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं। अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

# भारत और तालिबान के नये रिश्ते



ड़ॉ. दिलीप चौबे



देश सचिव विक्रम मिस्त्री और अफगानिस्तान में तालिबान शासन के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच दुबई में गत बुधवार को हुई बैठक से इस क्षेत्र में नये समीकरण बन रहे हैं। अगस्त 2021 में तालिबान के शासन में आने पर भारत में गहरी चिंता व्यक्त की जा रही थी। यह आशंका व्यक्त की जारी थी कि तालिबान से जुड़े हथियारबंद गुट अब कश्मीर का रुख करेंगे। इस क्षेत्र से अमेरिका की वापसी और उसकी हार पाकिस्तान के लिए एक रणनीतिक जीत मानी जा रही थी।

पाकिस्तान में सैन्य और राजनीतिक राजनीतिक विशेषज्ञ खुशी जाहिर कर रहे थे कि भारत को अफगानिस्तान से बेदखल करने में सफलता मिल गई है। इस चुनौतीपूर्ण समय में भारत ने रणनीतिक धैर्य का परिचय दिया। अपनी सारी चिताओं के बावजूद अफगानिस्तान को खाद्यान्न और दवाइयों जैसी मानवीय सहायता मुहैया कराई। मोदी सरकार का पक्ष था कि वह भले ही तालिबान शासन को मान्यता नहीं देती, लेकिन अफगानिस्तान अवाम के साथ सदियों पुराने दोस्ती के रिश्तों को महत्त्व देती है। क्षेत्रीय मंच शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो अन्य महत्त्वपूर्ण सदस्य देशों रूस और चीन ने तालिबान शासकों के प्रति अपेक्षाकृत अनुकूल रवैया अपनाया था। रूस मध्य एशिया में शांति और स्थिरता कायम रखने में अफगानिस्तान की भूमिका को महत्त्व देता है जबकि चीन अफगानिस्तान में दुर्लभ खनिज संपदा को हासिल करना चाहता है। इन खनिज संसाधनों पर अमेरिका और पश्चिमी देशों की नजर है। चीन के लिए अफगानिस्तान में अपने रणनीतिक हितों को पूरा करना आसान है। वाखान गलियारे के जरिए दोनों देश आपस में जुड़े हुए हैं। वास्तव में यह गलियारा चीन को अरब सागर तक पहुंचने का एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध कराता है। इस संपर्क सुविधा में ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। चाबहार के जरिए अफगानिस्तान होते हुए मध्य एशिया और चीन तक व्यापारिक आवागमन संभव है। यही कारण है कि भारत और चीन के रणनीतिक हितों में साझेदारी है। वैसे चीन को काराकोरम राजमार्ग के माध्यम से पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह तक पहुंच हासिल है। लेकिन इस क्षेत्र में आतंकवादी हमलों के कारण चीन का चुनौतियों का सामना है।

तालिबान के सत्ता में आने के पहले अफगानिस्तान में भारत की व्यापक राजनयिक मौजूदगी थी। काबुल में दूतावास के अलावा देश के प्रमुख शहरों में भारत के वाणिज्य दूतावास थे। इसके जरिए भारत पाकिस्तान पर अंकुश रखता था। यह देखने वाली बात होगी कि नये हालात में तालिबान किस सीमा तक भारत को अपनी राजनयिक मौजूदगी कायम करने की अनुमति देता है। पाकिस्तान चार वर्ष पूर्व जिसे अपनी जीत मान रहा था वह उसकी हर में तब्दील होता हुआ दिखाई दे रहा है। तालिबान अपने देश की परंपरागत नीति को दोहरा रहे हैं कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच की डूरण्ड सीमा कृत्रिम है। तालिबान का यह रूप पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बड़ी चुनौती है। हाल में दोनों देशों के बीच हुआ सैन्य संघर्ष बड़ा रूप ले सकता है।

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नाम पर हुए तख्ता पलट को भी पाकिस्तान अपनी जीत मान रहा था। सेना और इस्लामी कट्टरपंथियों की कठपुतली के रूप में सत्ता में बैठे मोहम्मद युनूस को अमेरिका के बाइडन प्रशासन का पूरा समर्थन हासिल था। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के शासन संभालने के बाद मोहम्मद युनूस के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। पाकिस्तान की सरकार हजारों किलोमीटर दूर स्थित बांग्लादेश के जरिए भारत के लिए परेशानी पैदा करने का ख्वाब देख रहा है, लेकिन अब उसके पड़ोस में ही अफगानिस्तान के रूप में उसके लिए कहीं बड़ी चुनौती दरपेश है।

चाबहार बंदरगाह पर केंद्रित घटनाक्रम राष्ट्रपति ट्रंप से सत्ता संभालने के बाद नया रूप ले सकता है। यदि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए इस्त्राइल कोई एकतरफा कार्रवाई करता है तो पश्चिम एशिया में नया संघर्ष शुरू हो सकता है। दूसरी और राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों का सहारा लेते हैं तो भारत को इनसे जूझना होगा।

# बेमेल के इंडिया गठबंधन को बिखरना एवं टूटना ही था



ललित गर्ग

नरेन्द्र मोदी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का ऐलान करने वाला एवं आरएसएस की संविधान विरोधी और विभाजनकारी विचारधारा के खिलाफ बिगुल बजाने के लिये बना बेमेल का इंडिया गठबंधन बनने के सवा साल के अंदर ही बिखर एवं खत्म हो गया लगता है, जब से यह गठबंधन बना तभी से इसमें गहरे मतभेद नजर आते रहे, मुद्दों एवं नीतियों में गहरा बिखराव देखने को मिलता रहा। जितने दल उतनी बातें। अब न मुद्दा एक रहा न मंच। कभी ईवीएम पर अलग-अलग राय तो कभी सम्भल पर, कभी अडानी पर घमासान तो कभी सीटों के तालमेल को लेकर मतभेद। कभी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर विवाद तो कभी विचारों को लेकर विरोधाभास। कभी गठबंधन का नेता बदलने की मांग तो कभी संसद में अपनी अपनी डफली और अपना अपना राग। इन गहरी खाइयों एवं गड्ढ़ों वाले इंडिया गठबंधन ने हरियाणा एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ही उलटी गिरती करना शुरू कर दिया था, अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह पूरी तरह से बिखर गया है। अब तो दबी जुबान से बोले जाने वाले तीखे बोल सार्वजनिक हो चले हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर गठबंधन से जुड़े नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था, चुनाव खत्म हो चुका है तो गठबंधन भी खत्म हो गया।

इनदिनों बिहार और दिल्ली में सियासी पारा कड़ाके की ठंड में भी गर्म है। वजह है कि दोनों ही राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग है एवं साल के अंत तक बिहार में कौन राज करेगा इसकी तस्वीर भी साफ हो जाएगी। लेकिन इससे पहले दिल्ली एवं बिहार में राजनीतिक सरगर्मियों एवं तीखी बयानबाजी के बाद इंडिया गठबंधन टूट के कगार पर पहुंच गया। दिल्ली चुनाव में ह्यआपह्न और कांग्रेस के बीच की दूरी और सहयोगी दलों के रुख के बाद गठबंधन की टूट तय हो गयी है और इस बात की पुष्टि गठबंधन के नेताओं से बयानों से हो रही है। वैसे तो इंडिया गठबंधन की नाव कांग्रेस के हरियाणा और महाराष्ट्र में हारने के बाद ही हिचकोले लेने लगी थी, लेकिन दिल्ली चुनाव ने तो उसे लगभग डुबा ही दिया है। कांग्रेस के हाथ का साथ छोड़ इंडिया गठबंधन के सभी दल केजरीवाल के झाड़ू के पीछे खड़े हो गए हैं। ममता की तृणमूल हो या अखिलेश यादव की सपा, उद्धव की शिवसेना हो या इंडिया के बाकी दल, सभी कांग्रेस से दूरी बनाते हुए केजरीवाल के साथ खड़े हो गये हैं। कहा जाता है कि राजनीति में कोई स्थाई दोस्त या दुश्मन नहीं होता, इसलिए राजनीति के बनते-बिगड़ते रिश्तों का यह इंडिया गठबंधन सीरियल नये-नये एपिसोड दिखा रहा है। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पडती रही। इस तरह एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए घातक सिद्ध हुई।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने लोकसभा चुनाव में भले ही अपने लक्षित उद्देश्यों को पाने में तनिक सफलता हासिल की थी, उसने जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा। लेकिन हरियाणा में कांग्रेस ने ह्यआपह्न से मिलकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। अब यही काम ह्यआपह्न ने दिल्ली में किया, क्योंकि वह राजधानी को अपना गढ़ मानती है। कांग्रेस भी दिल्ली की अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ने को तैयार नहीं, क्योंकि उसने लंबे समय तक यहां शासन किया है। कांग्रेस यह भी जानती है कि दिल्ली में ह्यआपह्न के प्रति किसी तरह की नरमी बरतने से वह अपनी बची-खुची राजनीतिक जमीन वैसे ही गंवा देगी, जैसे अन्य राज्यों में गंवा चुकी है। लेकिन इसी बीच यह भी बड़ा तथ्य है कि दिल्ली में ह्यआपह्न एवं कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ती तो यह भाजपा के लिये बड़ी चुनौती थी, अब भाजपा की दिल्ली में जीत की संभावनाएं बढ़ गयी है। एक बड़ा तथ्य यह भी है कि इंडिया गठबंधन के अधिकांश घटक कांग्रेस के वोट बैंक पर कब्जा करके उभरे हैं। यदि कांग्रेस अब केवल मोदी को पछाड़ने के लिये गठबंधन धर्म निभाती है तो जिन चंद राज्यों में उसकी प्रभावी उपस्थिति है, वहां भी वह कमजोर हो जाएगी। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के घटक दल भी इससे परिचित हैं कि यदि उन्होंने अपने गढ़ों में कांग्रेस के प्रति उदारता एवं सहानुभूमि बरती तो वह उनके उस वोट बैंक को अपने पाले में कर सकती है, जिसे उन्होंने कभी उससे ही छीना था। वास्तव में इंडिया गठबंधन इन्हीं विरोधाभासों के कारण, राजनीतिक जोड़तोड, मजबूरियों एवं विवशताओं के चलते टूट-बिखर गया है।

महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी इंडिया गठबंधन के घटक दलों में तालमेल की कमी देखने को मिली थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में ह्यआपह्न और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं हो पाया। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है और इससे गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक थे। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल था। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो गया था। ऐसी स्थितियों में इंडिया गठबंधन का अंतिम सांसें गिनना स्वाभाविक ही रहा है।

भारतीय राजनीति के अतीत में न जाने कितनी बार विपक्षी एकता के प्रयास हुए, लेकिन वे एक सीमा से आगे नहीं बढ़ सके। ऐसे गठबंधनों की सरकारें भी बनी और वे गठबंधन सरकारें कुछ सीमा तक सफल भी हुई। लेकिन किसी भी गठबंधन की सफलता के लिए यह आवश्यक होता है कि उनके पास कोई साझा उद्देश्य हो और नीतिगत स्पष्टता भी हो। स्पष्टता के इसी अभाव के चलते इंडिया गठबंधन अपने लिए कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम नहीं तैयार कर सका। ऐसे गठबंधन की सफलता की एक अनिवार्यता यह भी है कि नेतृत्व करने वाले दल का प्रभुत्व हो, गठबंधन नेता की प्रभावी छवि हो, उसकी स्पष्ट नीति एवं नियत हो, सिद्धान्त एवं विचार भी मजबूत हो, लेकिन इंडिया गठबंधन में ऐसा नहीं रहा, भले ही लोकसभा चुनाव से पहले बहुत जोर-शोर से इंडिया गठबंधन की बैठकें आयोजित हुई हो, पर अब गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी को न गठबंधन की चिंता है और न उसे किसी समन्वय बैठक की जरूरत महसूस हो रही है। कुछ दिन पहले तक कुछ क्षेत्रीय दल इंडिया गठबंधन का नया नेता चुनना चाहते थे, पर इन क्षेत्रीय दलों को यह भी पता है कि कांग्रेस के बिना उनके गठबंधन का कोई खास वजूद नहीं रहने वाला है। बहरहाल, आम लोगों के नजरिये से देखें, तो कई लोग कुछ ठगा हुआ महसूस कर रहे होंगे और इसका असर यह होगा कि भविष्य में बनने वाले किसी भी ऐसे विपक्षी गठबंधन को जनता का विश्वास जीतने एवं गठबंधन को सफल बनाने में मुश्किल आएगी।

इंडिया गठबंधन ने केन्द्र में सरकार बनाने एवं मोदी को परास्त करने की होड़ के साथ बड़ी एकजुटता के साथ बड़े-बड़े वादे किए थे, उन वादों का क्या हुआ? कमजोर बुनियाद पर खड़े इस गठबंधन का यही हश्र होना था, अब भाजपा को मौका मिल गया है। भाजपा नेता कहने लगे हैं कि हमने पहले ही कहा था, ये सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भय से एक साथ आए हैं। हालांकि, यह राजनीति है और यहां दलों की अपनी जरूरतों के हिसाब से गठबंधन बनते-बिगड़ते रहते हैं। आज की राजनीति में यह असामान्य बात नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष का मुख्य मकसद भाजपा को हराना था और इंडिया गठबंधन का मकसद भी यहीं तक सीमित था।



# सिखों के लिए एक खास पर्व है लोहड़ी

लोहड़ी का त्योहार सिखों के लिए एक खास पर्व है। यह पर्व न सिर्फ खुशी और उल्लास का प्रतीक है, बल्कि यह किसानों के जीवन से भी जुड़ा हुआ है। लोहड़ी भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है, विशेषकर हरियाणा और पंजाब में इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार नई फसल की खुशी में मनाया जाता है और अग्नि देव की पूजा का दिन होता है। इस दिन किसान भगवान का आभार व्यक्त करते हैं ताकि उनकी फसल अच्छी हो। मान्यता है कि अग्नि देव की पूजा करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। आपको बता दें, लोहड़ी की रात को अग्नि जलाकर उसमें तिल, गुड़, मूंगफली, रेवड़ी, खील और मक्की के दानों की आहुति दी जाती है। लोग लोहड़ी की परिक्रमा करते हैं और गीत गाते हैं। अब ऐसे में इस साल लोहड़ी का पर्व कब मनाया जाएगा और लोहड़ी का महत्व क्या है।

## लोहड़ी कब मनाई जाएगी?

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल मकर संक्रांति से ठीक एक दिन पहले लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। इसी क्रम में, वर्ष 2025 में भी लोहड़ी 13 जनवरी को मनाई जाएगी। इसके अगले दिन, 14 जनवरी को सुबह 8 बजकर 44 मिनट पर सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा।

लोहड़ी पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है?

वैदिक पंचांग के हिसाब से लोहड़ी के दिन भद्रावास और रवियोग बन रहा है। वहीं भद्रावास योग शाम 04 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। ऐसी मान्यता है कि इस योग में अग्निदेव की पूजा विधिवत रूप से कर लेनी चाहिए। इतना ही नहीं, इस दिन अद्रा और पुनर्वसु नक्षत्र भी बन रहा है।

## लोहड़ी के दिन पूजा का महत्व क्या है?

लोहड़ी के दिन सबसे पहले अग्नि देव की पूजा की जाती है। मान्यता है कि अग्नि देव हमारी रक्षा करते हैं और घर में सुख-शांति लाते हैं। लोहड़ी के दिन नई फसल का स्वागत किया जाता है। अग्नि में नई फसल के दाने डालकर भगवान से अच्छी फसल की कामना की जाती है। लोहड़ी की अग्नि को बुरी नजर से बचाने का प्रतीक माना जाता है। लोग अग्नि के चारों ओर परिक्रमा लगाते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। हड़ी के दिन लोग सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। अग्नि में घी, तिल, गुड़ आदि डालकर भगवान को प्रसन्न किया जाता है।



# लोहड़ी की अग्नि में जरूर डालें ये 3 चीजें, सुख-समृद्धि के साथ हो सकता है भाग्योदय

लोहड़ी का त्योहार हर साल मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाता है। यह पंजाब और हरियाणा में विशेष रूप से धूमधाम से मनाया जाने वाला एक लोकप्रिय त्योहार है। इस दिन शाम के समय लोग एक साथ मिलकर पवित्र अग्नि जलाते हैं। इस अग्नि को लोहड़ी की अग्नि कहा जाता है। अब ऐसे में इस पवित्र अग्नि में क्या डालने से लाभ हो सकता है। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

लोहड़ी का त्योहार विशेषकर पंजाब और हरियाणा में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार का नाम तिलोहड़ी शब्द से लिया गया है, जो तिल और रोरही गुड़ शब्दों के मेल से बना है। इस त्योहार के पीछे कई पौराणिक और ऐतिहासिक कथाएं जुड़ी हुई हैं, लेकिन इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना और नई फसल का स्वागत करना है।

लोहड़ी मुख्य रूप से किसान समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यह त्योहार रबी की फसल के कटने के बाद मनाया जाता है, इसलिए इसे फसल का त्योहार भी कहा जाता है। किसान अपनी कटी हुई फसल को अग्नि देवता को अर्पित करते हैं और एक समृद्ध वर्ष की कामना करते हैं। आपको बता दें, लोहड़ी को नए साल की शुरुआत के रूप में भी देखा जाता है। यह त्योहार सर्दियों के मौसम के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस दिन लोग आग के चारों ओर नृत्य करते हैं और गीत गाते हैं। लोहड़ी की रात को साल की सबसे लंबी रात माना जाता है, जिसे शीतकालीन संक्रांति भी कहते हैं।

इस दिन के बाद से दिन लंबे होने लगते हैं और सर्दी का प्रकोप कम होने लगता है। अब ऐसे में लोहड़ी की अग्नि में क्या डालना शुभ माना जाता है।

## लोहड़ी की अग्नि में डालें मूंगफली

मूंगफली को अन्न का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली डालकर किसान अपनी फसल की रक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं और आने वाले समय में अच्छी फसल की कामना करते हैं। मूंगफली को सूर्य देव को अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि सूर्य देव की कृपा से फसल अच्छी होती है। मूंगफली को समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली डालकर लोग अपने घर में सुख-समृद्धि लाने की कामना करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, मूंगफली को देवी लक्ष्मी का प्रिय फल माना जाता है। इसलिए लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली डालकर लोग देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करते हैं।



## लोहड़ी की अग्नि में डालें रेवड़ी



हिंदू धर्म में अग्निदेव को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ी डालकर लोग अग्निदेव को प्रसन्न करते हैं और उनसे सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मान्यता है कि लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ी डालने से बुरी शक्तियां नष्ट होती हैं और घर में सुख-शांति आती है। कई लोगों का मानना है कि लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ी डालने से बच्चों पर कोई संकट नहीं आता और वे स्वस्थ रहते हैं।

## लोहड़ी की अग्नि में डालें काले तिल

ज्योतिष शास्त्र में काले तिल को नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए ऐसा कहा जाता है कि नजरदोष से छुटकारा पाने के लिए लोहड़ी के दिन काले तिल लोहड़ी की आग्नि में डालकर अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हैं।



आप सभी इस बात से परिचित होंगे की भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। लोहड़ी उन सभी त्योहारों में से एक है और यह उत्तर भारत में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्योहार आमतौर पर मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाता है साथ ही मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर इस त्योहार का उल्लास रहता है। रात्रि में लोग खुले स्थान पर परिवार और अपने आस-पड़ोस के लोग मिलकर आग के किनारे घेरा बनाकर बैठते हैं। खासतौर पर यह त्योहार पंजाबी लोगों का प्रमुख त्योहार माना जाता है। लोहड़ी का त्योहार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।




# लोहड़ी क्यों है खास?

लोहड़ी को पंजाब प्रांत में किसान नव वर्ष के रूप में मनाते हैं। लोहड़ी में रबी की फसलें काटकर घरों में आती हैं और उसका ही जश्न मनाया जाता हैं। किसानों का जीवन इन्हीं फसलों के उत्पादन पर निर्भर करता हैं और जब किसी मौसम के फसलें घरों में आती हैं तो हर्षोल्लास से उत्सव मनाया जाता हैं। लोहड़ी में खासतौर पर इन दिनों गन्ने की फसल बोई जाती हैं और पुरानी फसल काटी जाती हैं। इन दिनों मुली की फसल भी आती हैं और खेतों में सरसों भी आती हैं। इसे ठंड की बिदाई का त्योहार भी माना जाता है।

## लोहड़ी है नव वर्ष का त्योहार

लोग इस पर्व को नाचते गाते और हंसी-खुशी से मानते हैं। शाम के समय में आग जला कर उसकी परिक्रमा करते हैं। सभी माताएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर लोहड़ी की अग्नि की चक्कर लगाती हैं और अग्नि में मूंगफली, रेवड़ी, मेवे, गज्जक, पॉपकॉर्न आदि की आहुति देते हैं। ऐसा माना जाता है कि लोहड़ी के चक्कर लगाने से बच्चे को किसी की नजर नहीं लगती। किसानों द्वारा अपनी नई फसल का आहुति दी जाती है तथा प्रसाद के रूप में सभी लोगों में रेवड़ी, मूंगफली, गज्जक बांटी जाती है।

## लोहड़ी मनाने की विधि

इस त्योहार में आग के ढेर पर अनेक वस्तुएं डाली जाती हैं, उनमें तिल, गुड़ और रेवड़ियां प्रमुख होती हैं। कुछ लोग गायत्री मंत्र पढ़कर आहुतियां देते हैं। फिर अग्नि की परिक्रमा करते हैं। सब लोग मिलकर रेवड़ियां खाते हैं और ढोल बजता है भांगड़ा डांस किया जाता है। जिनके घर बच्चे जन्म लिए होते हैं। वहां लोहड़ी का त्योहार बड़े उत्साह से मनाया जाता है।

## आज के समय में लोहड़ी

बदलते दौर के साथ लोहड़ी का त्योहार भी आधुनिक हो गया है। पहले के समय में लोग उपहार देने के लिए गुड़ और तिल का इस्तेमाल करते थे। आधुनिक दौर में लोग गुड़ तिल से बनी मिठाइयों की जगह केक और चॉकलेट जैसे उपहार देना शुरू कर दिए हैं। साथ ही वातावरण में बढ़ रहे प्रदूषण के कारण, लोग लोहड़ी मनाते समय पर्यावरण संरक्षण की सुरक्षा के बारे में अत्यधिक जागरूक और बहुत सचेत हो गए हैं। अलाव जलाने के लिए बहुत वृक्ष काटने के बजाय वृक्षारोपण कर के नए तरीके से लोहड़ी के त्योहार का आनंद लेते हैं।

## लोहड़ी के गीत का भी है अपना खास महत्व

लोहड़ी में गीतों का बहुत ही बड़ा महत्व है। इन गीतों से लोगों के जहन में एक नई ऊर्जा एवं खुशी की लहर दौड़ जाती है। गीत गाने के साथ-साथ नृत्य करके इस पर्व को मनाया जाता है। इन सांस्कृतिक लोक गीतों में खुशहाल फसलों आदि के बारे में वर्णन किया जाता है।





# बहन-बेटियों का त्योहार है लोहड़ी

**खेतों में सरसों के फूल लहराते दिखाई देते हैं। वर्ष की सभी ऋतुओं पतझड, सावन और बसंत में कई तरह के छोटे-बड़े त्योहार मनाए जाते हैं, जिन में से एक प्रमुख त्योहार लोहड़ी है जो बसंत के आगमन के साथ पौष महीने की आखरी रात को मनाया जाता है। इसके अगले दिन माघ महीने की सक्रांति को माघी के रूप में मनाया जाता है।**

वैसाखी त्योहार की तरह लोहड़ी का सबंध भी पंजाब के गांव, फसल और मौसम से है। इस दिन से मूली और गन्ने की फसल बोई जाती है। इससे पहले रबी की फसल काटकर घर में रख ली जाती है। लोहड़ी के त्योहार को नववधू, बहन, बेटी और बच्चों का उत्सव माना जाता है। पौराणिक मान्यता अनुसार सती के त्याग के रूप में यह त्योहार मनाया जाता है। कथानुसार जब प्रजापति दक्ष के यज्ञ की आग में कूदकर शिव की पत्नीं सती ने आत्मदाह कर लिया था। उसी दिन की याद में यह पर्व मनाया जाता है। यही कारण है कि इस त्योहार में बहन और बेटियों का बहुत महत्व माना जाता है।

## नववधू, बहन, बेटी और बच्चों का उत्सव

पंजाबियों के लिए लोहड़ी उत्सव खास महत्व रखता है। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चा हुआ हो उन्हें विशेष तौर पर बधाई दी जाती है। प्राय: घर में नव वधू या बच्चे की पहली लोहड़ी बहुत विशेष होती है। इस दिन बड़े प्रेम से बहन और बेटियों को घर बुलाया जाता है।

## बच्चों का उत्सव

गांवों में पौष मास के पूर्व से ही लड़के-लड़कियां और बच्चे लोहड़ी के लोकगीत गाकर लकड़ी और उपले एकत्रित करते हैं। इसी से मुहल्ले के किसी खुले स्थान पर आग जलाई जाती है।

नव विवाहित लड़के या जिन्हें पुत्र होता है उनके घर से पैसे लेकर अपने क्षेत्र में रेवड़ी बांटते हैं ये काम बच्चे करते हैं। लोहड़ी के दिन या उससे कुछ दिन पूर्व बच्चे मोहमाया या महामाई का चंदा मांगते हैं, इनसे लकड़ी एवं रेवड़ी खरीदकर सामूहिक लोहड़ी में उपयोग में लाते हैं। कहते हैं कि कुछ लड़के दूसरे मुहल्लों में जाकर 'लोहड़ी' से जलती हुई लकड़ी उठाकर अपने मुहल्ले की लोहड़ी में डाल देते हैं। इसे 'लोहड़ी व्याहना' कहलाता है। कई बार इस कार्य में छीना झपटी और झगड़े भी होते हैं। लोहड़ी के दिन विशेष पकवान बनते हैं जिसमें गजक, रेवड़ी, मुंगफली, तिल-गुड़ के लड्डू, मक्का की रोटी और सरसों का साग प्रमुख होते हैं। लोहड़ी से कुछ दिन पहले से ही छोटे बच्चे लोहड़ी के गीत गाकर लोहड़ी हेतु लकड़ियां, मेवे, रेवडियां, मूंगफली इकट्ठा करने लग जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में चार लोग घायल

**पूर्णिया।** टीकापटी थाना क्षेत्र में एसएच 65 के किनारे जमीन विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में जमकर गोलीबारी हुई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। जीतेंद्र कुमार गुप्ता और वेदानंद मंडल के बीच साढ़े तीन कट्ठा जमीन को लेकर चल रहे विवाद में यह घटना हुई, जिसमें दो राहगीर सुमित कुमार और पुरुषोत्तम कुमार के पैर में गोली लगी। वहीं शैलेंद्र कुमार के पैर में और संतोष मंडल के सिर में चोट आई। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पूर्णिया रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अतिम कुमार के अनुसार, यह जमीन एसडीओ कोर्ट में धारा 144 के तहत दर्ज थी और जीतेंद्र कुमार गुप्ता के पक्ष में फैसला आया था। घटना में करीब एक दर्जन गोलियां चलने की बात सामने आई है। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

### दुपट्टे से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**नावकोठी (बेगूसराय)।** टेकनपुर में आम के पेड़ में लटका हुआ एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। रविवार की सुबह जब लोग शौच के लिए निकला, तो बूढ़ी गंडक नदी किनारे आम के बगीचे में एक पेड़ से झूलता शव देखा। घटना की खबर बिजली की तरह फैल गयी। मृतक की पहचान टेकनपुरा निवासी मोहन यादव के 19 वर्षीय पुत्र रवीन कुमार उर्फ गुलटेन यादव के रूप में हुई। सूचना मिलते ही थाना के पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचकर पेड़ पर से शव को उतारा।

### बेतिया : अगवा कर जमीन लिखवायी, प्राथमिकी

**बेतिया।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महनागनी स्थित एक राइस मिल से दिहाड़ी मजदूर को अगवा कर कार में बैठाकर ले जाने का मामला आया है। मामला अगवा कर जबरन भूमि लिखवाने का है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें हाथ में पिस्टल लिये एक शख्स पीड़ित को कार में बैठा रहा है। प्रभात खबर इस वायरल फुटेज की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।एसडीपीओ सदर विवेक दीप ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सब्जी भरी कड़ाही में गिरी बच्ची, मौत

**अररिया।** मृत भोज के बाद घर पर सत्संग का आयोजन रविवार को किया गया था। जहां सब्जी की कड़ाही में डेढ़ वर्षीया बच्ची गिर गयी। परिजनों की सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉ नीरज कुमार ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार पलासी थाना क्षेत्र के पिपरा खूंटी टोल छप्पणियां निवासी नीरज ऋषिदेव की पुत्री सिमरन कुमारी सत्संग का बना सब्जी की कड़ाही में गिर जाने के कारण बुरी तरह झुलस गयी थी।

### बाइक चोर गिरोह के आधा दर्जन गिरफ्तार

**लखीसराय।** पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए आधा दर्जन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तीन अपाची व एक पल्सर बाइक बरामद की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि दिसंबर महीने में आयोजित अपराध गोष्ठी में बाइक चोरी को लेकर विश्लेषण किया गया। जिसमें पाया गया कि लखीसराय टाउन एरिया के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी बाइक चोरी करने वाले गैंग सक्रिय है। वहीं सूचना के आधार पर उनके द्वारा एसडीपीओ शिवम कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गयी। इसी दौरान शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान किऊल मध्य विद्यालय के समीप एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध लोगों को देखा गया था, जो पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम के द्वारा दो लोगों को पकड़ लिया गया।

# बीपीएससी परीक्षा को ले छात्रों ने कराया बिहार बंद, कई जगह आगजनी और चक्का जाम

- सांसद पप्पू यादव ने बंद का समर्थन करने के लिए विपक्षी पार्टियों को किया आमंत्रित






**पटना।** बिहार से पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने बीपीएससी 70वीं पीटी की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को बिहार बंद का रखा गया। पटना, मधेपुरा और कटिहार में इसका असर दिखा। छात्र युवा शक्ति संगठन के सदस्य बीपीएससी की दोबारा परीक्षा को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पप्पू यादव भी बिहार बंद को समर्थन दे रहे हैं और इसे सफल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को हिरासत में ले लिया था।

इधर छात्र युवा शक्ति के बैनर तले शहीद चौक पर जुटे संमर्थकों ने सड़क जाम कर दी। पप्पू यादव ने बंद का समर्थन करने के लिए सभी विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि बिहार बंद में अगर तेजस्वी यादव शामिल होते हैं तो उनके नेतृत्व में हम चलने को तैयार हैं। बिहार में बीपीएससी परीक्षा की कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों का आंदोलन दिन ब दिन जोर पकड़ता ही रहा है। बिहार के पटना में रविवार को बीपीएससी री- एग्जाम और बहाली परीक्षाओं में गड़बड़ी की जांच को लेकर छात्रों का प्रदर्शन जारी है। पटना में जगह-जगह पर बीच सड़क पर छात्र आगजनी कर यातायात को बाधित कर रहे हैं। साथ ही छात्रों ने पटना के अशोक राजपथ पर हंगामा किया और आगजनी की। इस बंद का भीम आर्मी और औवेशी की पार्टी ने समर्थन किया है।

बता दें कि बिहार में बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा विवाद के बीच 4 जनवरी को 12 हजार अभ्यर्थियों के लिए री-एग्जाम आयोजित हुआ। करीब 12 हजार अभ्यर्थियों के लिए 22 परीक्षा सेंटर पर री-एग्जाम संपन्न हुआ। अब आयोग जल्द ही प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहा है। दरअसल, 13 दिसंबर को बिहार के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी।

इससे पहले भी पटना में छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया है। छात्रों का कहना है कि सरकार उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे। अब तक सरकार की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छात्रों और विपक्षी दलों का कहना है कि उनकी मांगें नहीं मानी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## सीएम ने मधुबनी जिले को दी 1107 करोड़ से अधिक की सौगात

- 139 योजनाओं का किया उद्घाटन, कार्यारंभ एवं शिलान्यास



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में मधुबनी जिले को 1107 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 139 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन, कार्यारंभ एवं शिलान्यास किया।

प्रगति यात्रा के क्रम में मधुबनी जिला के प्रखंड खुटौना स्थित ग्राम दुर्गीपट्टी। पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अमर शहीद रामफल मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिला अंतर्गत खुटौना प्रखंड के ग्राम दुर्गीपट्टी के वार्ड संख्या-14 में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों एवं शिक्षिकाओं से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे एवं शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

ग्राम दुर्गीपट्टी में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले में अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत कुल 926 बास भूमि विहीन परिवारों के बीच पर्चा एवं नवनियुक्त अमीनों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने स्टॉल निरीक्षण के क्रम में जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। जब हम सांसद थे और केंद्र में मंत्री थे तब विभिन्न जगहों पर जाकर हमने स्वयं सहायता समूहों के कामों को देखा था। राजकीय मध्य विद्यालय दुर्गीपट्टी के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री सुक्की गांव स्थित निरीक्षण स्थल पर पहुंचकर पुरानी कमला धार, जीवछ नदी, जीवछ कमला, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण की प्रस्तावित योजना का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस प्रस्तावित योजना से कमला बलान नदी के अत्यधिक पानी को सुखाड़ वाले इलाके में पहुंचाना है और बाढ़ अवधि में कमला बलान तटबंध के दबाव को कम करना है। साथ ही बाढ़ अवधि के समय नदी में आये अत्यधिक पानी को डायवर्ट कर बाढ़ के प्रतिकूल प्रभाव से जनजीवन को प्रभावित होने से बचाना भी है। इस योजना का उद्देश्य है कि सूखाग्रस्त इलाके में पानी पहुंचाकर खेती योग्य भूमि को अत्यधिक उपजाऊ बनाना है। इस योजना के पूर्ण होने से लगभग 10 हजार हेक्टेयर में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जल की उपलब्धता के कारण जलीय उत्पाद मखाना आदि के पैदावार में बढ़ोत्तरी होगी। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और मधुबनी एवं दरभंगा जिले के ग्राउंड वाटर टेबल के रिचार्ज में भी लाभ होगा। इस योजना की प्राक्कलित राशि 358.20 करोड़ रुपये है। इससे मधुबनी एवं दरभंगा जिले के 92 गांव लाभान्वित होंगे।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने झंझारपुर प्रखंड के अररिया संग्राम ग्राम के समीप सुगरवे बियर रिवरफ्रंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुगरवे नदी पर 1396.11 लाख रुपये की नदी तट विकास एवं सुरक्षात्मक कार्यों का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने सुगरवे बियर रिवर फ्रंट का निरीक्षण भी किया।

## मढ़ौरा में चीनी मिल चलाने की सुगबुगाहट हुई तेज

**मढ़ौरा( सारण)।** वर्षों से बंद पड़ी मढ़ौरा चीनी मिल को चलाने को लेकर स्थानीय स्तर पर सुगबुगाहट तेज हो रही है। मिल के पुनर्स्थापन के लिए रविवार को वेटरन्स फोरम के सचिव डॉ बीएनपी सिंह एवं पंचमेल संस्था के सचिव प्रोफेसर पृथ्वीराज सिंह के संयोजकत्व में मढ़ौरा के बुद्धिजीवियों, व्यापारियों, किसानों की एक बैठक मढ़ौरा में हुई। इस बैठक में मढ़ौरा चीनी मिल के पुनर्स्थापना की दिशा में विभिन्न पक्षों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। जिसमें तय किया गया कि किसानों और मजदूरों की एक सहयोग समिति का गठन किया जाएगा और इस मामले को राष्ट्रीय कंपनी ला ट्रिब्यूनल, दिल्ली में उठाया जाएगा।

डॉ बीएनपी सिंह ने पूर्व में बीआईएफआर के वाद संख्या 99/92 के आदेश के संदर्भ में विश्लेषित करते हुए सभी हितधारकों को आस्वस्त करने का प्रयास किया कि किसानों और गन्ना उत्पादक मजदूरों की सहयोग समिति की बातों के पक्ष को कंपनी ला ट्रिब्यूनल में उठाने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। पृष्ठभूमि अध्ययन के आधार पर उन्होंने कहा कि मिल के चालू होने की संभावना अब भी चूकी नहीं है। जरूरत है इस मुद्दे को उचित फोरम पर गंभीरता से उठाने की। वाद संख्या 99/92 के आलोक में प्रोफेसर पृथ्वीराज सिंह ने कहा कि 2015 तक इस मामले का संचालन भारत सरकार की संस्था आईएफसीआई द्वारा की जा रही थी और इसकी देनदारी उस समय कुल 77.78 करोड़ तय की गई थी। बीआईएफआर के आदेश में नई कंपनी से निविदा मांग करने का आदेश दिया गया था जिसमें किसानों मजदूरों की सहयोग समिति को भी शामिल करने का आदेश पारित किया गया था। वरिष्ठ पत्रकार शिवानुग्रह सिंह ने कहा कि सरकारी समिति को बनाने में इस पक्ष का ध्यान रखा जाएगा कि इसमें राजनीति ना हो और कोई राजनीतिक पदधारी व्यक्ति या चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति इसका लाभ न ले सके।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप के शपथ ग्रहण...

ट्रंप सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे जयशंकर : विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को कहा कि वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे।

ट्रंप की जीत पर जयशंकर का आया था बयान : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर एक खास बयान दिया था, जिसकी काफी चर्चा हुई थी। दरअसल, जयशंकर ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव के बाद बहुत से देश अमेरिका को लेकर घबराए हुए हैं, लेकिन भारत उन देशों में शामिल नहीं है। जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप को की गईं पहली तीन फोन कॉल में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल थे।

20 जनवरी को शपथ लेंगे ट्रंप : शपथ ग्रहण समारोह 20 जनवरी को होने वाला है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत के लगभग दो सप्ताह बाद होगा। इससे पहले 6 जनवरी को ट्रंप की चुनावी जीत को उनके शपथ ग्रहण से पहले प्रमाणित कर दिया गया था, जिसमें किसी भी सांसद ने कोई आपत्ति नहीं जताई थी, क्योंकि सदन में राज्यों की संख्या की घोषणा की गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने 312 चुनावी वोट जीते, जबकि कमला हैरिस को 226 वोट मिले। सोमवार को प्रमाणीकरण के दौरान कुल वोटों की पुष्टि की गई, जो 20 जनवरी को ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने से पहले चुनाव प्रक्रिया का अंतिम चरण था।

### खनौरी बॉर्डर पर...

मृतक किसान का नाम जग्गा सिंह है, जो कि पंजाब के फरीदकोट के गोदारा गांव के रहने वाले थे। किसान जग्गा सिंह के निधन ने चिंताएं बढ़ा दी हैं, क्योंकि खनौरी बॉर्डर में ही किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाले लंबे वक्त से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। उनकी तबीयत लगातार खराब हो रही है। डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने को भी कहा, लेकिन वे अपने आमरण अनशन पर अड़े हुए हैं।

**किसान संगठनों ने की मुआवजे की मांग** : बुजुर्ग किसान जग्गा सिंह पंजाब के फरीदकोट के गोदारा गांव में रहते थे। वे खनौरी बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जग्गा सिंह को दिल का दौरा पड़ा थे, जिसके चलते उनकी तबीयत काफी खराब हो गई थी। उन्हें पटियाला के सरकारी राजिंदरा अस्पताल दाखिल कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। किसान संगठनों ने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। किसान नेता ने कहा है कि आंदोलन में कई किसानों की मौत हो चुकी है। किसान नेताओं ने कहा है कि आंदोलन में कई किसानों की मौत हो चुकी है, मगर सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। जग्गा सिंह का पांच बेटों और एक बेटी का परिवार है। उनके शव को आज खनौरी मोर्चे में लाया गया था, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सोमवार को उनका पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**पहले भी हो चुकी है किसान की मौत** : बता दें कि 9 जनवरी को तरनतारन जिले के पाहुविंड गांव के 55 साल के किसान रेशम सिंह शंभू बॉर्डर पर सल्फास खाकर जान दे दी थी। रेशम सिंह पटियाला के राजिंदर अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनका निधन हो गया था। बता दें कि एमएसपी की गारंटी को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 47 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। उनकी हालत भी नाजुक है। उनकी लेटेस्ट हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार उनका कीटोन बॉडी रिजल्ट 6.53 आया है, जो कि 0.02 से 0.27 होना चाहिए। उनका यूरिक एसिड 11.64 हो गया है, जो कि साधारण तौर पर 3.50 से लेकर 7.20 के बीच होना चाहिए। डल्लेवाल का बिलरुबिन डायरेक्ट 0.69 है, जो कि 0.20 से कम होना चाहिए। डल्लेवाल के शरीर में प्रोटीन, सोडियम, पोटेशियम और क्लोराइड की भारी कमी है, जिसके चलते उनकी सेहत को बड़ा खतरा है।

### दुमकाः जज का...

इस संबंध में जरमुंडी थाना में मोबाइल चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर अनुसंधान एवं कार्रवाई के लिए छापेमारी टीम का गठन किया गया।

विभिन्न टेक्निकल स्रोतों से साहिबगंज जिला के तीन पहाड़ के मोबाइल चोर गैंग की संलिप्तता का पता चला और तीन पहाड़ के बाबूपुर गांव से दो अपराधियों को गिरफ्त में लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं बंगलादेश बार्डर से अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों को दुमका न्यायालय में उपस्थापित करते हुए जेल भेज दिया गया। जरमुंडी थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सभी का साहिबगंज के तीन पहाड़ से संबंध रहा है और देवघर एवं बासुकीनाथ मंदिर सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों का मोबाइल गायब करने का काम करते थे। अपराधी चोरी का मोबाइल साहिबगंज के तीन पहाड़ भेजा करते थे और वहां से विभिन्न राज्यों एवं बांग्लादेश में बेचा जाता था।

### कार्मेल स्कूल की...

टीम में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्यों को शामिल किया गया है। डालसा की टीम रविवार को जांच के लिए स्कूल पहुंची। छानबीन की और साक्ष्य को सुरक्षित रखने के लिए प्राचार्य के कमरे को सील कर दिया। टीम ने छात्राओं, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से भी मामले की जानकारी ली गई। सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित करने के उद्देश्य से प्राचार्या का कक्ष सील कर दिया गया। जांच के दौरान जोड़ापोखर थाना के एसआई कौलेश्वर राम भी थे।

### आज के युवा...

**विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है देश** : विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि "इस दशक के अंत तक भारत ने 500 गीगावॉट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। अगले दशक में हमारे सामने एक बड़ा लक्ष्य ओलंपिक की मेजबानी करना है। 2035 तक हमें अंतरिक्ष में अपना स्टेशन स्थापित करना है। दुनिया ने चंद्रयान की सफलता देखी, अब हम गगनयान की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन हमें इससे भी आगे के बारे में सोचना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि जब अर्थव्यवस्था बढ़ती है, तो यह जीवन के हर स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करती है।

**लक्ष्य बहुत बड़ा लेकिन असंभव नहीं** : विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत की युवा शक्ति भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। जो लोग डेटा की गणना करते हैं वे सोच सकते हैं कि यह असंभव है, मुझे पता है कि यह है लक्ष्य बहुत बड़ा है लेकिन असंभव नहीं।

**विकसित भारत के लिए पूरा देश प्रतिबद्ध** : पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले दशक के अंत तक 10,000 अरब डॉलर के मील के पत्थर को पार करेगी। यदि विकसित भारत का विचार हमारे हर फैसले, कदम और नीति का मार्गदर्शन करे तो कोई भी शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक सकती। भारत ने 2030 तक पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य तय कर रखा है, हम उससे पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। किसी देश को आगे बढ़ने के लिए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की जरूरत है और आज भारत यही कर रहा है।

### पीएम जम्मू-कश्मीर...

ड्रोन से निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त चौकियां स्थापित कर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी है। वाहनों और यात्रियों की गहन तलाशी के बाद ही उन्हें आगे बढ़ने दिया जा रहा है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

स्थानीय लोगों को भी दिया गया निमंत्रण : स्थानीय प्रशासन ने जिले के लोगों को भी निमंत्रण दिया है। लोगों का कहना है कि उन्हें बताया गया है कि प्रधानमंत्री सभा को संबोधित भी करेंगे। हालांकि लोगों को संबोधित करने से पहले पीएम टनल बनाने वाले इंजीनियरों और श्रमिकों से बात करेंगे।

जेड-मोड़ सुरंग जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग को जोड़ती है। यह सुरंग समुद्र तल से 2,637 मीटर (8,652 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। इसे 80 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से प्रति घंटे 11,000 वाहनों को संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सुरंग का निर्माण न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड का उपयोग करके किया गया है. जेड मोड़ सुरंग एनएच 1 श्रीनगर-लेह राजमार्ग का हिस्सा है। इस परियोजना को 24 अरब रुपये की लागत से मंजूरी दी गई थी।

टनल खोलेगी विकास के नए रास्ते : मुख्यमंत्री जेड मोड़ टनल विकास के नए रास्ते खोलेगी। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा आसान बनाएगी। सोनमर्ग जल्द ही शीतकालीन खेलों के गंतव्य के रूप में उभरेगा। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हैं, जो सोमवार को टनल का उद्घाटन करने जम्मू-कश्मीर आएंगे। अब हम जोजिला टनल के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं, जो कुछ वर्षों में कनेक्टिविटी को और बढ़ाएगी। अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करने के लिए हमें बुनियादी ढांचे को उन्नत करना होगा। यह कश्मीर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर खड़ा करने के लिए आवश्यक है। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि अगले पांच वर्षों में सोनमर्ग को गुलमर्ग की तरह विकसित किया जाए और कश्मीर में एक और स्कीइंग गंतव्य बने।

### झारखंड सीजीएल परीक्षा...

उन्होंने बताया कि सीआईडी दो केस में जांच कर रही है। एक केस कैंडिडेट की तरफ से दर्ज कराई गई है। जबकि दूसरी एफआईआर जेएसएससी के अधिकारियों की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर दर्ज कराई गई है।

अनियमितता से जुड़ीं 40 शिकायतें मिलीं : डीजीपी ने बताया कि झारखंड पुलिस के पास पिछले कुछ दिनों में अनियमितता से जुड़ीं 40 शिकायतें आई हैं। उनकी जांच की जा रही है। एविडेंस के तौर पर कई व्हाट्सएप चैट, फोटोग्राफ्स, मोबाइल फोन, फोन कॉल्स और कई तथ्य समेत जानकारियां भी उपलब्ध कराई गई हैं। जिसकी वेरिफिकेशन की जा रही है। उसके बाद परीक्षा अनियमितता हुई है या नहीं हुई है। उसके निष्कर्ष पर पुलिस पहुंचेगी।

### बीजापुर में दो...

उन्होंने कहा कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। इसके साथ ही 2025 में राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 14 नक्सली मारे जा चुके हैं। नारायणपुर-दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों की सीमा पर अबूझमाड़ में सुरक्षा बलों द्वारा 6 जनवरी को समाप्त हुए तीन दिवसीय नक्सल विरोधी अभियान के दौरान दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए। 9 जनवरी को सुकमा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। इससे पहले 3 जनवरी को रायपुर संभाग के गरियाबंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था। पुलिस के अनुसार पिछले साल राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इस साल 6 जनवरी को नक्सलियों ने बीजापुर जिले में एक वाहन को आईईडी से उड़ा दिया था, जिसमें आठ पुलिसकर्मी और उनके चालक की मौत हो गई थी।

**आईईडी की चपेट में आए दो जवान** : बीजापुर के जांगला थाना क्षेत्र के जैगुर में दो जवान प्रेसर आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गए। दोनों जवानों के घायल होने की खबर है। जानकारी के अनुसार दोनों आरओपी के लिए निकले थे। बता दें कि, नक्सल प्रभावित बीजापुर में आईईडी धमाकों के मामलों में लगातार तेजी देखी जा रही है।

### रांची में महिला...

**झारखंड की छह खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल** : हॉकी इंडिया लीग में झारखंड की 6 खिलाड़ी शामिल हैं। सुरमा हॉकी क्लब की ओर से झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान खेलेंगी, दिल्ली की टीम से संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग खेलेंगी। वहीं ब्यूटी डुंगडुंग और विनिमा धान बंगाल टाइगर की तरफ से खेलेंगी।

### हथियार के साथ टीएसपीसी...

रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि भरतजी के साथ-साथ पुलिस ने टीएसपीसी के जोनल कमांडर अरविंद के बॉडीगार्ड रूपेश को भी दबोचा है। दोनों की गिरफ्तारी रांची के बुढ़मू इलाके से की गई है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से तीन देसी पिस्तौल, छह कारतूस के साथ राउटर और मोबाइल भी जब्त किया गया है।

एक दर्जन कारोबारियों को किया था कॉल : रांची के रूरल एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया टीएसपीसी के नाम पर हाल के दिनों में कारोबारियों को लगातार धमकी दी जा रही थी, उन सभी को कॉल कर रंगदारी मांगी जा रही थी। कुछ लोगों की साइट पर दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की गई थी। यह मामला सामने आने के बाद उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी बीच यह सूचना मिली कि टीएसपीसी के कुछ उग्रवादी बुढ़मू में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। सूचना के आधार पर शनिवार की देर रात उग्रवादियों के ठिकाने पर छापेमारी की गई, जहां कई लोग आग ताप रहे थे और पुलिस को देख कुछ लोग भागने में कामयाब हो गए। लेकिन एरिया कमांडर भरतजी और रूपेश मौके से पकड़ा गया।

रांची और रामगढ़ थाने में कई मामले दर्ज : गिरफ्तार उग्रवादियों के ऊपर रांची और रामगढ़ में कई मामले दर्ज हैं। सुनील मुंडा उर्फ भारतजी के खिलाफ रांची के बुढ़मू, पिठोरिया और ठाकुरगांव में कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा रामगढ़ के पतरातू थाना में भी कई कांड इनके खिलाफ दर्ज हैं।

### चाईबासा के जंगल...

आईईडी को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट किया गया।

10 दिसंबर, 2023 से चलाया जा रहा अभियान : एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ 10 दिसंबर, 2023 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलियों के सफाये तक अभियान जारी रहेगा।

### आईपीएल 2025...

राजीव शुक्ला ने बताया कि आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा। यानी इस दिन टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला खेला जाएगा। जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। दरअसल, रविवार को बीसीसीआई की विशेष आम बैठक (एजीएम) हुई। इसी दौरान यह फैसला लिया गया है।

सैकिया बने बीसीसीआई के नए सचिव : राजीव शुक्ला ने बताया है कि मीटिंग में एक ही बड़ा मुद्दा था, वो कोषाध्यक्ष और सचिव का चयन था। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूपीएल (महिला प्रीमियर लीग) के वेन्यू भी स्पष्ट हैं, जिसका एलान जल्द होगा। आईपीएल कमीश्नर की नियुक्ति भी एक साल के लिए कर दी गई है। बता दें कि, देवजीत सैकिया बीसीसीआई के नए सचिव बने हैं। जबकि प्रभतेज सिंह भाटिया कोषाध्याक्ष चुने गए। दोनों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। 1 दिसंबर को जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चेयरमैन का पद संभालने के बाद सैकिया बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे थे। अब उन्हें फुलटाइम जिम्मेदारी मिल गई है।

कब होगा चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टीम का एलान? : बता दें कि भारतीय टीम को अगले महीने चैम्पियंस ट्रॉफी भी खेलनी है। इसके लिए अब तक भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज भी होगी। टी20 के लिए टीम का ऐलान हो गया है। जबकि वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान होना बाकी है। इसी को लेकर जब उपाध्यक्ष राजीव से सवाल हुआ तो उन्होंने बताया कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का सेलेक्शन 18-19 जनवरी को होने वाली मीटिंग में होना है। इसी दिन टीम का एलान भी किया जा सकता है।

## एटीएम में लोगों के कार्ड को फंसाकर पैसे ठगने के नए तरीके आए सामने, रहें सतर्क



नई दिल्ली। एटीएम में काली पट्टी फंसाकर लोगों के कार्ड को फंसा देना और फिर फर्जी हेल्पलाइन नंबरों के द्वारा पैसे निकालने का नया तरीका अपराधियों ने अपना लिया है। हाल ही में पटना और आसपास के इलाकों में तीन लोगों के साथ इसतरह की धोखाधड़ी हुई है। जहां पहले मामले में 5 जनवरी को बिहार के पटना स्थित परसा बाजार निवासी रणविजय सिंह सेंट्रल बैंक के एटीएम से 10 हजार रुपए निकालने गए। ट्रांजैक्शन के बाद उनका कार्ड मशीन से बाहर नहीं आया। इसी बीच दो लोग आए और उन्होंने रणविजय को पास की बैंक शाखा या दिए गए नंबर पर कॉल करने को कहा। रणविजय ने नंबर पर कॉल किया, लेकिन नंबर बंद था। वे कार्ड छोड़कर बैंक गए, और तभी उनके खाते से 81 हजार रुपए निकाल लिए गए। दूसरे मामले में पंडारक के शशि कपूर पासवान के साथ ऐसा ही हुआ। उनका कार्ड बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में फंस गया। दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर शातिर ने उन्हें पिन डालने और कैंसिल बटन दबाने को कह दिया। थोड़ी ही देर में उनके खाते से 38,500 रुपए निकाल लिए गए। तीसरे मामले में जहानाबाद के धीरज कुमार का कार्ड एसबीआई एटीएम में फंस गया। दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर उन्हें बताया गया कि कार्ड दोपहर बाद निकलेगा। वे कार्ड छोड़कर चले गए, और उनके खाते से 1.11 लाख रुपए ट्रांजेक्शन और शॉपिंग के जरिए निकाल लिए गए।

## जम्मू में नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सेना ने तेज किया तलाशी अभियान

जम्मू। सेना ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया तलाशी अभियान रविवार को ड्रोन और अन्य नवीनतम उपकरणों की मदद से तेज कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा जोगीवन वनक्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दिए जाने के बाद शनिवार को भट्टल क्षेत्र में सेना की विभिन्न इकाइयों द्वारा तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्हें संदेह था कि वे घुसपैठिये आतंकवादी थे। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान जारी है तथा व्यापक क्षेत्र को शामिल करने के लिए अधिक जवानों को तैनात किया गया है, हालांकि अभी तक संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके की तलाशी के लिए खोजी कुत्तों के अलावा ड्रोन और अन्य नवीनतम उपकरण भी तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि सेना के इस तलाशी अभियान में पुलिस के दल भी शामिल हुए हैं। पिछले वर्ष 28 और 29 अक्टूबर को अखनूर सेक्टर में सुरक्षाबलों ने दो दिवसीय अभियान में पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादियों को मार गिराया था।

## कम उम्र के बच्चों के ऑनलाइन पेमेंट माता-पिता की अनुमति से

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 18 साल से कम उम्र के बच्चों के ऑनलाइन लेनदेन के लिए नियमों में बदलाव किए जाने का प्रारूप तैयार किया गया है। बच्चों के खाते से ऑनलाइन लेनदेन करने का ओटीपी का ईमेल और मोबाइल फोन पर बच्चों के पैरंट को भी मिलेगा। उनके द्वारा पुष्टि कर देने के बाद ही भुगतान संभव होगा। वर्तमान में जिस तरह से डिजिटल क्राइम बढ़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे स्वयं ऑन लाइन पेमेंट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी वह सक्रिय रहते हैं। ऐसी स्थिति में दुरुपयोग को रोकने के लिए अब माता-पिता या जो भी पालक हैं। उनके पास सूचना आएगी, तभी लेनदेन संभव हो सकेगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इसके लिए नियमों में परिवर्तन करने जा रहा है। सरकार ने दावे और आपत्ति के लिए 18 फरवरी तक की तारीख तय की है। इसकी सुनवाई होने के पश्चात अप्रैल 2025 से इसे लागू किया जा सकता है। इस संशोधन के बाद साइबर क्राइम और सोशल मीडिया पर नाबालिक बच्चों के माता-पिता को निगाह रखने में आसानी होगी। बच्चों के नाम पर जो सिम कार्ड जारी होगी। उसके लिए हर स्तर पर पेरेंट्स की सहमति को अनिवार्य किया जाएगा।

## भूपेंद्र हुड्डा ने चेताया कहा- नशे की भेंट चढ़ रही हरियाणा की जवानी

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भेपेंद्र सिंह हुड्डा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि इस वक्त राज्य में नशे ने युवाओं की जिंदगी दांव पर लगा दी है। उन्होंने कहा कि दूध-दही के खाने वाले हरियाणा को नशा तस्करों ने ड्रग्स, अफीम, चिट्टा, हेरोइन, ब्राउन शुगर, स्मैक, चरस, गांजा, कोकीन, भांग और सुल्फा का अड्डा बना दिया है। नशा कारोबारी बेखौफ अपने साम्राज्य को फैला रहे हैं, जिससे उनका नेटवर्क हर गांव, गली व मोहल्ले तक पहुंच गया है। हुड्डा ने कहा कि युवाओं से लेकर महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं। हरियाणा की पहचान उसका शुद्ध, सात्विक खाना, उर्जावान युवा, जवान और खिलाड़ी होते थे, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसे नशे में 'उड़ता हरियाणा' बना दिया है। अब हरियाणा की जवानी नशे की भेंट चढ़ रही है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दिसंबर 2023 में राज्यसभा में पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा में नशा करने वाले 16.51 फीसद लोग अफीम, हेरोइन और चिट्टा का इस्तेमाल करते हैं। 11 प्रतिशत लोग नशे के लिए गांजा, भांग और चरस तथा पांच प्रतिशत लोग नींद के लिए ली जाने वाली नशीली दवाइयों और बड़ी मात्रा में लोग कोकीन का भी इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने पिछले पांच साल में लगभग 15 लाख लोग नशा मुक्ति के लिए सरकारी अस्पतालों की ओपीडी और नशा मुक्ति केंद्रों में पहुंचे हैं। हालांकि यह आंकड़ा इससे कई गुना बड़ा हो सकता है क्योंकि नशे की दलदल में फंसे लाखों लोग इलाज के लिए आगे नहीं आते हैं और अपनी जिंदगी तबाह कर लेते हैं।

# भारत का बड़ा कदम : इंडोनेशिया को अब देगा ब्रह्मोस मिसाइल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चुनौतीपूर्ण सुरक्षा हालात के बीच भारत की कोशिश एक ओर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी सभी घरेलू जरूरतों को पूरा करने की है। वहीं, दूसरी ओर वह निर्यात के जरिए स्वदेश में बनाए गए सैन्य हथियारों को तेजी के साथ दुनिया के दूसरे देशों को देने का इच्छुक है। जिससे उनकी सामरिक क्षमता को भी मजबूती प्रदान की जा सके। इसी क्रम में भारत, इंडोनेशिया को ध्वनि की गति से भी अधिक तेजी से मार करने में सक्षम 'सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल' देगा। रक्षा सूत्रों ने बताया यह समूची कवायद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने वाले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की भारत यात्रा से ठीक पहले हो रही है। इसे देखते हुए यह संभावना जताई जा रही है कि दोनों देशों के बीच ब्रह्मोस मिसाइल समझौते की घोषणा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से ऐन पहले या उसके साथ भी की जा सकती है। गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के बाद भारत और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बीच राजधानी में एक द्विपक्षीय बैठक होना तय है। यहां बता दें कि




भारत की तीनों सशस्त्र सेनाएं वर्ष 2006 से (सेना, वायुसेना और नौसेना) ब्रह्मोस मिसाइल के विभिन्न संस्करणों का प्रयोग कर रही हैं।

भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस मिसाइल के मामले पर चर्चा की शुरुआत पिछले दिसंबर महीने में नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी की इंडोनेशिया की यात्रा के दौरान हुई थी। वहीं, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय ने राजधानी जकार्ता में मौजूद भारतीय दूतावास को ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद को लेकर लगभग 450 मिलियन डॉलर के समझौते से जुड़ा हुआ एक पत्र भी सौंपा है। उधर, भारत ने इंडोनेशिया से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) या किसी अन्य भारतीय राष्ट्रीय बैंक के जरिए समझौते से जुड़ी उक्त धनराशि को ऋण (लोन) पर लेने के पेशकश की है। जबकि इसके पूर्व में एक्जिम बैंक (आयात-निर्यात बैंक) द्वारा इंडोनेशिया के ऋण से जुड़ी प्रक्रिया को पूरा करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन यह हो नहीं सका।

भारत ने सबसे पहले अपने देश के बाहर वर्ष 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल (290 किलोमीटर की मारक क्षमता) दी थी। इसके लिए दोनों देशों के बीच कुल करीब 374.96 मिलियन डॉलर का एक समझौता हुआ था। जिसमें तट आधारित युद्धपोत रोधी मिसाइल सिस्टम दिया गया था। समझौते में हालांकि मिसाइल की तीन बैटरियां भी शामिल थीं। जिसे भारत ने फिलीपींस को सौंपा था। अब इंडोनेशिया दुनिया का दूसरा ऐसा देश होगा जिसे भारत द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल दी जाएगी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि फिलीपींस और इंडोनेशिया दोनों ही दस सदस्यीय आसियान समूह में शामिल देश हैं। जिन्हें भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल दी है। इन दोनों के अलावा भारत और वियतनाम के बीच भी ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर चर्चा जारी है। मूलरूप से यह मिसाइल वर्ष 1998 में भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई ब्रह्मोस परियोजना के तहत विकसित की गई थी। इसके निर्माण में भारत का रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस का एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया शामिल हैं। मिसाइल का नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मस्क्वा नदी के नाम पर ब्रह्मोस रखा गया है।

## ग्रेटर नोएडा : केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, 32 दमकल गाड़ियों ने 6 घंटे में पाया काबू

- सुबह 3:30 बजे लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान लेकिन जनहानि नहीं
- 32 दमकल गाड़ियों ने संभाला मोर्चा

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में रविवार तड़के भीषण आग लग गई। इस हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग इतनी भयावह थी कि उस पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 32 गाड़ियों को लगाया गया और इसे बुझाने में लगभग 6 घंटे का समय लगा। हादसा रविवार सुबह करीब 3:30 बजे बांके बिहारी केमिकल प्लांट में हुआ। आग लगने के बाद कुछ ही समय में पूरी फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई। केमिकल फैक्ट्री से उठते काले धुएं के गुब्बार और तेज लपटों को देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया गया। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल विभाग ने तुरंत 32 गाड़ियों को मौके पर भेजा। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में केमिकल होने के कारण आग तेजी से फैलती जा रही थी, जिससे इसे बुझाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दमकलकर्मियों ने करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस भीषण हादसे में हालांकि किसी की जान नहीं गई, जो राहत की बात है। लेकिन फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आग लगने के संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट या केमिकल रिएक्शन के कारण लगी हो सकती है, लेकिन इस पर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## ट्रंप की शपथ से पहले अमेरिका की राजनीति में उथल-पुथल शुरू, जैक स्मिथ ने दिया इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। इससे पहले ही अमेरिका की राजनीति में उथल पुथल शुरु हो गई है। ट्रंप विरोधी या तो अपने बचाव के रास्ते ढूंढ रहे हैं या फिर अपना पद छोड़ रहे हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी अभियानों के दौरान अपने आलोचकों और विरोधियों से सख्ती से निपटने की बात कही थी। उनके राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद उनके विरोधियों में खौफ का माहौल दिखाई देने लगा, जिसका ताजा उदाहरण विशेष वकील जैक स्मिथ का इस्तीफा है।



विशेष वकील जैक स्मिथ ने न्याय विभाग से अपना इस्तीफा सौंप दिया। स्मिथ वही वकील हैं, जिन्हें 2023 में ट्रंप पर लगे आरोपों की जांच के लिए नियुक्त किया गया था। उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को पलटने की साजिश और ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित 'मार-ए-लागो एस्टेट' में खुफिया दस्तावेजों को अवैध रूप से रखने के मामलों की जांच की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जैक स्मिथ ने अपना इस्तीफा अदालत में एक दस्तावेज के जरिए दिया है। यह कदम ऐसे समय में आया है, जब अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ट्रंप की जांच से संबंधित रिपोर्ट को सार्वजनिक करने या गुप्त रखने को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। स्मिथ ने हाल ही में अपनी अंतिम रिपोर्ट दो खंडों में अटॉर्नी जनरल को सौंपी है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने अपने समर्थकों के सामने इन जांचों को राजनीतिक शिकार करार दिया। ट्रंप ने अदालत से अपील की थी कि स्मिथ की रिपोर्ट को गुप्त रखा जाए, लेकिन अदालत ने इस अनुरोध को खारिज कर दिया। स्मिथ की टीम ने अदालत में दायर याचिका में ट्रंप की चुनावी जीत के बाद अभूतपूर्व परिस्थिति का हवाला देते हुए न्याय विभाग की नीति के अनुरूप कदम उठाने के लिए समय मांगा था। स्मिथ के इस्तीफे और रिपोर्ट से संबंधित विवाद ने अमेरिकी राजनीति में एक नई बहस को जन्म दिया है। ट्रंप की सत्ता में वापसी के साथ ही उनके आलोचकों और विरोधियों के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। न्याय विभाग और अदालत के फैसले आने वाले दिनों में अमेरिकी राजनीति की दिशा तय करेंगे। हालांकि, गारलैंड ने संकेत दिया है कि रिपोर्ट का वर्गीकृत हिस्सा अभी सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। स्मिथ के इस्तीफे के बाद न्याय विभाग के अंदर हलचल तेज हो गई है। ट्रंप ने चुनावी अभियानों के दौरान स्पष्ट किया था कि यदि वह राष्ट्रपति बने तो वह जैक स्मिथ को बर्खास्त कर देंगे। हालांकि, ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले ही स्मिथ ने अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## पेशावर हाई कोर्ट ने 100 अफगान संगीतकारों के निर्वासन पर लगाई रोक

पेशावर। पेशावर हाई कोर्ट ने पाकिस्तान में राजनीतिक शरण चाहने वाले 100 से अधिक अफगान संगीतकारों के जबरन निर्वासन पर रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने संघीय सरकार को उनके मामलों पर दो महीने के अंदर फैसला करने का निर्देश भी दिया है। पेशावर हाई कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने पूरी दलीलें सुनने के बाद मामले का निपटारा करते हुए सुरक्षा एजेंसियों को दो महीने के दौरान उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति वकार अहमद की अध्यक्षता वाली पीठ ने हशमतुल्ला द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। जिसने तर्क दिया कि वे अफगानिस्तान के थे, लेकिन तालिबान सरकार की स्थापना के बाद पाकिस्तान चले गए क्योंकि उनका जीवन खतरे में था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वे पहले ही अपनी आजीविका खो चुके हैं और पाकिस्तान में, उन्हें और अधिक उत्पीड़न और जबरन निर्वासन की धमकियों का सामना करना पड़ा, जो मानवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत पाकिस्तानी सरकार उन्हें जबरन निर्वासित नहीं कर सकती।

## मध्य यमन में गैस स्टेशन पर विस्फोट में गई 15 की जान



**सना।** मध्य यमन के अल बायदा प्रांत में एक गैस स्टेश पर विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई है और 67 लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट शनिवार को बायदा प्रांत के जहेर जिले में हुआ। मंत्रालय के अनुसार, विस्फोट में घायल 67 लोगों में से 40 की हालत गंभीर है। साथ ही बचाव दल लापता लोगों की भी तलाश कर रहे हैं। फिलहाल विस्फोट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विस्फोट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें भीषण आग दिखाई दे रही है। आग की वजह से आसमान में छाए धुएं के गुबार और जल्दी गाड़ियां साफ दिख रही हैं। बतादें कि बायदा पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है, जो एक दशक से अधिक समय से यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के साथ युद्ध में हैं। यमन का गृहयुद्ध 2014 में शुरू हुआ, जब विद्रोहियों ने राजधानी सना और देश के अधिकांश उत्तरी हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया, जिससे सरकार को दक्षिण, फिर सऊदी अरब भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को बहाल करने के प्रयास में, सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने मार्च 2015 में युद्ध में प्रवेश किया, जिसे उस समय अमेरिका का समर्थन प्राप्त था।

## नितिन गडकरी व कंगना रनौत ने खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 का किया उद्घाटन

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और अभिनेतत्री से भाजपा सांसद बनीं कंगना रनौत ने महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि खेल महोत्सव का आनंद लेना चाहिए।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसी दौरान जहां प्रतिभागियों की सराहना की वहीं उन्होंने कहा कि हमने इस साल सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मुझे खुशी है कि यह आयोजन अपने सातवें साल में होने जा रहा है। इस मौके पर हम सभी को खेल महोत्सव का आनंद लेना चाहिए। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 में सुबह-सुबह हिस्सा लेने पहुंचे नागपुरवासियों की प्रशंसा की और उनके उत्साह की सराहना की। कंगना ने कहा, कि लोग सुबह-सुबह यहां आए हैं, इससे साबित होता है कि नागपुर एक उत्साही शहर है और यहां के लोग उत्साह से भरे हुए हैं।

इस अवसर पर कंगना ने मीडिया से भी बातचीत की और कहा कि नागपुर में खेल और शारीरिक गतिविधि के लिए जो ऊर्जा और उत्साह है, मेरा मानना है कि अन्य शहरों और गांवों को भी इससे सबक लेते हुए इसे अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ रहने के बारे में यह उत्साह और जागरूकता वाकई उल्लेखनीय है। कंगना ने उत्साहित होते हुए कहा कि हमने भी इसमें हिस्सा लिया, इसमें बहुत आनंद आया।

इस मौके पर कंगना रनौत ने अपनी अपकमिग फिल्म इमरजेंसी के बारे में भी बात की और बताया कि यह पहला अवसर था जबकि हमारी फिल्म की स्क्रीनिंग नागपुर में हुई। इसी बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उक्त फिल्म की तारीफ की और इसे बेहतरीन तथा प्रामाणिक बताया। उन्होंने कहा कि हम तो चाहते हैं कि संपूर्ण देश इस फिल्म को देखे। इस फिल्म की रिलीज डेट 17 जनवरी है।

## 2019 में उद्धव ठाकरे ने हमें दिया धोखा : अमित शाह

**शिरडी (एजेंसी)।** उद्धव ठाकरे धोखा देकर मुख्यमंत्री बने। उद्धव ठाकरे ने 2019 में हमें धोखा दिया था। उन्होंने 2019 में बालासाहेब ठाकरे के विचारों को त्याग दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महा विकास अघाड़ी के प्रमुख नेताओं की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र ने शरद पवार की राजनीति को भी जमीन में दफन कर दिया है। वह शिरडी में भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन में बोल रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर कड़ा निशाना साधा। इस बैठक में अमित शाह ने कहा, देवेंद्र फडणवीस दोबारा मुख्यमंत्री बन गए हैं। कई विधायक मंत्री बन गये। असली शिवसेना और असली एनसीपी भी जीत गई। शरद पवार ने छल और कपट की राजनीति की। लोगों ने उन्हें 20 फीट जमीन के नीचे दफनाने का काम किया। उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब ठाकरे के विचारों को त्याग दिया। लोगों ने उन्हें भी उनकी जगह दिखा दी। लोगों ने स्थिर सत्ता देने का काम किया है। उनका सपना लोकसभा के बाद विधानसभा में जीत हासिल करना था। लेकिन उनका सपना टूट गया। यह हमारी महान विजय है। इस जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है। गृह मंत्री ने आगे कहा, इस देश में विचारधारा की राजनीति चल रही है। लोगों ने परिवारवाद की राजनीति करने वालों को नकार दिया है। अमित शाह ने आगे कहा, महाराष्ट्र के लोगों ने साबित कर दिया है कि वे हिंदू और सनातन



विचारधाराओं में विश्वास करते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। इस साल हरियाणा में हम तीसरी बार जीते। आंध्र प्रदेश में एनडीए की जीत हुई। उड़ीसा में भी बहुमत की सरकार बनी। सिक्किम में भी हम जीते। हम महाराष्ट्र में भी जीते।

# सीरिया में दरगाह पर किए गए हमले को किया नाकाम

**दमिश्क।** सीरिया की खुफिया एजेंसी ने दावा किया है कि उसने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले को नाकाम कर दिया है। यह हमला दमिश्क के पास स्थित सैयदा जैनब दरगाह पर होने वाला था, जिसे समय रहते नाकाम कर दिया और हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। यह दरगाह शिया मुसलमानों का पवित्र स्थल है। यह घटना पिछले महीने बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद आईएस के फिर से सक्रिय होने की आशंका को बढ़ाती है।

सीरिया में कट्टर सुन्नी विचारधारा वाले एचटीएस के सत्ता पर काबिज होने के बाद से शियाओं और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों का भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है। हालांकि एचटीएस ने सबको साथ लेकर चलने की बात कही है। इस गुट का नेता अलकायदा और आईएसएस से जुड़ा रहा अबू मोहम्मद जुलानी है। दमिश्क से 10 किलोमीटर दक्षिण में ये दरगाह स्थित है। ये जगह पूरी दुनिया के शिया तीर्थयात्रियों के लिए आस्था का केंद्र है। सीरिया में 13 साल के गृह युद्ध के दौरान भी इस दरगाह की रक्षा एक अहम मुद्दा थी।

इराक-ईरान समेत कई देशों से शिया लड़ाके इस दरगाह की हिफाजत के लिए सीरिया पहुंचे थे। इस्लामिक स्टेट किसी की भी दरगाह को गलत कहता है और ऐसी जगहों पर हमलों को अंजाम देता है। आतंकी समूह आईएस ने पहले भी इस दरगाह के अंदर और आसपास हमले किए हैं। ये पश्चिम एशिया के सबसे प्रमुख शिया धार्मिक स्थलों में है। पैगंबर मोहम्मद साहब के परिवार से होने के साथ ही पैगंबर की शिक्षाओं और विरासत को संरक्षित करने में भूमिका निभाने और विपरीत परिस्थितियों में अटूट धैर्य रखने के लिए सैयदा जैनब का मुसलमानों के बीच बहुत सम्मान है। सीरिया में सुन्नी बहुसंख्यक हैं, जबकि शिया अल्पसंख्यक हैं। सैयदा जैनब दरगाह पर हमले की कोशिश क्षेत्र में शिया और सुन्नी गुटों के बीच तनाव को दर्शाती है। यह घटना सीरिया के जटिल राजनीतिक और धार्मिक परिदृश्य को भी उजागर करती है। नई सरकार के लिए विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शांति और सुरक्षा बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी। एक्सपर्ट का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सीरिया में स्थिरता लाने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी।



युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने किया खुलासा, कहा

# मैं कपिल देव के सिर में मारना चाहता था गोली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने एक दिल दहलाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वो टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कपिल देव को मारना चाहते थे। योगराज सिंह ने 1980-81 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे के दौरान भारत के लिए एक टेस्ट और छह वनडे मैच खेले। योगराज सिंह ने इसका खुलासा भी किया कि वो आखिर क्यों कपिल देव को मारना चाहते थे। योगराज सिंह ने अनफिल्टर्ड बाय समदिश पर कहा कि जब कपिल देव भारत, उत्तरी क्षेत्र और हरियाणा के कप्तान बने, तो उन्होंने बिना किसी कारण के मुझे टीम बाहर कर दिया। मेरी पत्नी (युवी की माँ) चाहती थीं कि मैं कपिल से सवाल पूछूं और मैंने उनसे कहा कि मैं इसआदमी को सबक सिखाऊंगा।



**कपिल देव को गोली मारने गए थे योगराज सिंह** – योगराज सिंह ने कहा कि मैंने अपनी पिस्तौल निकाली और सेक्टर 9 में कपिल के घर गया। वह अपनी मां के साथ बाहर आया। मैंने उसे एक दर्जन गाली दी। मैंने उससे कहा कि तुम्हारी वजह से मैंने एक दोस्त खो दिया है और तुमने जो किया है, उसकी कीमत तुम्हें चुकानी पड़ेगी। मैंने उससे कहा कि मैं तुम्हारे सिर में गोली मारना चाहता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर पाऊंगा क्योंकि तुम्हारी एक बहुत ही पवित्र मां है, जो यहां खड़ी हैं। फिर मैंने शबनम से कहा कि चलो यहां से चलते हैं। योगराज सिंह ने आगे बताया कि यही वो पल था जब मैंने तय किया कि मैं क्रिकेट नहीं खेलूंगा, युवी खेलेगा। योगराज ने टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर बिशन सिंह बेदी पर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि बिशन सिंह बेदी समेत इन लोगों ने मेरे खिलाफ साजिश रची। मैंने बिशन सिंह बेदी को कभी माफ नहीं किया। वह व्यक्ति बिस्तर पर ही मर गया। जब मुझे टीम से बाहर किया गया तो मैंने चयनकर्ताओं में से एक रवींद्र चड्ढा से बात की। उन्होंने मुझे बताया कि बिशन सिंह बेदी (मुख्य चयनकर्ता) मुझे नहीं चुनना चाहते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि मैं सुनील गावस्कर का आदमी हूं और मैं मुंबई में क्रिकेट खेल रहा था। मैं गावस्कर के बहुत करीब था।

### कपिल देव ने मांगी थी माफी

योगराज ने यह भी बताया कि इतने साल में उन्होंने कपिल देव के बारे में कभी बात नहीं की। उन्होंने कहा कि 2011 में जब भारत ने विश्व कप जीता था, तो सिर्फ एक ही व्यक्ति रो रहा था और वह कपिल देव थे। योगराज ने आगे कहा कि मैंने कपिल को एक पेपर कटिंग भेजी थी कि मेरे बेटे ने विश्व कप में आपसे बेहतर प्रदर्शन किया है। योगराज ने यह भी याद किया कि कपिल देव ने उनसे माफी मांगी थी। योगराज ने कहा कि कपिल ने मुझे व्हाट्सऐप पर एक संदेश भेजा था जिसमें कहा गया था कि अगले जन्म में हम भाई होंगे। हम अगले जन्म में एक ही मां से पैदा होंगे। वह मुझसे मिलना चाहता था, लेकिन बदला लेना है और यह अभी भी दुख देता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए न्यूजीलैंड ने किया 15 सदस्यीय टीम का एलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए न्यूजीलैंड ने 15 सदस्यी टीम का ऐलान कर दिया जिसमें तेज गेंदबाज बेन सियर्स और विल ओ'रूर्के के अलावा ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को भी शामिल किया गया। इस टूर्नामेंट के लिए बेन सियर्स को भी वनडे टीम में शामिल किया गया है जो कीवी टीम के लिए एक टेस्ट और 17 टी20 मैच खेल चुके हैं। विल ओ'रूर्के ने भी सभी प्रारूपों में प्रभावित किया है, लेकिन टेस्ट प्रारूप में उनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा है।

इस टूर्नामेंट में कीवी टीम की कप्तानी मिचेल सैंटनर करेंगे जबकि नाथन स्मिथ टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे जो निचले क्रम पर अच्छी बल्लेबाजी करते हैं साथ ही तेज गेंदबाजी भी करते हैं। नाथन स्मिथ इस टीम में काफी हद तक टिम साउथी की जगह को भरते हुए नजर आ सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कीवी टीम को पाकिस्तान में होने वाले ट्राई सीरीज में भी हिस्सा लेना है और उसमें भी यही टीम खेलती हुई नजर आएगी। इस ट्राई सीरीज में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड के अलावा साउथ अफ्रीका भी हिस्सा लेगा।




### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए न्यूजीलैंड की टीम

मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रुरके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग।

मिचेल सैंटनर पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे तो वहीं इस टीम में केन विलियमसन और टॉम लाथम जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी जगह दी गई है। टीम में मार्क चैपमैन, रचिन रवींद्र और विल यंग भी हैं जबकि स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल के भी टीम का हिस्सा बनाया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में न्यूजीलैंड को पाकिस्तान, बांग्लादेश और भारत के साथ वाले ग्रुप में रखा गया है। लॉकी फर्ग्यूसन अगर उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज जैकब डफी को रिजर्व के रूप में रखा है।



# रोहित-कोहली का भविष्य तय करेगी चैंपियंस ट्रॉफी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था. इसके चलते भारतीय टीम ने 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवा दी थी. साथ ही भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा चक्र के फाइनल में भी नहीं पहुंच सकी थी. ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने 11 जनवरी (रविवार) को मुंबई में रिव्यू मीटिंग बुलाई.

### बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर हुई गंभीर चर्चा

सूत्र ने आगे बताया, बैठक में टीम के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा हुई, खासकर बल्लेबाजी लाइन अप पर. प्रबंधन यह समझना चाहता था कि मजबूत लाइन-अप होने के बावजूद भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पा रहे हैं. साथ ही, मुख्य कारण और उसके सुधार पर भी चर्चा हुई. सभी बातों पर गौर किया गया है और चैम्पियंस ट्रॉफी के तुरंत बाद कुछ कदम उठाए जाएंगे. एक सदस्य ने यह भी बताया कि टीम घरेलू मैदान पर सीरीज हार गई, जो दर्शाता है कि कुछ गड़बड़ है और उन्होंने इस पर स्पष्टीकरण मांगा.

### कोहली-रोहित के फ्यूचर पर मीटिंग में हुई चर्चा

इस मीटिंग का उद्देश्य यह समझना था कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के साथ क्या गलत हुआ. रिव्यू मीटिंग में कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच गौतम गंभीर, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला शामिल हुए. यह बैठक करीब 2 घंटे तक चली. मैनेजमेंट ने इस दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भारतीय टीम के प्रदर्शन की समीक्षा की, जहां रोहित ब्रिगेड को अपने घर में टेस्ट सीरीज में 0-3 से करारी हार झेलनी पड़ी थी.

सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में रोहित शर्मा और विराट कोहली के प्रदर्शन पर चर्चा हुई. समझा जाता है कि दोनों खिलाड़ियों को मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कहा गया है. साथ ही मीटिंग में रोहित शर्मा की कप्तानी को लेकर भी बात हुई. पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्र ने आजतक को बताया, अभी कुछ नहीं होने वाला है, लेकिन मैनेजमेंट चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद कप्तानी को लेकर फैसला कर सकता है।

# आरसीबी के इस बल्लेबाज को भारतीय टीम में नहीं मिली जगह

### 2024 में 181 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए थे 823 रन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया। भारतीय सेलेक्टर्स ने इस टीम में आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज रजत पाटीदार को मौका नहीं दिया जो घरेलू स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। रजत का प्रदर्शन आईपीएल में भी अच्छा रहा है और वो अपनी टीम आरसीबी के लिए रन बनाने में पिछले सीजन में भी सफल रहे थे।



रजत पाटीदार को आक्रामक बल्लेबाज के रूप में जाना जाता है तो मध्यक्रम के शानदार बल्लेबाज हैं। रजत को भारत के लिए 3 टेस्ट और एक वनडे मैच में खेलने का मौका मिला है, लेकिन टी20 प्रारूप में वो अब तक डेब्यू नहीं कर पाए हैं। रजत लगातार छोटे प्रारूप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटा रहे हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाया है।

### साल 2024 में रजत ने किया शानदार प्रदर्शन

रजत पाटीदार ने साल 2024 में टी20 में काफी अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने 181.6 की स्ट्राइक रेट के साथ कुल 823 रन बनाए। उन्होंने साल 2024 में आरसीबी के लिए खेलते हुए 177.13 की स्ट्राइक रेट के साथ 395 रन बनाए जबकि हाल ही में खत्म हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 186.6 की स्ट्राइक रेट के साथ कुल 428 रन बनाए थे। रजत रन बनाने में निरंतर रहे हैं, लेकिन वो 31 साल के हो चुके हैं और शायद ये बड़ी वजह हो सकती है कि उन्हें भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिल रही है।

### रजत पाटीदार का टी20 क्रिकेट करियर

रजत पाटीदार का टी20 क्रिकेट करियर काफी अच्छा रहा है और उन्होंने अब तक खेले 75 मैचों की 71 पारियों में 158.18 की स्ट्राइक रेट के साथ 2463 रन बनाए हैं। उनका औसत इस दौरान 38.48 का रहा है। रजत ने टी20 प्रारूप में अब तक एक शतक और 24 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं और उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 112 रन रहा है। उन्होंने अब तक 141 चौके और 143 छक्के लगाए हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे बुमराह

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को बड़ा झटका, इंजरी रिपोर्ट में हुआ ये खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होनी है. वहीं 20 फरवरी भारतीय टीम दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट में अपने सफर की शुरुआत करेगी. वहीं भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 23 फरवरी को खेला जाएगा. यानि इस अहम मुकाबले में अब करीब 1.5 महीने का समय रह गया है. लेकिन इससे ठीक पहले टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई है. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में सिडनी टेस्ट के दौरान जसप्रीत बुमराह को इंजरी हो गई थी. इसके बाद उनका स्कैन किया गया था, जिसकी रिपोर्ट सामने आ गई है. इसमें खुलासा हुआ है कि उनकी कमर में सूजन है और वो करीब दो महीने तक मैदान से बाहर रह सकते हैं.

शनिवार 11 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए स्क्वाड का ऐलान किया गया था. इसी दिन बीसीसीआई ने एक मीटिंग भी की थी. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसमें ही बुमराह की इंजरी के बारे में सेलेक्टर्स को डिटेल जानकारी दी गई. बता दें भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मेडिकल टीम लगातार बुमराह की इंजरी को लेकर नजर बनाए हुई थी. पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि उन्हें फ्रैक्चर है. लेकिन रिपोर्ट सामने आने के बाद पता चला है कि उनके कमर में सूजन है.

बीसीसीआई सूत्रों की मानें तो बुमराह को नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है. यहां वो रिहैब करेंगे, जिसमें करीब दो महीने का समय लग सकता है. मार्च के पहले हफ्ते तक ही उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है. बता दें एनसीए उनकी रिकवरी को पहले तीन हफ्ते तक मॉनिटर करेगी. इसके बाद उन्हें दो प्रैक्टिस मैच खेलने होंगे, जहां फिटनेस की जांच की जाएगी. इसमें पास होने के बाद ही भारतीय टीम के लिए खेलने की अनुमति दी जाएगी.

### सेमीफाइनल में खेलने की उम्मीद

ऑस्ट्रेलिया में जसप्रीत बुमराह से जरूरत से ज्यादा गेंदबाजी करवाने का नतीजा टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी में भुगतना पड़ रहा है. जैसा कि हमने पहले ही बताया बुमराह को मार्च के पहले हफ्ते तक ही पूरी तरह फिट हो पाएंगे. तब तक भारत के ग्रुप स्टेज के मुकाबले खत्म हो जाएंगे. भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को खेलेगी, जिसमें बुमराह का खेलना मुश्किल लग रहा है. इसका मतलब है कि अगर टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब होती है तो 4 मार्च को होने वाले इस मैच में बुमराह खेल सकते हैं. हालांकि, अभी ये सिर्फ मौजूदा जानकारी के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है.

# जय शाह के बाद देवाजीत सैकिया बने बीसीसीआई के नये सेक्रेटरी

### प्रभतेज भाटिया को बनाया गया नया कोषाध्यक्ष



**नईदिल्ली, एजेंसी।** असम के पूर्व क्रिकेटर देवजीत सैकिया ने जय शाह की जगह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव पद की जिम्मेदारी संभाल ली है। जय शाह के आईसीसी अध्यक्ष बनने के बाद से ये पद एक महीने से अधिक समय से खाली था। सचिव के तौर पर सैकिया ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के साथ उस बैठक में हिस्सा लिया था जिसे भारत के खराब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आयोजित किया गया था। इस बैठक में कप्तान रोहित शर्मा, कोच गौतम गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी शामिल हुए थे। वहीं पूर्व सचिव जय शाह भी इसका हिस्सा थे। इसके अलावा प्रभतेज भाटिया को बोर्ड का नया कोषाध्यक्ष बनाया गया। असम से ताल्लुक रखने वाले देवजीत सैकिया का बैकग्राउंड बहुआयामी है। उन्होंने क्रिकेट भी खेला और कानून व प्रशासन के क्षेत्र में भी काम किया। प्रथम श्रेणी क्रिकेटर के रूप में सैकिया ने 1990 और 1991 के बीच 4 मैच खेले जिसमें उन्होंने विकेटकीपर के रूप में काम किया। उनका क्रिकेट करियर काफी छोटा था और इस दौरान उन्होंने विकेटकीपर के रूप में 9 शिकार किए जबकि 53 रन बनाने में सफल रहे। क्रिकेट खेलना छोड़ने के बाद सैकिया ने वकालत के क्षेत्र में काम किया और 28 साल की उम्र में में गुवाहाटी उच्च न्यायालय में वकील के रूप में प्रैक्टिस शुरू की।

# अंपायर की बेटी ने बढ़ाई टीम इंडिया की ताकत

### विरोधियों के लिए बनी आफत, स्मृति मंधाना के सामने ठोके 290 रन!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल डेब्यू को अभी महीना भी नहीं बीता और पूरा इंडिया उसकी बात कर रहा है. वजह है उसकी बल्लेबाजी, जो बेलगाम है. भारत के नजरिए से जहां उसका बेखौफ होकर खेलना ताकत है, वहीं विरोधी टीमों के लिए आफत. हम जिनकी बात कर रहे हैं वो एक अंपायर की बेटी हैं. उन्होंने साइकोलॉजी की पढ़ाई की है, ऐसे में जाहिर है कि गेंदबाजों की दिमाग की पढ़ाई कर उनकी मानसिकता को समझना उनके लिए मुश्किल नहीं. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई इस नई स्टार का नाम है प्रतीका रावल, जिन्होंने टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करते हुए अब तक स्मृति मंधाना के सामने 290 रन ठोक दिए हैं.



**अंपायर की बेटी जो बन गई क्रिकेटर** –प्रतीका रावल दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं. वहीं उनके पिता प्रदीप रावल, बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त लेवल 2 के अंपायर हैं. स्कूली दिनों में बास्केटबॉल में गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रतीका को क्रिकेट की अपनी काबिलियत का असली पता कॉलेज के दिनों में चला. बस फिर क्या था शुरू हो गया सफर. उसने बहुत जल्दी ही अपनी प्रतिभा के दम पर टीम इंडिया में कदम रखा.

**आयरलैंड के खिलाफ हल्ला बोल** – प्रतीका का डेब्यू तो वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर 2024 को हुआ था. लेकिन, बल्ले का जोर फिलहाल आयरलैंड के खिलाफ दिख रहा है. 3 वनडे की सीरीज के पहले दो मैचों में वो लगातार दो अर्धशतक जड़ चुकी है. पहले वनडे में 89 रन की पारी खेलने के बाद प्रतीका ने दूसरे वनडे में 83 रन बनाए.

**स्मृति मंधाना के सामने ठोके 290 रन!** – प्रतीका रावल ने डेब्यू से अब तक 5 वनडे खेले जिसमें उसने 32 चौके और 3 छक्के के दम पर 290 रन बनाए हैं. इस दौरान 3 अर्धशतकीय पारियां प्रतीका के बल्ले से निकली. इन सभी मैचों के दौरान क्रीज के दूसरे छोर पर स्मृति मंधाना उनके साथ रहीं. मतलब वो मंधाना की नई ओपनिंग पार्टनर है, जो अब टीम की ताकत और विरोधियों के लिए आफत बनती दिख रही है. व्हाइट बॉल क्रिकेट में टीम इंडिया के पास पहले से ही शेफाली वर्मा जैसी विस्फोटक ओपनर है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश ने किया टीम का एलान 447 मैच खेलने वाले खिलाड़ी को नहीं मिली जगह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में खेली जानी है. 8 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड का ऐलान होना शुरू हो गया है. इंग्लैंड की टीम ने पहले ही अपनी टीम चुन ली थी. अब भारत के एक पड़ोसी देश ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. लेकिन इस टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है. इस खिलाड़ी के पास 447 इंटरनेशनल मैच खेलने का अनुभव है. लेकिन पिछले कुछ समय से ये खिलाड़ी एक विवाद में फंसा हुआ है. चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश की टीम ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. नजमुल हुसैन शांतो इस टीम की कमान संभालेंगे. वहीं, पूर्व कप्तान और अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को टीम में नहीं चुना गया है. हाल ही में शाकिब अल हसन लगातार दूसरी बार बॉलिंग एक्शन के टेस्ट में फेल हुए हैं. ऐसे में उन्हें टीम में नहीं चुना गया है. दूसरी ओर लिटन दास को भी स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है. हालांकि अनुभवी खिलाड़ी महमूदुल्लाह और मुशफिकुर रहीम इस टीम का हिस्सा हैं.



**इन टीमों से होगी बांग्लादेश की टक्कर** – चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बांग्लादेश के ग्रुप में भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें शामिल हैं. वह अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी से करेगी. जहां उसका सामना टीम इंडिया से होगा. ये मुकाबला दुबई में खेला जाएगा. इसके बाद बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान जाएगी. ग्रुप स्टेज में वह अपना दूसरा मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 24 फरवरी को रावलपिंडी में खेलेगी. इसके बाद 27 फरवरी को रावलपिंडी में ही उसकी टक्कर पाकिस्तान से होगी. बता दें, पिछली चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी. ऐसे में वह बाकी टीमों के लिए इस बार भी बड़ी खतरा रहने वाली है.

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश का स्क्वॉड

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), सौम्या सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, एमडी महमूद उल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

# मुद्रास्फीति के आंकड़े, कंपनियों के तिमाही परिणाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**- निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी**

**मुंबई ।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही नतीजों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। बाजार के विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे आने वाले हैं। इसके अलावा निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी। बीते सप्ताह अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने तथा अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई थी। बाजार के विश्लेषकों के मुतो बिक भारतीय शेयर बाजारों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। निवेशक बड़ी कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी एएमसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और एक्सिस बैंक जैसे बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। स्थानीय बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच संघर्ष जारी है। बाजार के एक अन्य विश्लेषक ने कहा कि सोमवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे, जो बाजार के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े मंगलवार को जारी किए जाएंगे। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में तेज गिरावट कई कारणों से आई है। इसमें विदेशी कोषों की निकासी, कंपनियों के तीसरी तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजे, डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार गिरावट और अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ना जैसे कारक शामिल हैं।

# डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगायेगा सेबी

**- सेबी कारोबारी सुगमता और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए करेगा कुछ उपाय**




**मुंबई ।**

पूंजी बाजार नियामक सेबी के एक पूर्णकालिक सदस्य ने हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि सेबी डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सेबी कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएगा जो डेरिवेटिव बाजार में कारोबार को नियंत्रित करे। उन्होंने बताया कि सेबी कारोबारी सुगमता और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए कुछ उपायों पर विचार कर रहा है, परन्तु डेरिवेटिव खंड में कोई प्रतिबंध नहीं लगाने का इरादा है। उन्होंने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा नियंत्रित एनआईएसएम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेबी दर्शकों के लिए उपयुक्तता और अनुकूलता को ध्यान में रख रही है और नकद बाजार और डेरिवेटिव बाजार के बीच संबंध को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। इस बयान के साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सेबी किसी तरह के डेरिवेटिव खंड में गतिविधि को रोकने की स्थिति में नहीं है और उसे बरकरार रखने का निश्चित करेगी।

उन्होंने उन सभी का समर्थन किया जिन्होंने सेबी के विचारों की प्रशंसा की है और सहमति जताई है कि डेरिवेटिव बाजार में कोई प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी स्पष्ट किया कि डेरिवेटिव को लेकर किसी भी बदलाव को सावधानी से देखा जाएगा और उसे सभी पक्षों के सुझाव को ध्यान में रखकर ही लागू किया जाएगा।

सेबी के इस प्रकार के निर्णय से बाजार के साथी उत्थान और विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत मिला है। इस सावधानीबद्ध कदम के साथ सेबी ने स्वतंत्र कारोबार को बढ़ावा देने का संकेत दिया है और बाजार में निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया है।

# स्टॉक में आई गिरावट, महंगा हो जाएगा गेहूं

**चावल का भंडार रिकॉर्ड स्तर के पार**



**नई दिल्ली ।**

भारत में चावल के बढ़ते भंडार ने जनवरी माह में सबसे ऊंचा स्तर छू लिया है जो देश के निर्यात की गति को तेज करने के लिए एक अवसर प्रदान कर सकता है। चावल के सरकारी भंडार में पहुंची मात्रा सरकार के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है, लेकिन इस समय गेहूं की कमी के चलते बाजार में चिंता की स्थिति है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अनुसार चावल के कुल स्टॉक जनवरी तक 60.9 मिलियन टन पहुंच गया है, जबकि निर्धारित लक्ष्य 7.6 मिलियन टन है। इस बढ़ते भंडार के साथ चावल के निर्यात में भी वृद्धि दर्शाई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि चावल की इतनी बड़ी मात्रा का भंडार एक चुनौती पैदा कर सकता है, जबकि गेहूं की सीमित उपलब्धता बाजार में चिंता फैला रही है। गेहूं के स्टॉक 1 जनवरी तक 18.4 मिलियन टन था, जो कि सरकार के लक्ष्य से अधिक है, लेकिन पिछले साल की औसत से काफी कम है। सरकार की ओर से मार्च 2025 तक 2.5 मिलियन टन गेहूं की बेचने की योजना बनाई गई है, जो पिछले साल के मुकाबले कम है। इसके चलते बाजार में गेहूं की कमी महसूस हो रही है। काकीनाड़ा के एक चावल निर्यातक ने बताया कि धान की खरीदारी जारी रहने से भंडारण की समस्या और गंभीर हो सकती है और सरकार को इन चुनौतियों का सामना करना होगा। चावल के भंडार और गेहूं की कमी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती सामने खड़ी है। इस असंतुलन को देखते हुए सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे ताकि गेहूं की पुनः उपलब्धता में सुधार हो सके और बाजार को स्थिरता मिले।

# इस सप्ताह 5 नए आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे

**- मेनबोर्ड और 4 एसएमई आईपीओ शामिल**

**नई दिल्ली ।**

आगामी हफ्ते शेयर बाजार में एक महामेला की तैयारी है, जिसमें अनेक बड़ी कंपनियों के आईपीओ और लिस्टिंग की घोषणा की गई है। 13 से 17 जनवरी के बीच 5 नए आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे, जिनमें मेनबोर्ड और 4 एसएमई आईपीओ शामिल हैं। इसके साथ ही 8 कंपनियों के शेयरों की भी लिस्टिंग होगी। मेनबोर्ड पर आ रहे हैं क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड, स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड और स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड। एकमात्र मेनबोर्ड आईपीओ, लक्ष्मी डेंटल आईपीओ के साथ एसएमई सेगमेंट में भी काबरा ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ होगा। इनके अलावा रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड और लैंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स लिमिटेड भी आईपीओ शुरू कर रहे हैं। इस उत्सव में इंडोबेल इंसुलेशन, एवैक्स अपैरल्स एंड ऑर्नामेंट्स, बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेल्टा ऑटोकॉर्प और सत करतार शॉपिंग भी शामिल हैं। आगामी सप्ताह शेयर बाजार में महामेला का आनंद उठाएं और निवेश करने के लिए तैयार रहें। यह महामेला नए निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत कर सकता है। इस पूरे महीने आईपीओ की सतर्कता बनी रहेगी और निवेशकों को सूचित रहने की




आवश्यकता है। हर कंपनी की विशेषता, इश्यू के विवरण और मार्केट डायनामिक्स पर ध्यान देना जरूरी है, ताकि स्मार्ट निवेश कर सकें। इस तरह के मौके बिना सही जानकारी के इस्तेमाल करने से नुकसान की संभावना हो सकती है।

# सोने के आभूषणों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ाः जीजेईपीसी

**- हीरे के निर्यात में 10 प्रतिशत की गिरावट**

**कोलकाता ।**

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा कि वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में सोने के आभूषणों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि हीरे के निर्यात में 10 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसमें अमेरिका को हीरे के निर्यात में सुधार की उम्मीद जताई गई है। चीन की सुस्त मांग की वजह से हीरे के निर्यात में चिंता बनी हुई है, लेकिन अमेरिका में त्योहार के दौरान मांग में वृद्धि की संकेत मिल रही है। जीजेईपीसी के अधिकारियों ने इस संदर्भ में उम्मीद जताते हुए कहा कि उनका मानना है कि अब बुरा समय` निकल गया है और आगामी वर्षों में मद्देनजर 10-15 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। इसके साथ ही जीजेईपीसी ने वैश्विक जेनेरिक प्रोत्साहन पर भी 150 करोड़ रुपये का निवेश किया है। आभूषण उद्योग के विकास और अमेरिका की मांग में सुधार की



उम्मीद को ध्यान में रखते हुए जीजेईपीसी ने पश्चिम बंगाल के सिंगूर को एक वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की योजना बताई है। यह योजना स्थानीय कारीगरी विरासत को बढ़ाने और कई रोजगार के अवसर प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। सिंगूर के विकास में हुगली जिले के सुव्यवे स्थित स्थान का भी अहम योगदान है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-2 और कोलकाता हवाई अड्डे के निकट है। इस विकास योजना से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलने की उम्मीद है और स्थानीय उद्योगों को भी बढ़ावा प्राप्त होगा।

## डी-मार्ट का दिसंबर तिमाही में मुनाफा बढ़कर 723.5 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली ।** खुदरा स्टोर श्रंखला डी-मार्ट को संचालित करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्केट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफा 4.8 प्रतिशत बढ़कर 723.54 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 690.41 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 17.68 प्रतिशत बढ़कर 15,972.55 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,572.47 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि तीसरी तिमाही में मुनाफा मार्जिन 4.5 प्रतिशत रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5.1 प्रतिशत था। कंपनी का कुल खर्च अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 18.52 प्रतिशत बढ़कर 15,001.64 करोड़ रुपये रहा। एवेन्यू सुपरमार्ट्स की कुल आमदनी समीक्षाधीन अवधि में 17.57 प्रतिशत बढ़कर 15,996.69 करोड़ रुपये हो गई।




## एफपीआई ने जनवरी में अब तक शेयर बाजार से 22,194 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने भारतीय शेयर बाजारों से 22,194 करोड़ रुपये की निकासी की है। यह निकासी दिसंबर माह के 15,446 करोड़ रुपये के निवेश के बाद आई है। विदेशी निवेशकों का एफपीआई बिकवाली के पीछे कुछ कारकों का इसमें जिम्मेदार माना जा रहा है। कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने, डॉलर में मजबूती, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में शुल्क युद्ध तेज होने और साथ ही भारतीय बाजारों में असमंजस के कारण इस बिकवाली का मुख्य कारण भी माना जा रहा है। भारतीय रुपये के निचले स्तर अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण भी विदेशी निवेशकों ने अपना निवेश घटाया है। अनुसंचारित आंकड़ों के अनुसार इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 22,194 करोड़ रुपये निकाले हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी, 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल और अन्य कारकों के कारण निवेशक उभरते बाजारों से निकासी कर रहे हैं। बीते साल उन्होंने भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं 2023 में उन्होंने 1.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।

## ओपीजी मोबिलिटी की 400 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

**जुटाये गए धन का उपयोग कंपनी पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए करेगी**

**नई दिल्ली ।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग के साथ ईवी विनिर्माता ओपीजी मोबिलिटी ने अपनी वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए अगले 18 से 24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि यह धन उनके पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए उपयोग किया जाएगा। ओपीजी मोबिलिटी की तरफ से एक बड़ा कदम उठाते हुए अे धिकारी ने बताया कि कंपनी फेराटो ब्रांड के तहत दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर और एक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी का तिपहिया कारोबार ओटीटीओपीजी ब्रांड के तहत रहेगा। इस साल ओपीजी मोबिलिटी ने इलेक्ट्रिक यात्री खंड में उतरने का निर्णय लिया है और कंपनी देशभर में अपने बिक्री और सेवा नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है। अधिकारी ने बताया कि ये निवेशकों के लिए कोई जोखिम नहीं होगा। पूंजी जुटाने को लेकर अे धिकारी ने कहा कि कंपनी 18-24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रख रही है। निवेशकों को एक मजबूत उत्पाद वितरण और सेवा नेटवर्क देना है। हमारा लक्ष्य निजी इक्विटी प्राप्त करना है, चाहे वह रणनीतिक निवेशक हो या गैर-रणनीतिक निवेशक। फिर हम आगे बढ़ेंगे और दीर्घावधि में सफल होंगे।

## इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ी कमजोरी संभावितः आईएमएफ

**- चीन में मुद्रास्फीति और मांग की चुनौतियों का सामना करना भी आईएमएफ के लिए हो सकता है मुश्किल**

**मुंबई ।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने स्वीकार किया कि भले ही दुनियाभर में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहेगी, लेकिन 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ी कमजोरी संभावित है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बनी रहेगी, खासकर अमेरिका की व्यापार नीति के चलते। जॉर्जीवा ने उम्मीद जताई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में थोड़ी कमजोर रहेगी। उन्होंने बताया कि भारत के अलावा चीन में मुद्रास्फीति और मांग की चुनौतियों का सामना करना भी आईएमएफ के लिए मुश्किल हो सकता है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, कनाडा और मैक्सिको पर शुल्क लगाने की योजना की घोषणा का माध्यम उचित नहीं माना, कारण रखते हुए कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को और अधिक अनिश्चितता का सामना करना पड़ सकता है। जॉर्जीवा ने आगे कहा कि अमेरिका के नीतिगत कदम, खासकर शुल्क और कर वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण हैं और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं।

## आगामी बजट में बायोगैस उत्पादन पर कॉरपोरेट कर की छूट चाहता है आईबीए

**- निवेश को बढ़ावा मिलेगा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करेगा।**




**नई दिल्ली ।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने वित्त मंत्रालय से आगामी बजट में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) उत्पादन के लिए पूरी तरह कॉरपोरेट कर की छूट देने की मांग की है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करेगा। आईबीए ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखकर इस मांग को मुख्य किया है। उद्योग निकाय ने कहा है कि सीबीजी उत्पादकों को पूर्ण कर राहत दी जानी चाहिए। आईबीए के अनुसार देश में कुल 100 सीबीजी संयंत्र चालू हैं और कुल सीबीजी की बिक्री लगभग 1,200 करोड़ रुपये तक पहुंची है। इसके बाद भी कर माफ करने के बाद सरकार को करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। इस मामले में कर छूट से सीबीजी उत्पादकों को अपने उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बेचने में मदद मिलेगी। आईबीए ने बताया कि इस कदम से भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल कर सकेगा और निजी निवेश प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। इसके अलावा, बायोगैस के उत्पादन में कृषि अवशेषों का उपयोग बढ़ाएगा और प्रदूषण कम करने में मदद करेगा।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,85,952.31 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई है। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,844.2 अंक नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 573.25 अंक के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और शीर्ष 10 की सूची में हाल में शामिल हुई एचसीएल टेक्नोलॉजीज की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 70,479.23 करोड़ रुपये घटकर 12,67,440.61 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 46,481 करोड़ रुपये घटकर 5,56,583.44 करोड़ रुपये, एसबीआई की बाजार हैसियत 44,935.46 करोड़ रुपये घटकर 6,63,233.14 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 12,179.13 करोड़ रुपये घटकर 16,81,194.35 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 11,877.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,81,501.01 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के` विपरीत टीसीएस की बाजार हैसियत 60,168.79 करोड़ रुपये बढ़कर 15,43,313.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इसके बाद शुक्रवार को कंपनी का शेयर छह प्रतिशत चढ़ गया।एचसीएल टेक का बाजार मूल्यांकन 13,120.58 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,539.01 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 11,792.44 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,16,626.78 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,999.41




करोड़ रुपये बढ़कर 9,19,933.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 8,564.26 करोड़ रुपये बढ़कर 5,73,758.44 करोड़ रुपये रही।सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एचसीएल टेक का स्थान रहा।

# सुधार के साथ बंद हुई तेल-तिलहन की कीमत

**- सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि सोयाबीन की मांग निरंतर बढ़ रही है**

**नई दिल्ली ।**

शिकागो एक्सचेंज की मजबूती ने बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहनों के दामों में सुधार की ओर बढ़ावा किया। इस दौरान मूंगफली तेल को छोड़कर सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन, मूंगफली तिलहन और बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों के मुताबिक सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि सोयाबीन की मांग निरंतर बढ़ रही है। सरसों का जो स्टॉक है, वह सहकारी संस्थाओं के पास है जो इसकी बिकवाली में संतुलन बनाए रख रहे हैं। सोयाबीन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दामों में भी सुधार दिखाई दिया। मूंगफली खल के भाव मामूली सुधार के साथ बंद हुए, जबकि मूंगफली तेल के दाम पर निर्यात की कमजोर मांग के कारण कोई विशेष बदलाव नहीं आया। विदेशों में पाम और पामोलीन की कीमतों में गिरावट होने के बावजूद, तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिला। कपास की सीड के दामों में भी थोड़ी उलटाव दिखाई दी, जिसे बीते हफ्ते सीसीआई ने बिनौला सीड की बिक्री रोककर दिखाया।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 125 रुपये सुधार के साथ 6,650-6,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 200 रुपये की बढ़त के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,340-2,440 रुपये और 2,340-2,465 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 35-35 रुपये की बढ़त के साथ क्रमशः 4,335-4,385 रुपये और 4,035-4,135 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 650 रुपये, 400 रुपये और 650 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 13,750 रुपये, 13,350 रुपये और 9,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार आया। मूंगफली तिलहन का भाव 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ 5,825-6,150 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 14,000 रुपये और 2,125-2,425 रुपये प्रति टिन पर अपरिवर्तित बंद हुए। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 100 रुपये सुधरकर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 200 रुपये की बढ़त के साथ 14,200 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये की तेजी के साथ बंद हुआ।

## नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जी-क्लास ईक्यूजी 580 लॉन्च

**नई दिल्ली।**

भारत में मर्सिडीज-बेंज ने नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जी-क्लास ईक्यूजी 580 को लॉन्च किया है। यह कंपनी की लग्जरी इलेक्ट्रिक गाड़ियों के सेगमेंट में एक नई दिशा को चिह्नित करती है। इस अत्याधुनिक एसयूवी की एक्स-शोरूम कीमत 3 करोड़ रुपये है। इस वाहन में 116 केडब्ल्यूएच की बैटरी है, जो चार इलेक्ट्रिक मोटरों से जुड़ी हुई है और यह 587 पीएस की पावर और 1,164 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करती है। इस दमदार पावर के साथ, ईक्यूजी 580 महज 4.7 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की गति पकड़ सकती है। कंपनी का दावा है कि इसकी बैटरी फुल चार्ज होने पर 473 किमी तक की रेंज प्रदान करती है, जिससे यह लंबी दूरी की यात्रा के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाती है। इसके अलावा, इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को 32 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है, जो इसके फास्ट-चार्जिंग क्षमता को दर्शाता है। ईक्यूजी 580 में प्रीमियम सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा गया है। भारत में इसे पेश किया गया है और इसे 2025 में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में भी दिखाया जाएगा। यह मर्सिडीज-बेंज के इलेक्ट्रिक वाहनों की नई दिशा और भारतीय बाजार में उनकी उपस्थिति को और मजबूत करेगा।




# एनसीसी कर साइक्लोथोन कर एयर फोर्स इस्टेसन में सोवागत



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश एनसीसी कर 15 सदस्यीय साइक्लोथोन दल कर सहर आगमन में भव्य सोवागत करल गेलक। 1 जनवरी के मेरठ से 1900 किमी कर साइकिल जात्रा में निकलल 15 सदस्यीय दल कर एयर कमोडोर मनीष सिन्हा एयर फोर्स इस्टेसन बमरौली कर प्रांगन में झंडी देखाय के सोवागत करलयं। 5 गो छात्रा संगे ई दल प्रदेश में 1857 कर क्रांति कर प्रमुख अस्थान में श्रद्धांजलि अर्पित कइर के नगर वासीमन के ई ऐतिहासिक घटना कर पूरा जानकारी देवी। जुवा पीढ़ी के आपन पूर्वजमन कर बलिदान कर याइद दिलाते खुद के ससक्त भारत बनायेक कर प्रति प्रतिबद्ध करी।

रोजाना औसतन 112 किमी कर 17 दिवसीय जात्रा कर अंत में ई दल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह कर श्रृंखला में आयोजित एनसीसी कर पीएम रैली कर दौरान फ्लैग इन करल जाई।



# आपन लछ कर निर्धारन हरेक जुवा के करेक चाही : डॉ अजीत कुमार सिन्हा

- रांची विश्वविद्यालय कर एनएसएस इकाई मनायलक राष्ट्रीय युवा दिवस

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय कर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई कर तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद कर 163वीं जयंती के राष्ट्रीय युवा दिवस कर रूप में मनालक। इई अवसर में 'बिकसित भारत कर निर्मान में स्वामी विवेकानंद कर बिचार' बिसय उपरे संगोष्ठी आउर भासन प्रतिजोगिता कर आयोजन आरयू कर स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन बिभाग केर सभागार में करल गेलक। मानविकी संकाय कर अध्यछ डॉ अर्चना दुबे इकर अध्यछता करलयं। कार्जक्रम केर मुध गोतिया आरयू कर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा कहलयं कि आपन लछ कर निर्धारन हरेक जुवा के जरूर करेक चाही, जो स्वामी जी कर बिचार में भी परिलछित होवेला। ऊ भारतीय ज्ञान परंपरा आउर गुरु सिष्य परंपरा कर उदाहरन देते कहलयं कि हरेक बिद्यार्थी आपन भासा, संस्कृति आउर संस्कार अपनाते आगे बढ़यं। डॉ सिन्हां कहलयं कि विवेकानंद कर बिचार में बिकसित भारत कर संकल्पना दिखाई देवेला। हरेक जुवा इनकर बिचार के आत्मसात करते बिकसित भारत कर निर्मान में आपन बहुमूल्य जोगदान देवयं। आपन अध्यछीय संबोधन में मानविकी संकायाध्यछ डॉ अर्चना दुबे कहलयं कि स्वामी जी खली एगो आदमी नई, मुदा भारत ले बैश्विक पहचान हयं। उनकर आध्यात्मिक, वेदांत, कर्मयोग आउर दरसन के हमेसा याइद रखते सउब के बिकसित भारत कर दिसा में अग्रसर होवेक चाही। कार्जक्रम के आरएलएसवाई महाविद्यालय कर प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो, डॉ रणधीर कुमार भी संबोधित करलयं।

स्वागत भासन एनएसएस कर कार्जक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार देलयं। कार्जक्रम कर संचालन एनएसएस कर टीम लीडर अतुल कुमार करलयं। धन्यवाद मास कॉम कर प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार शर्मा करलयं।

कार्जक्रम के सफल बनाएक में एनएसएस कर टीम लीडर अंकित, कनिष्क, रौनक, रिकेश, क्षणिका, नैंसी, शिवांगी, उदय, अजहर, रिया,नाज, अमित, अदनान, नीरज, अनुष्का, अनिशा, अनुपमा, रानी, हर्षिता, सुमन कर जोगदान रहे। कार्जक्रम में 16 गो महाविद्यालय आउर विश्वविद्यालय बिभाग से 150 से बेसी एनएसएस कर स्वयंसेवक उपस्थित रहयं।





## एबीवीपी विवेकानंद कर जयंती के राष्ट्रीय युवा दिवस कर रूप में मनालक

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) स्वामी विवेकानंद कर जयंती के राष्ट्रीय युवा दिवस कर रूप में मनाते महानगर कर बिभिन्न सैछनिक परिसर में एतवार के कतई किसिम कर कार्जक्रम कर आयोजन करलक। राम लखन सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस कर अवसर में एबीवीपी बर्तमान परिदृस में विवेकानंद कर बिचार कर प्रासंगिकता बिसय उपरे संगोष्ठी आउर बिकसित भारत में जुवामन कर भूमिका बिसय उपरे इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज में भासन प्रतिजोगिता कर आयोजन करल गेलक। संगोष्ठी में मुध रूप से महाबिद्यालय कर प्राचार्य डॉ विष्णुचरण महतो, प्राध्यापक भारत कुमार, प्राध्यापक विजय कुमार, प्रदेश सह मंत्री ऋतुराज सहदेव उपस्थित रहयं।



संगोष्ठी में मुध वक्ता कर रूप में महाबिद्यालय कर प्राचार्य डॉ विष्णुचरण महतो कहलयं कि स्वामी विवेकानंद जुवावस्था में हे विश्व पटल में भारत कर परचम लहराय रहयं। ऊ जुवावस्था के संपूर्ण कल मातृभूमि ले समर्पित कइर रहयं। उनकर मानेक रहे कि केउ भी राष्ट्र कर बर्तमान से भविस निर्मान में सउबसे बेसी जोगदान ऊ राष्ट्र कर जुवामन कर होवेला। स्वामी विवेकानंद कर सिछा आइज भी एकदम प्रासंगिक हय। उनकर सिछा के अगर हमिन जिनगी में उताइर लेब तो राष्ट्र कय प्रति समर्पित भाव से काम करेक कर ऊर्जा सउब जुवामन के मिली। एबीवीपी रांची महानगर इकाई कर दन से युवा दिवस कर पूर्व संध्या में दीपोत्सव आउर युवा दिवस कर अवसर में बड़ा तालाब इस्थित प्रतिमा में माल्यार्पन आउर रांची महानगर कार्यालय में संगोष्ठी कार्जक्रम भी आयोजित करल गेलक।

# अंकुर क्लब बारसिक रक्तदान सिबिर कर करलक आयोजन

सोनू सपरवार

**रांची।** डोरंडा कर नॉर्थ ऑफिस पाड़ा इस्थित अंकुर क्लब एतवार के जे.एम.जे. इस्कूल परिसर में रक्तदान सिबिर कर आयोजन करलक। अंकुर क्लब कर उद्देस मानव कल्यान हय। इकर तहत हर बछर रक्तदान सिबिर, कम्बल आउर छउवा में इस्कूल बैग बितरन करल जायेला। रक्तदान सिबिर कर संगे मुफ्त स्वस्थ्य आउर मुफ्त नेत्र जांच करल गेलक। छउवामन ले ड्रॉइंग प्रतिजोगिता कर भी आयोजन करल गेलक।




ई कार्जक्रम कर उद्घाटन स्वामी अन्तरानन्द जी महाराज (रामकृष्ण मिशन) कर द्वारा करल गेलक। बिसिष्ट गोतिया हटिया बिधायक नवीन जयसवाल, अंशुल शरण (अध्यछ, युगांतर भारती), श्रीमती सीमा शर्मा (भाजपा नेता), एच.जी. मधुसूदन मुकुंद प्रभु (महाप्रबंधक, इस्कॉन), जे.एम.जे. हाई स्कूल से तीमिर बेक (शिक्षक), जयंत कुमार झा (सीजीएम, मेकॉन लिमिटेड), राम जीवन महतो, श्रीमती देविका सेनगुप्ता, विनय गांगुली, उज्ज्वल भस्कर, डॉ. गौतम दत्ता, श्यामल चटर्जी, धुव्र कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहयं।



ई बछर कुल ब्लड डोनर कर संख्या 70, आंख चेकअप कर संख्या 60 आउर हेल्थ चेकअप कर संख्या 75 रहे। कार्जक्रम कर संचालन अंकुर क्लब कर दन से बासुरीपाल, प्रेमांशु शेखर दास, रमेश धारा, तापस जाना, परिमल पाल, किशोर मांजी, तरून घोष, दिलेश्वर महतो, पीयूष सामन्ता, सीताराम सस्मल, संजय कुमार, रमन प्रसाद, तापस कांडर, बरीन पान, देवराज सेनगुप्ता, सुब्रतो, शिवा, सार्बोनी, सुप्रिया, निवेदिता, सुमोना आउर सुजाता करलयं।

नागपुरी कविता

## अखबार बोलेला



संतोष महली

अखबार बोलेला आउर
बोलते रहेला,अखबार नी
काले बोलते रहेला,
का जाइन'गोइ'का जे
कहेला,मुदा बोलते रहेला
अखबार बोलेला आउर....
चवंकी खटिया,कुरसी पटिया
बेन्च,टेबल हो या मचिया,
बोरा डिसाल में भी नइ चुपेला,
अखबार बोलेला आउर....
फाइट टुइट छिरियाय जायला
बिगाय फेकाय जायला,
काबाड़ी में बेचाय जायला
दिईंयां चइर सिराय खोजेला
सेकरो में काले नी मानेला।
अखबार बोलेला आउर....
चुनु मुनु हो या जवान
छोंड़ा छोंड़ी हो या,बुढ़ा
बुढ़िया,चोर डकइत मन
कर हांथ में खेले खोजेला,
कखनु तो हंसुवाय देवेला
कखनु कंदुवाबो करेला,
बाप रे बाप पावरफुल
आदमी के पानी पियाय देवेला ।
अखबार बोलेला आउर....
हाय आयो सबकर नाम जानेला
पीढ़ी-दर-पीढ़ी कर लेखा जोखा
अपन खोंइछा में राखेला,
जतइ लाड़ाइ झागड़ा मार काट
पेयार मोहाबत,लुटा लुटी,धर पकड़
के अपन छाती में पोटराय चलेला।
अखबार बोलेला आउर....
नेता मंत्री,मुखिया दरवान
गरीब अमीर नोकरियार खेतिहर
सेट महाजन हिरो हिरवाइन मास्टर
मास्टरीन सउब कर पोल खोलेला।
अखबार बोलेला आउर....
सुतल नश-नश के जगुवाय देवेला
बिना काम करले थकुवाय देवेला,
कोढ़ी कादर के चलुवाय देवेला
गुंगा बहिरा के बोलुवाय देवेला,
बोइल-बोइल के हरूवाय देवेला।
अखबार बोलेला आउर
बोलते रहेला,अखबार नी
काले बोलते रहेला,
का जाइन'गोइ'का जे
कहेला,मुदा बोलते रहेला।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com